हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 14.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 142 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये


## एक नजर

### आरबीआई मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को शुक्रवार को एक धमकी भरा ई-मेल मिला। इसमें आरबीआई के मुंबई मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये ई-मेल आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर आया है, जिसमें धमकी रूसी भाषा में दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरबीआई मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल की जानकारी मिलने पर मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहित की संबंधित धाराओं के तहत इस मेल को भेजने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आज सुबह मुंबई स्थित आरबीआई मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिला। इस धमकी के संबंध में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और फिलहाल जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक को यह धमकी भरा ई-मेल आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के आरबीआई के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालने के दो दिन बाद आया है। मल्होत्रा ने शक्तिकांत दास की जगह ली है, जिन्होंने छह साल तक इस पद की जिम्मेदारी संभाली।

### नेंड्रा के जंगल में हुई मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेंड्रा के जंगल में शुक्रवार पुलिस ने एक मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। पुलिसने शव के पास से हथियार भी जब्त किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के नेंड्रा के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस पर इलाके में कोबरा 210, सीआरपीएफ 168 बटालियन की यंग प्लाटून, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों की संयुक्त टीम नेंड्रा के जंगल सुबह 7.30 बजे पहुंच कर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर आता देखकर नेंड्रा के जंगल में मौजूद नक्सलियों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इसके जवाब में जवानों ने नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब देकर फायरिंग की। इस मुठभेड़ में दो वदीर्धारी नक्सली मारे गये हैं। मुठभेड़ में मारे गये दोनों वदीर्धारी पुरुषों के शव बरामद कर लिए हैं।

# मुख्यमंत्री ने पत्नी कल्पना संग की बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर/रांची :** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। तीर्थ पुरोहितों के जरिये पूरे विधि-विधान से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग की पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की।
इससे पूर्व देवघर एयरपोर्ट आगमन पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन का विधायक, सारठ उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आईजी क्रांति कुमार, डीआईजी संजीव कुमार, उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के जरिये स्वागत और अभिवादन किया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन देवघर द्वारा एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## मुख्यमंत्री ने कल्पना संग विधि विधान के साथ बासुकीनाथ में की पूजा-अर्चना



**दुमका :** राज्य में एक बार फिर सत्ता की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को फौजदारी दरबार बासुकीनाथ पहुंचे। जहां उन्होंने पत्नी कल्पना सोरेन संग विधि विधान के साथ बाबा का पूजा अर्चना और श्रृंगार किया। इसके बाद माता पार्वती काली एवं शत्रु संहारिणी बंगलामुखी की पूजा की गई। पूजा के समापन पर मंदिर परिसर में एक भव्य आरती के कार्यक्रम में बाबा बासुकीनाथ सहित मंदिर में मौजूद समस्त देवी-देवताओं की आरती उतारी गई। इस दौरान जरमुंडी के पूर्व विधायक बादल हेमंत के साथ पूजा अर्चना करते नजर आए। वहीं झामुमो नेता सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने फौजदारी नाथ से प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली का कामना किया। उधर जिला प्रशासन की ओर से डीसी अंजनेयुलु दोड्डे सहित अन्य अधिकारियों ने सीएम को फूलों का गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के बासुकीनाथ आगमन को लेकर जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मुस्तैद नजर आए। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बासुकीनाथ धाम को अभेद किला में तब्दील कर दिया गया था। इतना ही नहीं तीर्थ नगरी की साफ-सफाई की व्यवस्था अन्य दिनों की तुलना में कुछ खास नजर आई।

# संसद पर हमले के 23 साल पूरे... मोदी, राहुल समेत कई दिग्गजों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश के कई बड़े नेता और मंत्री शुक्रवार को संसद पहुंचे और संसद हमले के 23 साल पूरे होने पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। संसद हमले के 23 साल पूरे होने पर संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू समेत कई नेताओं ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

### संसद भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नेताओं ने लिया हिस्सा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 2001 के संसद हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उनका बलिदान हमेशा हमारे राष्ट्र को प्रेरित करेगा। हम उनके साहस और समर्पण के लिए सदा आभारी रहेंगे। प्रधानमंत्री ने संसद हमले की बरसी पर संसद भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़ी तस्वीरें भी साझा कीं।
कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि ने सभी को 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हुए भीषण आतंकी हमले की याद दिला दी। याद रहे कि 13 दिसंबर 2001 को ही जगदीश, मतबर, कमलेश कुमारी; दिल्ली पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक नानक चंद और रामपाल; दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम; और सीपीडब्ल्यूडी के माली देशराज ने आतंकवादी हमले के खिलाफ संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

### 13 दिसंबर, 2001 को आतंकियों ने किया था संसद पर हमला

अपराधी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से संबंधित थे - दो पाकिस्तान-पलायन आतंकवादी संगठन - ने 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर हमला किया, जिसके कारण दिल्ली पुलिस के पांच कर्मियों, दो संसद सुरक्षा सेवा कर्मियों, एक सीआरपीएफ कांस्टेबल और एक माली की मौत हो गई और भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया, जिसके परिणामस्वरूप 2001-2002 में भारत-पाकिस्तान गतिरोध हुआ। 13 दिसंबर, 2001 के हमले में कुल पांच आतंकवादी मारे गए, जिन्होंने गृह मंत्रालय और संसद के लेबल वाली कार में संसद में घुसपैठ की बंदूकधारियों ने अपनी कार पर फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल किया और इस तरह संसदीय परिसर के आसपास तैनात सुरक्षा को आसानी से भेद लिया। आतंकवादियों के पास एके47 राइफल, ग्रेनेड लांचर और पिस्तौल थे।
बंदूकधारियों ने अपनी गाड़ी भारतीय उपराष्ट्रपति कृष्णकांत (जो उस समय इमारत में थे) की कार में घुसा दी, बाहर निकले और गोलीबारी शुरू कर दी। उपराष्ट्रपति के गार्ड और सुरक्षाकर्मियों ने आतंकवादियों पर जवाबी गोलीबारी की और फिर परिसर के गेट बंद करने शुरू कर दिए। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि बंदूकधारियों को पाकिस्तान से निर्देश मिले थे और यह ऑपरेशन पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) एजेंसी के मार्गदर्शन में किया गया था।
उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर 2001 को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इस हमले में आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए दिल्ली पुलिस के पांच जवान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कर्मी और संसद के दो कर्मी शहीद हुए थे। एक कर्मचारी और एक कैमरामैन की भी हमले में मौत हो गई थी।

# मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए राज्य के अधिकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में शुक्रवार को राज्य सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि शामिल हुए।



उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन केंद्र एवं राज्य सरकारों के साझा विकास एजेंडा के सुसंगत प्रारूप तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना, कौशल परक रोजगार सृजन कराने के साथ अधिक जनमानस को लाभांश का दोहन कराना है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री, नीति आयोग, केंद्रीय मंत्रालय के साथ राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के मध्य विचार-विमर्श के आधार पर श्रेष्ठ कार्य प्रणाली को स्थापित करना है।
इस वर्ष इस सम्मेलन में व्यापक विषय विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर-कृषि, शहरी विकास, नवीनिकरण ऊर्जा, मिशन कर्मयोगी पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि में आत्म निर्भरता, खाद तेल एवं दालें, वृद्धि आबादी की देखभाल, अक्षय ऊर्जा और भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

# अल्लू अर्जुन अंतरिम जमानत पर रिहा, भगदड़ केस में हुए थे गिरफ्तार

एजेंसी

**हैदराबाद :** अल्लू अर्जुन को गिरफ्तारी के कुछ घंटे बाद ही जमानत मिल गई है। हैदराबाद की नामपल्ली कोर्ट ने एक्टर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, पर उन्होंने लोअर कोर्ट के इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी। तेलंगाना हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी के चंद घंटों के अंदर ही अल्लू अर्जुन को अंतरिम जमानत दे दी। साथ ही सुनवाई के दौरान कहा कि एक्टर को स्वतंत्रता का अधिकार है। वह एक्टर हैं, सिर्फ इसलिए उनके साथ ऐसा नहीं किया जा सकता।
अल्लू अर्जुन को शुक्रवार, 13 दिसंबर को कड़ी सुरक्षा के बीच उनके घर से हिरासत में लिया गया था। हैदराबाद पुलिस उन्हें अपनी गाड़ी में थाने लाई और वहां पूछताछ की। फिर जरूरी मेडिकल जांच के बाद एक्टर को लोअर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया था। पर अल्लू अर्जुन ने इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी और अंतरिम जमानत की याचिका दायर की।



### भगदड़ के लिए मैं जिम्मेदार नहीं

अल्लू अर्जुन ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा कि संध्या थिएटर में जो भगदड़ हुई, उसके लिए वह जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने दो दिन पहले ही पुलिस को अपने आने की जानकारी दे दी थी। याचिका में एक्टर ने यह भी कहा है कि उन्होंने थिएटर मैनेजमेंट से अतिरिक्त सुरक्षा भी मांगी थी, पर पुलिस ने मुहैया नहीं करवाई।

### क्या बोले अल्लू अर्जुन के वकील?

तेलंगाना हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान अल्लू अर्जुन के वकील ने कहा था कि पुलिस ने जो निर्देश दिए, उनमें कहीं ऐसा कुछ नहीं लिखा था कि एक्टर के आने से किसी की जान जा सकती है। वहीं सरकारी वकील ने कहा कि अल्लू अर्जुन को पता था कि थिएटर जाने से कोई अप्रिय घटना हो सकती है, पर फिर भी वह गए।

# कुंभ मेला एकता का महायज्ञ है, जहां मिट जाता है जात-पात का भेद : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**प्रयागराज :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कुंभ मेला एकता का महायज्ञ है, जहां जाति-भेद मिट जाता है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि अगले साल महाकुंभ का आयोजन देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाई पर स्थापित करेगा।



महाकुंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कुंभ मेला एकता का महायज्ञ है, जहां सभी प्रकार के भेदभाव की आहुति दी जाती है। यहां संगम में डुबकी लगाने वाला हर भारतीय "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की अद्भुत तस्वीर प्रस्तुत करता है। यहां संत, तपस्वी, ऋषि, विद्वान और आम लोग सभी एक साथ आते हैं और तीन नदियों के संगम में डुबकी लगाते हैं। यहां जातियों का भेद मिट जाता है और समुदायों का टकराव मिट जाता है।
उन्होंने कहा, महाकुंभ को सफल बनाने में दिन-रात जुटे श्रमिकों और सफाई कर्मियों को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। प्रयागराज की इस धरती पर एक नया इतिहास रचा जा रहा है।
अगले वर्ष महाकुंभ का आयोजन देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाई पर स्थापित करेगा। मैं यह बात बड़े विश्वास के साथ कहता हूं, बड़ी श्रद्धा के साथ कहता हूं। अगर मुझे एक वाक्य में इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि यह एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। मैं आप सभी को इस आयोजन की भव्य और दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ जैसे आयोजन देश और समाज के हर कोने में सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि महाकुंभ एकता का महायज्ञ है... जब संचार के आधुनिक साधन नहीं थे, तब कुंभ जैसे आयोजनों ने बड़े सामाजिक बदलाव का आधार तैयार किया था। ऐसे आयोजन देश और समाज के हर कोने में सकारात्मक संदेश देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव की कमी और कुंभ तथा अन्य धार्मिक तीर्थयात्राओं के प्रति लापरवाही के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की।
उन्होंने कहा, पिछली सरकारों ने कुंभ और धार्मिक यात्राओं पर ध्यान नहीं दिया। ऐसे आयोजनों में श्रद्धालु परेशान होते रहे, लेकिन उस समय की सरकारों ने इसकी परवाह नहीं की। इसका कारण यह था कि उन्हें भारतीय संस्कृति से कोई लगाव नहीं था। लेकिन आज केंद्र और राज्य की सरकार भारतीय संस्कृति का सम्मान करती है।

# पिकनिक मनाने के दौरान दो सगे भाइयों की नदी में डूबने से मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** धनवार के हदहदवा नदी तट पर पिकनिक मनाने आए धनबाद के एक परिवार के दो सगे भाइयों की मौत नदी के गहरे पानी में डूबने से हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे की है। दोनो बच्चों की मौत से परिवार में भी कोहराम मचा दिया। बच्चों के माता पिता घटना के बाद असहज हो गये है। घटना स्थल पर पहुंचे घोडथंबा ओपी प्रभारी शंभू ईश्वर प्रसाद को भी सगे दोनों बेटो के पिता गिरधारी साहू से बात कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को पूरा करने में काफी देर रुकना पड़ा । तब जाकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया को पूरी की जा सकी ।



जानकारी के अनुसार 12 वर्षीय विशाल कुमार और 7 वर्षीय विक्रम अपने पिता गिरधारी साहू सहित पूरे परिवार के साथ अपने घर धनबाद से गिरिडीह के धनवार के घोड़थंबा ओपी के हदहदवा नदी पहुंचा था। पूरा परिवार नदी तट पर पिकनिक मनाने में मशगूल था। इसी बीच दोनों मासूम विक्रम और विशाल कब नदी नहाने घुसे और नहाने के क्रम में गहरे पानी में चले गए। इसकी भनक तक किसी को नहीं लगा। लेकिन जब दोनो बच्चों ने बचाव के लिए चिल्लाना शुरू किया। तो पिता समेत पूरा परिवार दोनो को नदी से बाहर निकालने के लिए दौड़े। लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।
घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के साथ पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर बच्चो के शव को नदी से निकालने में जुट गयी। काफी मेहनत के बाद दोनों के शव को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार घटनास्थल कोडरमा और गिरिडीह जिला का सीमावर्ती इलाका है।

## एक नजर

### पुआल का दो मचान जलकर हुआ राख



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के बादम गांव के तेली मोहल्ला छोटकी तालाब के समीप दो पुवाल के मचान जलकर राख हो गया। मचान किसान छोटी साव और जीतन साहू का था। मचान के नीचे खुटे में बंधा जानवर रस्सी तोड़कर अपनी जान बचाई। इस दौरान जानवर बुरी तरह से जल गया और घायल हो गया। आसपास में कोयला पोड़ा की चिंगारी के कारण आग लगने का आशंका व्यक्त की जा रही है। मचान की आग को बुझाने के लिए ग्रामीणों के द्वारा भरपूर प्रयास किया गया, परंतु समय रहते बुझाया नहीं जा सका ,जिसके कारण पुवाल का मचान जलकर राख हो गया। मचान जल जाने को लेकर प्रबुद्ध जनों ने प्रशासन से किसान के लिए मुआवजे की मांग की है। आग बुझाने के लिए प्रयास करने वालों में मुख्य रूप से शंकर साव, जितेन्द्र राम, प्रमोद राम, नवीन कुमार, मनोज कुमार, डब्लू साव, सुरेंद्र पासवान, अजीत राम, सुरज कुमार, राहुल कुमार, अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### पूर्व थाना प्रभारी के विदाई में सम्मान समारोह आयोजित



**केरेडारी** : केरेडारी थाना के पूर्व अजीत कुमार के विदाई में थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में नव पदस्थापित थाना प्रभारी विवेक कुमार क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों मीडियाकमीर्यों समेत प्रबुद्ध जनों ने पूर्व थाना प्रभारी अजीत कुमार को बुके देकर व साल ओढ़कर सम्मानित किया साथ हीं पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए। इस अवसर पर पूर्व थाना प्रभारी अजीत कुमार ने उपस्थित लोगों के बीच अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों रखा। और कहा कि केरेडारी थाना क्षेत्र के लोगों से हमे भरपूर सहयोग मिला। जिससे हमें विधि व्यवस्था कायम रखने में भरपूर सहयोग मिला। आगे भी केरेडारी थाना क्षेत्र के लोगों हर संभव सहयोग हमारे द्वारा मिलता रहेगा। थाना क्षेत्र के लोगों से एक भावनात्मक लगाव जुड़ गया है ।

### बड़कागांव में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बड़कागांव** : बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित की गई । इसका नेतृत्व चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में 12 फाइलेरिया रोगियों के बीच दवाइयां का वितरण किया गया।कार्यक्रम में एमटीएस तरुण शर्मा और अब्दुल मनन द्वारा फाईलैरिया के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि फाईलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, यह रोग मच्छरों के काटने से होता है। इसके रोकथाम के लिए एमएमडीपी कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी है। इस कार्यक्रम के तहत हर वर्ष में एक बार फाईलैरिया की गोली खाकर इस रोग से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल से समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और फाइलेरिया के प्रसार को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सभी रोगियों को दवाइयाँ वितरित करने के साथ-साथ इस कार्यकम के महत्व पर जोर दिया गया। ग्रामीणों को इस बारे में जागरूक किया गया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में रंगोली और साइंस एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर के मटवारी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में रंगोली और साइंस एग्जीबिशन का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने विद्यालय परिवार की ओर से उनका आत्मीय स्वागत किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।



सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगोली और विज्ञान मॉडल्स की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता और नवाचार की भावना की सराहना करते हुए कहा, इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। बच्चों की कला और वैज्ञानिक दृष्टिकोण देखकर मुझे विश्वास है कि हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल है। प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने कहा की विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। रंगोली और विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। इन आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग की भावना का भी विकास होता है।

**छात्रों की अनूठी प्रस्तुति ने मोहा मन**

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विज्ञान और कला के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, जल प्रबंधन जैसे विषय शामिल थे। साथ ही, रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों के माध्यम से छात्रों ने अपनी रचनात्मकता को प्रस्तुत किया।

**अभिभावकों और अतिथियों ने किया छात्रों का उत्साहवर्धन**

इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य द्वारा सभी छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय आगे भी इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होंगे।

## दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए जांच शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/तालझारी** : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और एलिम्को द्वारा प्रखंड परिसर में शुक्रवार को दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। बीडीओ पवन कुमार के उपस्थित में कुल 15 लोगों का जांच किया गया। पी.एण्ड पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि जिन-जिन लोगों का जांच किया गया है उन सभी को जरूरत के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। जैसे बैट्री- चलित ट्राई साईकिल, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, व्हील चेयर, सीपी चेयर, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, स्मार्टफोन, टीएलएम किट एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए - छड़ी, कमोड वाली चेयर, चश्मा, कृत्रिम दांत, व्हील चेयर इत्यादि दिया जाएगा। इसके लिए लाभुकों को निम्नलिखित कागजात दिव्यांगजनों के लिए आधार कार्ड, युडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र या राशन कार्ड की छायाप्रति और वरिष्ठ नागरिकों के लिये आधार कार्ड और राशन कार्ड की छायाप्रति साथ लाना है। विभिन्न प्रखंडों में अलग-अलग दिन लगाया जाएगा कैंप। मंडरो 14, बोरियो 16, बरहेट 17, पतना ब्लॉक 18, बरहरवा 19, बरहरवा नगर परिषद 20, राजमहल 21, राजमहल नगर परिषद 23, उधवा ब्लॉक 24 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## आभार एवं धन्यवाद, यह हमारी नहीं आपकी जीत है : सविता महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : आपके आशीर्वाद के लिए समस्त ईचागढ़ वासियो का आभर एवं धन्यवाद यह हमारी नहीं आपकी जीत है उक्त बाते आभार यात्रा के दौरान विधायक सविता महतो नें कही। शुक्रवार को विधायक सविता महतो नें आभार यात्रा का शुभारंभ कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के समाधी व स्व सुधीर महतो के चीत्र पर श्रद्धांजलि अर्पीत कर किया। इस दौरान उन्होंने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्थापित चांडिल, नीमडीह, कुकड़ू व ईचागढ़ में सभी बीर शहीदो के मुर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पीत कर नमन किया। वही ईचागढ़ के झामुमो कार्यकताओं ने विधायक सविता महतो का गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इस



दौरान विधायक नें हाथ हिलाकर लोगो का अभिवादन किया। इस दौरान विधायक सविता महतो नें कहा लोगो नें जिस आशा से आशीर्वाद दिया है उसपर खरा उतरने का प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा ईचागढ़ का चौमुखी विकास करना मेरा पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर झामुमो नेता कार्तिक महतो, ओम प्रकाश लायेक, दिलीप महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य चारु चांद किस्कु, गुरुचरण किस्कु, सुधीर किस्कु, काबलु महतो, गुप्तेश्वर महतो, कृष्णा किशोर महतो, हरिदास महतो, निताई उरांव, इंद्रजीत महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, हीरा लाल महतो, शंकर लायेक, अभय यादव, बादल महतो, पशुपति महतो, कुनाराम मांझी, सुदामा हेम्ब्रम, बैद्यनाथ टुडू, शिबु महतो, शेख फरीद, सरवर आलम, मो नौसाद, मो अरशद, मोहन कर्मकार, राहुल वर्मा आदि काफी संख्या में चारो प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुरेखा स्कूल में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का विजेता बना टैगोर हॉउस




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : प्रखण्ड के नवभारत जागृति केन्द्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में चार हाउस के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद् ?घाटन प्रचार्या रीना पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। चारो हाउस गाँधी, टैगोर, सुभाष एवं जेपी ने अच्छे खेल का प्रर्दशन किया। मंच का संचालन अजित पांडेय एवं ब्यास पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। क्विज मास्टर मुकेश कुमार पाठक एवं अमृता मैसी ने काफी आकर्षक एवं शानदार भूमिका में कार्यक्रम को बेहतर बनाया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका में शंकर सिंह, पवन कुमार, आनंद कुमार, भोला सिन्हा ने निभाया। वहीं टाइम कीपर का रोल आशीष पान्डेय एवं पुर्णिमा सिंह ने निभाया। वित्वज प्रतियोगिता में एक से एक प्रश्न को रखा गया। विज्ञान, समाज शास्त्र, कम्प्यूटर, जी.के., जी.एस., गणित, ओडियो एवं संगीत से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए। टैगोर हाउस 124 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा। वहीं गाँधी हाउस 101 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा। विजेता टीम की ओर से आकाश कुमार, पवन कुमार, आदर्श कुमार, ऋषि केश कुमार, सान्या कुमारी, पायल कुमारी, पलक सिंह एवं गुनगुन सिंह का काफी सराहनीय योगदान रहा। टैगोर हाउस के विजेता टीम को प्राचार्या ने ट्रॉफी एवं मेडल देकर पुरुस्कृत किया। उन्हाने बच्चों को ढेर सारी शुभकानाएं दी एवं बहुत-बहुत आशीर्वाद दिया। प्रचार्या रीना पान्डेय ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता से बच्चे में सामान्य ज्ञान एवं मानसिक ज्ञान का विकास बच्चे मे होता है। सुरेखा के प्रत्येक क्षेत्र में अव्वल है ये छात्रों ने साबित कर दिया।

## कराटे प्रतियोगिता में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : सब-जूनियर झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप 7 और 8 दिसम्बर 2024 को खेलगांव राँची स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम में सफलता पूर्वक आयोजन हुआ। जिसमें प्रतियोगिता के दूसरे दिन 7, 8, 9 और 10 साल के कराटे खिलाडियों का काता और कुमिते का आयोजन हुआ। विजेताओं को रङअख के प्रेसिडेंट हान्शी मानस सिन्हा, शिहान हेजाज असदक, क्योशि नरेंद्र सिन्हा ने मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रखण्ड-बड़कागांव, जिला- हजारीबाग के जरजरा, उरीमारी निवासी अजय कुमार दांगी की दोनों बेटियों ने भाग लिया। दोनों अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में पढ़ाई कर रही हैं। दोनों की ये पहला अनुभव रहा जिसमें 8 साल की अश्विका वेदा ने दोनों इवेंट में कोई मेडल पर कब्जा नहीं



कर पाई पर एक्सपीरियन्स अपने साथ लेकर आई और 10 साल की दिव्यांशी दीति ने टेन ईयरस फीमेल कुमिते -35 ङ इवेंट में ब्राउन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। इस जीत पर इनकी माता गुड़िया भारती और पिता श्री अजय कुमार दांगी ने बेहद हर्ष जताया। इस जीत का श्रेय इनके दोनों माता-पिता को जाता है जिन्हों ने इस स्पोर्ट्स के क्षेत्र में अपने बच्चों को जाने के लिए प्रेरित किया। ऐसे अभिभावकों को हम सभी तहे दिल से सैल्यूट करते हैं। इस मौके पर इनके मुख्य प्रशिक्षक शिहान प्रदीप हंसदा और सेन्सी मार्सेल टुडू ने दोनों बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी ।

# तोरपा के पांच केंद्रों पर 18 दिसंबर से होगी धान की खरीद : बीडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन कुमार झा ने कहा कि तोरपा प्रखंड के पांच चिह्नित स्थानों पर किसानों से धान की खरीदारी की जाएगी। बीडीओ शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयुष्मान भारत कार्ड महाअभियान तथा धान अधिप्राप्ति की तैयारी की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में बीडीओ ने इसको लेकर अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। धान अधिप्राप्ति के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 15 दिसंबर से प्रखंड के पांच चिह्नित स्थानों पर धान की अधिप्राप्ति की जायेगी। लैम्प्स या पैक्स के



अध्यक्ष, सचिव के माध्यम से धान अधिप्राप्ति की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष राज्य सरकार के जरिये निर्गत संकल्प के आधार पर 2400 रुपये प्रति क्विंटल बोनस सहित क्रय मूल्य निर्धारित किया गया है। सभी चिह्नित केंद्रों में इसी मूल्य पर धान की खरीदारी की जायेगी। किसानों को किसी बिचौलिए का सहारा नही लेना है। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि राज्य सरकार की इस किसान हितकारी योजना से से सभी किसानों को अवगत कराएं और उन्हें उनके परिश्रम का सही मूल्य मिले , इसका प्रयास करें। किसान को बिचौलिए से बचायें। उन्होंने जानकारी दी कि तोरपा प्रखंड में तोरपा, अम्मा, सुन्दारी, तपकरा लैम्पस तथा तोरपा महिला कृषि बागवानी स्वावलम्बी सहकारी समिति लि के माध्यम से धान अधिप्राप्ति की जायेगी। इस वर्ष हमें अधिक से अधिक किसानों का इस योजना के अधीन निबंधन करना है तथा पूर्व से निबंधित किसानों का सत्यापन भी करना है।

बैठक में बीडीओ नवीन कुमार झा ने आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर अवश्य दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण महाअभियान की शुरूआत 18 दिसम्बर से होनी है। इसके अंतर्गत प्रत्येक कार्डधारी को इस योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सर्वप्रथम प्रत्येक राशन कार्डधारी के राशन कार्ड में त्रुटि सुधार की जाएगी। साथ ही आधार कार्ड में यदि कोई प्रविष्टि में सुधार आवश्यक है, तो वह भी किया जाएगा। इसके बाद राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा, ताकि दोनों में लाभुकों के नाम आदि में कोई अंतर न हो। इसके बाद सभी योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए प्रखंड स्तर पर वन स्टॉप सेंटर बनाया जाएगा, जहां आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विवाहित महिला के घर घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पीटा



**साहिबगंज/पतना** : रांगा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते बुधवार की रात एक विवाहिता के घर में घुसे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया एवं जमकर पिटायी कर दी। साथ ही गांव में लोगों ने करीब 10 घंटे तक पकड़ कर रखा। अगले दिन मामले की जानकारी मिलते ही बरहरवा एसडीपीओ, इंस्पेक्टर सहित तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ के चंगुल से निकाल कर युवक को थाना लाया। जानकारी के अनुसार, राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा पहाड़ टोला निवासी सैदूर रहमान बुधवार की रात करीब 11 बजे एक विवाहिता के घर घुसा गया।हो-हल्ला मचने पर परिजनों व ग्रामीणों ने चारों ओर से घेर कर उक्त युवक को पकड़ लिया, और पिटाई करने के बाद गांव में ही पकड़ कर रखा। वहीं सुबह रांगा थाना पुलिस को सूचना मिलने के बाद बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, बरहरवा इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, एवं ग्रामीणों को समझा-बुझाकर भीड़ के चंगुल से निकालकर युवक को थाना लाया। इधर महिला ने रांगा थाना में लिखित शिकायत कर युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। जिसमें जिक्र किया है कि उक्त युवक से उसकी पहले से ही जान-पहचान थी तथा फोन से बात-चीत होती थी। बुधवार की रात करीब 11 बजे युवक मेरे घर में घुसकर छेड़छाड़ करने लगा और, जब मैंने इसका विरोध किया, तो जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल



**साहिबगंज/तालझारी** : कल्याणचक तालझारी मुख्य मार्ग मदनसाही पुल के पास सड़क पर एक घंटा पहले प्रकाश तुरी का स्कूटी से दुर्घटना हुई थी, उसे लेकर बाबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी में इलाजो उपरान्त मदनसाही पुल पर अस्पताल से निकल कर अपनी पल्सर बजाज से दोबारा स्कूटी लेने गये थे। उक्त स्थान पर पहुंच मोटरसाइकिल सड़क से बगल में कच्ची रोड पर खड़ी कर रहे थे कि तेज गति से आ रहे नशे की हालत मे मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक लखन हांसदा, प्रेम हांसदा, बाबुजी टुडू और छक्कु ने बाबा के मोटरसाइकिल में पिछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाबा के बायां पैर में चोट लगने से घायल हो गये इधर मोटरसाइकिल सवार दो लोग घटना के बाद भाग गये और लखन हांसदा और प्रेम हांसदा भी घायल हो गये। सड़क सुरक्षा योद्धा बाबा ने अपनी परवाह न करते हुए ठोकर मारने वाले युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी लेकर पहुंचे जहां अपना इलाज के साथ-साथ दोनो युवकों का भी डॉक्टर-मिलन राज के देखरेख में ईलाज करवाया। फिलहाल बाबा खतरे से बाहर है हंलाकि उनके पैर में काफी दर्द है वे अपना इलाज साहिबगंज से कहीं बाहर इलाज की बात कर रहे थे।

### एमओ ने जांच में पाया 61 क्विंटल चावल एवं तीस क्विंटल गेहूं का हुआ गबन



**चौपारण** : प्रखण्ड में जन वितरण प्रणाली में गडबड़झाला का बडा मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला अपने आप में अनुठा है। दरअसल आरोप लगाया गया कि अंशु महिला मंडल बसरिया द्वारा दिसंबर माह का अनाज वितरण नहीं किया जा रहा है। अनुठी बात यह कि संबंधित महिला मंडल के पीओएस मशीन को ईकेवाईसी के लिए संचालक राजाराम इंद्र गुरु द्वारा मुंबई ले जाया गया है। इस शिकायत पर एमओ भुपनाथ महतो ने जांच आरंभ किया। स्थलीय जांच में उन्होंने पाया कि दिसंबर माह का न तो अनाज वितरण किया जा रहा है और न ही लाभुकों का ईकेवाईसी ईपोस मशीन से हो रहा है। जब ईपोस मशीन की खोज की गई तो पाया गया कि महिला मंडल के प्रतिनिधि द्वारा मशीन को मुंबई ले जाया गया है। एमओ ने बताया कि जांच में पाया गया कि अंशु महिला मंडल द्वारा कुल आंबटित चावल में 114 क्विंटल में 53 क्विंटल पाया और गेहूं में 46.43 क्विंटल में 16.5 क्विंटल पाया गया। यानि कुल गबन 61 क्विंटल चावल तथा तीस क्विंटल गेहूं का पाया गया।

### युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने मुकेश सिंह



**चौपारण** : प्रखंड के चतरा मोड टीवीएस शोरुम कार्यालय में युवा प्रेस क्लब की बैठक केंद्रीय सदस्य विशाल सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। समय और समाज की जरूरत को देखते हुए सर्वसम्मति से प्रेस क्लब का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मुकेश सिंह, सचिव मनीष सिन्हा और बैजू गहलोत को कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। संरक्षक की भूमिका में राजेश सहाय के नाम पर सहमति जताई गई। नव मनोनीत अध्यक्ष मुकेश सिंह ने सभी सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की समस्या और पत्रकारिता जगत के हित में तन मन से समर्पित होकर तत्पर रहूंगा। किसी को भी कोई परेशानी हो, नि:स्वार्थ भाव से मदद करने का प्रयास करूंगा। युवा प्रेस क्लब के संरक्षक राजेश सहाय ने भरोसा दिलाया कि अच्छे और सकारात्मक सोच के साथ सामान व्यवहार करते हुए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला ही नैतिक रूप से नेतृत्व करने का हकदार होता है। इसी विचारधारा के साथ यह संगठन आगे बढ़ेगा। इस संगठन में ऊंच निच, अगड़ा, पिछड़ा अमीर, गरीब का कोई भेद भाव नहीं रहेगा। सबको साथ लेकर चलना और समाज की समस्याओं का निराकरण करना ही एकमात्र उद्देश्य है।

### दहेज प्रताड़ना को लेकर पुलिस ने गिरफ्तार कर डॉ अजय कुमार को भेजा जेल



**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी की पुलिस ने दहेज प्रताड़ित और मारपीट को लेकर मामला में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय कुमार को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक रियासत में। उनकी पत्नी पुष्पांजलि कुमारी पति डॉक्टर अजय कुमार, अर्जुन नगर कॉलोनी साहिबगंज की रहने वाली ने बीते 23 सितंबर 2024 को महिला थाना साहिबगंज में तथा जिरवाबाड़ी थाना में 30 सितंबर 2024 को प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद अभियुक्त द्वारा व उसके रिश्तेदार द्वारा जबरन घर में घुसकर जान से मारने के नियत से मारपीट कर जख्मी करने पर आवेदन देने के बाद भी कोई उचित कार्रवाई नहीं हुआ था। पीड़िता पुष्पांजलि कुमारी ने बताया कि उसे धोखे में रखकर डॉ अजय कुमार ने उससे विवाह किया और उसके पास जिसका शादी का प्रमाण पीड़िता के पास है लेकिन उसके पति डॉ अजय कुमार पूर्व से ही शादीशुदा था, इस बात को लेकर उसके पति डॉ अजय कुमार अपनी दूसरी पत्नी पुष्पांजलि कुमारी से बराबर मारपीट करता था।

## एक नजर

### मोरहाबादी में हुई झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ की बैठक

रांची : शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान के नीलांबर पीतांबर पार्क में झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कमेटी भंग की गई साथ ही कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध शशि कुमार रौनियार प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। वहीं सुभाष सिंह को प्रदेश महासचिव और राजेश प्रजापति को सचिव बनाया गया। वहां उपस्थित जिला अध्यक्षों ने बुके दे कर स्वागत किया और बधाई दिया। आगामी बैठक में प्रदेश कमेटी विस्तार होगी। निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार रौनियार ने कहा कि जल्द ही कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की से कृषक मित्र को लेकर बैठक की जाएगी जिसमें सभी बिंदुओं पर कृषि मंत्री से विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री से वार्ता हुई है जिसमें उन्होंने जल्द ही कृषक मित्रों के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करने की बात कही है साथ ही उन्होंने कृषक मित्रों को लेकर काफी सकारात्मक वाताएं की। मौके पर जिला अध्यक्ष दु:खभंजन निराकार, प्रकाश महतो, धर्मेन्द्र यादव, प्रमोद उरांव, कर्मदयाल साहु, अक्षय दे, बिक्की राज, जगदीश महतो, अवनीत सिंह, रामोतार यादव सहित काफी संख्या में कृषक मित्र मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता प्रदीप यादव और राजेश कच्छप का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

रांची : कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कांग्रेस विधायक दल के नए नेता प्रदीप यादव और उपनेता राजेश कच्छप का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर नेताओं ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने संकल्प को दोहराया। प्रदीप यादव ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के विचारों को समाज के हर वर्ग में पहुंचाना और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। यादव ने विधायकों और नेताओं के साथ मिलकर एक रोडमैप तैयार करने की बात कही और विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस को मजबूती देने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे। उन्होंने जोर दिया कि ईमानदारी और परिश्रम से सफलता निश्चित है। उपनेता राजेश कच्छप ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदीप यादव के नेतृत्व में संसदीय कार्य प्रणाली और संगठन को मजबूत करने में हरसंभव सहयोग करेंगे।

### रांची का सौंदर्यीकरण और विकास होगी प्राथमिकता : सुनील

रांची : राजधानी रांची के सौंदर्यीकरण और विकास को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग ने व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। प्रधान सचिव सुनील कुमार ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई बैठक में कहा कि रांची को उसकी गरिमा के अनुरूप विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में जुडको के जरिये कचहरी चौक और उपायुक्त कार्यालय क्षेत्र के पुनर्विकास की योजना का प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रधान सचिव ने कहा कि शहर के इस हृदयस्थल को बेहतर यातायात सुविधा, चौड़ी सड़कों, फुटपाथ निर्माण, ड्रेनेज प्रणाली और आधुनिक लाइटिंग के माध्यम से आकर्षक बनाया जाएगा।

# प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देने वाले कानून पर हाई कोर्ट की रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देने वाले कानून को लागू करने पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने 2021 में कैबिनेट में फैसला लिया था कि निजी कंपनियां अपने यहां 40 हजार प्रतिमाह तक की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देंगी।

जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ ने लघु उद्योग संघ की ओर दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में लघु उद्योग संघ ने निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के झारखंड राज्य रोजगार अधिनियम 2021 के प्रावधानों को चुनौती दी थी।

झारखंड लघु उद्योग संघ की ओर से पेश हुए वकील एके दास ने कहा कि इस अधिनियम ने राज्य और झारखंड के बाहर के उम्मीदवारों को बांट दिया है। यह अधिनियम संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है। क्योंकि संविधान रोजगार में समानता की गारंटी देता है। वकील ने कहा कि राज्य सरकार निजी कंपनियों को एक निश्चित श्रेणी के लोगों को रोजगार देने के संबंध में निर्देश नहीं दे सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पहले भी निर्णय लिया है। इसमें पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा लाए गए ऐसे ही अधिनियम को रद्द कर दिया गया था।

झारखंड हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही याचिका पर अगली सुनवाई 20 मार्च को करने के लिए कहा। झारखंड विधानसभा में सितंबर 2021 में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए झारखंड राज्य रोजगार अधिनियम 2021 पारित किया था। इसके मुताबिक प्रत्येक नियोक्ता कुल मौजूदा रिक्तियों में से 75 प्रतिशत स्थानीय उम्मीदवारों से भरेगा, जहां सकल मासिक वेतन या मजदूरी 40,000 रुपये से अधिक नहीं है। इस कानून के मुताबिक स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार की प्रक्रिया के दौरान संबंधित संस्थान की स्थापना के कारण विस्थापितों, संबंधित जिले के स्थानीय उम्मीदवारों और समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व पर ध्यान दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री बनते ही हेमन्त सोरेन के इरादे में खोट आ गई : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि मुख्यमंत्री बनते ही हेमंत सोरेन की इरादे में खोट आ गई है। चुनाव से पहले बेरोकटोक मुफ्त की रेवड़ी की तरह मंईयां सम्मान योजना की राशि बांटने वाली हेमंत सरकार अब महिलाओं से वसूली की तैयारी कर रही है।

मरांडी ने लिखा है कि विभागों को विशेष दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं कि येन केन प्रकारेण योजना का लाभ उठाने वाली महिलाओं का नाम छांटकर लाभुकों की संख्या सीमित रखी जाए। उन्होंने लिखा है कि लाभुक सत्यापन के नाम पर महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित रखने का प्रयास करने वाली हेमंत सरकार चुनाव के दरम्यान सभी महिलाओं को 2500 रुपये मासिक वित्तीय सहायता देने का दंभ भरती थी लेकिन सरकार बनते ही हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना में कई नई शर्तें थोप दीं हैं।

मरांडी ने हेमंत सोरेन को कहा कि बिना जांच के पैसे देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो, ना कि लाभुक महिलाओं पर। साथ ही कहा कि भाजपा महिलाओं से मंईयां सम्मान योजना की राशि वसूली नहीं होने देगी।

## सिंगबोंगा जतरा में दिखी झारखंडी संस्कृति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : पिठोरिया के बाढ़ू-नवाटोली में शुक्रवार को आयोजित सिंगबोंगा जतरा में झारखंडी संस्कृति की झलक मिली। इस अवसर पर बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी, सेमरटोली, बरवाटोली, बेड़ो, सिरांगो, चेड़ी मनातू सहित कई गांवों के खोड़हा मंडली पारंपरिक परिधान में सामूहिक नृत्य करते जतरा स्थल पहुंचे। इसके बाद बाढ़ू मौजा के पाहन जगदीश पाहन के जरिये सिंगबोंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि किसानों के चेहरे पर धान की अच्छी पैदावार की खुशी झलक रही है। ऐसे पल में आदिवासी समाज की अपने इष्टदेव सिंगबोंगा की पूजा करने की परंपरा रही है। साथ ही आदिवासी किसान भाई-बहन अपनी फसल को घर में सुरक्षित रखने के बाद जतरा के बहाने एक साथ मिलते-जुलते हैं। मुख्य संरक्षक रतन तिर्की ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के नवीन परिसर के लिए सरकार के जरिये बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी, कोकदोरो, मदनपुर, सुतियांबे, पिठोरिया के कई किसानों की कृषि योग्य रैयती जमीन जबरन अधिग्रहण किया जा रहा था। संघर्ष कर जल, जंगल, जमीन पर मालिकाना हक पाया है। जमीन हमारी सभ्यता और संस्कृति का हिस्सा है। सरकार हमें अपनी जमीन से बेदखल नहीं करे और सभी रैयतों का जमाबंदी खोलकर मालगुजारी रसीद जारी करे।

इस अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नागपुरी की मशहूर गायक इग्निश कुमार और ज्योति साहू ने मधुर गायकी से समा बांधा। मेले में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके राजमती ने भी शिविर लगाकर लोगों को शिव की विस्तृत महिमा बताई।

इस मौके पर मुख्य रूप से फादर महेंद्र पीटर, अशोक उरांव, मनीष उरांव, शिव शंकर उरांव, आशुतोष द्विवेदी, डॉ अनिल कुमार, रंजीत टोप्पो, अशोक राम बीरेंद्र मुंडा, जागेश्वर महली, योगेन्द्र उरांव, राजेश महली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्किन और हेयर का बेसिक केयर करना जरूरी : मिनाली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : ज्यादातर चर्म रोग स्वच्छता के अभाव में होते हैं। यदि हम शरीर और आसपास स्वच्छता का ध्यान रखें, तो चर्म से संबंधित कई रोगों से बचे रहेंगे। स्किन और हेयर का बेसिक केयर करना बहुत जरूरी है। यह कहना है डमार्टोलॉजिस्ट, हेयर फॉल एवं कोस्मोटोलॉलिस्ट स्पेशलिस्ट डॉ मिनाली मिञ्झा का। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब के अध्यक्ष गौरव बगरॉय ने की।

डॉ मिञ्झा शुक्रवार को रोटरी हॉल रांची में आयोजित विशेष जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। डॉ मिञ्झा ने कहा कि हमारे आसपास के वातावरण में मौजूद धूल कणों, वायरस और बैक्टीरिया की वजह से चर्म रोग की समस्या उत्पन्न हो जाती है। हरेक इंसान की त्वचा एक जैसी नहीं होती और न ही इस पर समान कारणों का एक जैसा प्रभाव पड़ता है। इसलिए धूप में निकलते वक्त त्वचा को सुरक्षित रखने के उपायों को अपनाएं। त्वचा को लेकर किसी भी तरह के प्रोडक्ट व सनस्क्रीन लोशन बिना डॉक्टर की सलाह के न इस्तेमाल करें।

मिञ्झा ने कहा कि अपनी मर्जी से त्वचा के लिए इस्तेमाल किए गए प्रोडक्ट से जहां त्वचा पतली हो जाती है, वहीं बेजान भी हो जाती है, जिससे त्वचा की चमक खत्म हो जाती है और त्वचा रूखी हो जाती है। चेहरे पर साबुन का अधिक इस्तेमाल से भी नुकसान होता है। दाद और खुजली पर बिना डॉक्टर के परामर्श से किसी भी प्रकार की दवा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यह रोग पसीना आने वाले स्थानों पर अधिक होता है। इस कारण ऐसे स्थानों को पॉउडर द्वारा सूखा रखना चाहिए।

असमय बाल सफेद होने के मामले में डॉ मिञ्झा ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए त्वचा रोग विशेषज्ञ से जांच करवाएं। अपनी मर्जी से किसी भी तरह की डाई बिलकुल न लगाएं। क्योंकि, कई तरह की हेयर डाई से सिर की त्वचा पर इंफेक्शन हो सकता है। डॉ मिञ्झा ने कहा कि एक उम्र के बाद चेहरे पर झुर्रिया पड़ना आम बात है लेकिन समय से पहले झुर्रिया पड़ने का अर्थ है त्वचा को सही पोषण न मिलना। झुरियों से निजात पाने के लिए अच्छा होगा कि दिन के वक्त जब भी घर से बाहर निकलना हो तो चेहरे के साथ ही साथ गर्दन पर त्वचा रोग विशेषज्ञ द्वारा बताई गई सनस्क्रीन लगाएं।

उन्होंने कहा कि मसालेदार और मीठे खाद्य पदार्थो से बचें। कब्ज की समस्या से बचें। त्वचा में नमी को बरकरार रखने के लिए रोजाना तीन लीटर पानी जरूर पीएं। डॉ मिञ्झा ने कहा कि युवा पीढ़ी में मुहासों की समस्या काफी सामने आ रही है। मुहासों की समस्या से बचने के लिए त्वचा की नियमित सफाई करे। तैलीय पदार्थो, मिठाई, चाकलेट एरेटेड पेय और मसालेदार भोजन से परहेज करे। डॉ मिञ्झा ने उपस्थित लोगों के सारे सवालों का जवाब दिया।

इस अवसर पर अजय छाबड़ा, जोगेश गंभीर, अनिल कुमार सिंह, राजीव मोदी, शाहिद पाल, रेखा सिंह, मनोज तिवारी, डॉ अनिल कुमार पांडे, प्रवीण राजगढ़िया, सुरेश साबू, राजेश नाथ साहदेव, हरमिंदर सिंह, अमित अग्रवाल, अर्श जमील अशफाक, गौरव प्रशांत, भंडारीलाल, रवीन्द्र सिंह चड्ढा, डॉ. विनय ढांढनिया, रमेश कुमार धरणीधरका, नरेंद्र कुमार माखीजा, सुधीर मिश्रा, कांता मोदी, ख्याति मुंजाल, प्रकाश सरावगी, जसदीप सिंह, अजय दीप वाधवा, रजत बहल और आस्था बहल उपस्थित थे।

## सीसीएल ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रांची : शुक्रवार को कांके नगड़ी बस्ती में जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा एक निःशुल्क लेप्रोसी (चर्म रोग) सहित अन्य बिमारियों को लेकर जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 175 मरीजों की जांच की गयी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर चर्म रोग, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का निःशुल्क जांच किया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, सीसीएल, डॉ. रत्नेश जैन; सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज, डॉ. प्रीती तिग्गा, डॉ. अनीता होरो; डॉ. अम्बरीष कुमार एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# झारखंड में फिर से जंगलराज की वापसी : रविंद्र राय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ रविंद्र कुमार राय ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बड़े परिश्रम से भाजपा सरकार ने राज्य में उग्रवाद पर नकेल कसा था। उग्रवादी संगठन राज्य पर कार्रवाई के कारण या तो उन लोगों ने आत्म समर्पण किया या केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों के शिकार हुए। उनके दुरूह कैंप ध्वस्त किए गए थे। पहाड़ों जंगलों को छोड़ वे राज्य से बाहर अन्यत्र जाने को मजबूर हुए थे।

राय शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, चतरा आदि में घटी घटनाओं ने यह अहसास करा दिया है कि राज्य फिर से जंगलराज की चपेट में आ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के पूर्व बिहार के समय में उग्रवादी झारखंड क्षेत्र में अपनी शरण लेते थे। राज्य के सांसद, विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे सहित आम आदमी की हत्या, खुलेआम लेवी वसूली, लगातार बंदी का आह्वान, उद्योग कर्मियों, व्यवसायियों से मोटी रकम की वसूली एक सामान्य बात हो गई थी। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने इसपर कड़ाई से निपटने के सार्थक प्रयास किए थे, और उसके अच्छे परिणाम भी निकले लेकिन आज फिर वैसे दृश्य का ट्रेलर दिखाई पड़ने लगा है।

उन्होंने कहा कि राज्य की ग्रामीण जनता आत्म रक्षार्थ शस्त्र उठाने को मजबूर है। लोग ऐसे उग्रवादियों का सेन्दरा करने को मजबूर हैं। लोग रात रातभर फिर से जागकर जान-माल की सुरक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह शंका प्रबल हो गई है कि यह सरकार अपना चेहरा छुपाने के लिए ग्रामीणों पर कारवाई करेगी और उन्हें मुकदमों में फंसाया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था नई सरकार जो केवल नया छलावा लेकर आई है और जनता को सुरक्षा देने के बजाय डरा रही है। राय ने कहा कि हेमंत सरकार पहली ऐसी निकम्मी और भयग्रस्त सरकार है, जिसने राज्य में 24 असुरक्षित सड़कों की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन स्तर से ऐसी घोषणाएं ध्वस्त विधि व्यवस्था का जीता जगता उदाहरण है।

इस दौरान मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, 10 लाख मामलों के निपटारे का लक्ष्य




रांची : नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी (नालसा) के कलेंडर और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को राज्य भर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाई कोर्ट सहित जिला अदालतों में कई बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में झालसा के अध्यक्ष, झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और अन्य जजों की मौजूदगी में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद इसका शुभारंभ डोरंडा स्थित न्याय सदन में करेंगे। लोक अदालत में राज्य भर के दस लाख मामलों को निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्री-लिटीगेशन और कोर्ट में लंबित मामले शामिल हैं। लोक अदालत में निष्पादन के लिए जिन मामलों को सूचीबद्ध किया गया है, उसमें करीब एक लाख ऐसे मामले हैं, जो अलग-अलग अदालतों में पेंडिंग हैं। यह जानकारी झालसा के डिप्टी सेक्रेटरी अभिषेक कुमार ने दी।

### पारस हॉस्पिटल में कल लगेगा निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप



रांची : झारखंड की राजधानी रांची के एचईसी स्थित पारस हॉस्पिटल में 15 दिसंबर रविवार को नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। हेल्थ कैंप एचईसी स्थित पारस हॉस्पिटल में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक लगेगा। बता दें कि हेल्थ कैंप में BP, RBS, ECG, स्पाईरोमेट्री, BMT, डाइट एंड न्यूट्रीशन, डॉक्टर्स परामर्श, कटे होठ और तालु आदि के इलाज की नि:शुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। वहीं, मेगा हेल्थ कैंप में जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रलॉजी, जनरल सर्जरी, कार्डिक सर्जरी, स्त्री रोग, डेंटल, हड्डी रोग, बाल चिकित्सा, इएनटी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, मेडिकल आंकोलॉजी, डमेटीलॉजी, पल्मोनोलॉजी आदि अन्य विभागों के डॉक्टर मरीज को नि:शुल्क परामर्श भी देंगे। इस कैंप में मरीजों के लिए लैब और रेडियोलॉजी पर 50 फीसदी की छूट भी दी जाएगी। बता दें कि नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप में जांच कराने के लिए आपको पंजीकरण कराना होगा। मरीज मोबाइल नंबर 7282010101 पर नि:शुल्क पंजीकरण करवा सकते है। इसे लेकर पारस हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि ठंड में हार्ट, लीवर, किडनी, ब्रेन स्ट्रोक, ज्वाइंट पैन जैसी कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस नि:शुल्क हेल्थ कैंप में इन सभी बीमारियों की जांच और नि:शुल्क परामर्श डॉक्टरों की ओर से दिया जाएगा। ऐसे में सभी लोगों को इस ठंड के मौसम में अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर करवाना चाहिए। पारस हॉस्पिटल मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहता है। इस कारण समय-समय पर इस तरह के नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगा का आयोजन करता रहा है। इसी कड़ी में रविवार 15 दिसंबर को हेल्थ कैंप लगाया जा रहा है। आम लोग इस कैंप का लाभ जरूर उठाएं।

### कृषि महाविद्यालय की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



रांची : खेलकूद में भाग लेने से केवल शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि बौद्धिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास भी होता है एवं वह युवा जीवन में आने वाली भावी चुनौतियां का बेहतर ढंग से सामना करने में समर्थ बनता है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल ने शुक्रवार को रांची कृषि महाविद्यालय की दोदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद में भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं में जो खेल भावना, अनुशासन एवं समन्वय भाव खेलकूद के दौरान रहता है वह सालों भर और प्रत्येक गतिविधि में रहना चाहिए। विद्यार्थी सुबह से मैदान में दिखेंगे तो खेलकूद संबंधी सारी सुविधाएं मुहैया की जाएंगी। कम से कम 25-30 प्रतिशत विद्यार्थियों को जरूर खेलकूद में भाग लेना चाहिए। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ शंभूनाथ कर्मकार ने कहा कि कॉलेज का प्लेग्राउंड सालों भर साफ सुथरा एवं मेंटेंड रहना चाहिए तथा यहां लाइट की भी समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए ताकि शाम में भी विद्यार्थी खेल सकें। कृषि महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ नीरज कुमार ने निदेशक छात्र कल्याण से आग्रह किया कि अनुबंध के आधार पर एक कोच की नियुक्ति यथाशीघ्र की जाए जो विद्यार्थियों को नियमानुसार प्रैक्टिस करा सके। संचालन डॉ अरुण कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के अध्यक्ष तथा प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी परियोजना के परियोजना समन्वयक डॉ राकेश शारदा, बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह, कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के एसोसिएट डीन प्रो डीके रुसिया तथा बीएयू के क्रीडा.समन्वयक डॉ एमके बर्णवाल भी उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सूचना सं. पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2024/42, दिनांक 13.12.2024; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, [illegible] रोड, कोलकाता-700043 द्वारा 'ई' [illegible] प्रणाली के लिए खुली ई निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर नियमानुसार डाउनलोड कर लिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएंगी। क्रमांक एवं निविदा सं., खुलने की नियत तारीख, संक्षिप्त विवरण, मात्रा, ईएमडी रकम क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) 65245019ए; 30.12.2024; [illegible] 40/10 [illegible] की आपूर्ति, स्थापन एवं चालू करना; 01 अदद; रु. 1,60,000/-. (2) 65235034ए; 30.12.2024; [illegible] इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना एवं [illegible] कराना; 01अदद; रु. 2,01,110/-. (3) आइजी246316बी; 08.01.2025; [illegible] निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना इत्यादि; 01 अदद; रु. 52,5[illegible]/-. (4) आईएफ245144ए; 10.01.2025; [illegible] इकाई; 02 सेट; रु. 1,41,530/-. (5) 60240073; 27.12.2024; [illegible] इत्यादि का निर्माण एवं आपूर्ति; 500 सेट; रु. 20,00,000/-. (6) 60240048; 06.01.2025; [illegible] 200 सेट; रु. 15,19,840/-. (7) आईएफ245999; 03.01.2025; [illegible] डिजिटल रेडियोग्राफी [illegible] इत्यादि की आपूर्ति एवं स्थापना; 01 सेट; रु. 1,60,880/-. (8) 25243874; 08.01.2025; [illegible] 310 अदद; रु. 2,07,870/-. (9) 29240036; 20.01.2025; [illegible] के लिए [illegible] का सेट; 11 सेट; रु. 1,17,560/-. (10) 25241285; 12.02.2025; ट्रेक्शन मोटर के लिए [illegible] का सेट; 419 सेट; रु. 2,06,670/-. (11) 29240057; 14.02.2025; [illegible] केंद्रीय [illegible] सिस्टम; 30 अदद; रु. 2,29,880/-. (12) 29243234; 28.02.2025; [illegible] 20 अदद; रु. 1,20,380/-. (13) एचबी247544; 07.01.2025; [illegible] इत्यादि के साथ [illegible] की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना; 01 अदद; रु. 3,92,000/-. इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ [illegible] के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं तथा अपनी [illegible] ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में [illegible] नहीं की जाएगी। नि.व.: [illegible] निविदाओं में भाग लेने के लिए तथा इसके उपरांत प्रकाशित किसी भी संशोधन हेतु नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-908)

## एक नजर

### तेतुलमारी सुभाष चौक में चला वाहन जांच अभियान



**धनबाद :** सुभाष चौक तेतुलमारी में तेतुलमारी थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में सभी पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, चेकिंग के दौरान सभी वाहनों का डिक्की जांच, बैग, थैला व चालक की तलाशी ली गयी। इस दौरान बिना हेलमेट व कागजात वाले वाहन चालक चेकिंग अभियान समाप्त होने का इंतजार करते दिखे। तेतुलमारी पुलिस की इस चेकिंग अभियान के दौरान असामाजिक तत्वों व अवैध धंधेवाजो में हड़कंप मच गया।

### वेदन्ता ने उच्च विद्यालय मधुनियाँ में जरूरत की सामग्री का किया वितरण



**चास :** प्रखण्ड के मधुनियाँ पंचायत में वृहस्पतिवार को इलेक्ट्रोस्टील वेदन्ता सीएसआर विभाग के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय मधुनियाँ में स्मार्ट बायो टॉयलेट, शुद्ध पेयजल मशीन, वृक्ष रोपण एवं छात्राओं के बीच स्कूली बैग का वितरण किया गया, इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रतिमा दास, ईएसल सीएसआर एजीएम प्रदीप द्विवेदी, बिस्बस अधिकारी गण, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मधुनियाँ के प्राध्यापक सुरेश झा मधुनिया पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार एवं स्कूल के छात्र, छात्राऐं स्टाप आदि लोग उपस्थित थे ।

### धान अधिप्राप्ति 15 से शुरू तैयारी पूरी : डीएसओ



**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको ने शुक्रवार को चास प्रखंड स्थित राधानगर पंचायत एवं पिंड्राजोरा में धान अधिप्राप्ति के संबंध में किसानों से बातचीत की। किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही बेचने को लेकर जागरूक किया। साथ ही बिचौलियों के माध्यम से दूसरे राज्यों में धान नहीं बेचने की बात कही। उन्होंने बताया कि सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। धान अधिप्राप्ति के लिए सभी तैयारी पूरी डीएसओ ने बताया कि जिला प्रशासन ने धान अधिप्राप्ति के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है। किसान धान को 15 दिसंबर, 2024 से नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र व लैंपस में बेच सकते है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह कम मूल्य पर पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों को धान नहीं बेचें। अगर किसी प्रकार की परेशानी हो रही है, तो इसका निराकरण जिला प्रशासन या अंचल कार्यालय में करायें।
धान अधिप्राप्ति से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें : इस साल धान की खरीद 2,400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। धान बेचने के लिए, किसानों को अपना निबंधन कराना होगा। इसके लिए, आधार कार्ड, जमीन का रसीद, और बैंक पासबुक जैसी जरूरी जानकारी देकर अंचल कार्यालय में निबंधन फॉर्म जमा करना होगा। रैयत किसान अधिकतम 250 क्विंटल और गैर-रैयत किसान अधिकतम 100 क्विंटल धान बेच सकते हैं। धान बेचने के लिए, किसान अपने पसंद के किसी भी अधिप्राप्ति केंद्र पर जा सकते हैं। धान की राशि का भुगतान किसानों के बैंक खाते में सीधे किया जाएगा।

# चिन्मय विद्यालय में हुआ 48वां वार्षिक खेल महोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय, बोकारो के क्रीडागंन में 48वां वार्षिक खेल समारोह पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ । जिसमें सभी हाउस के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इन सभी का उत्साह बढ़ाने के लिए अभिभावकों की भारी भीड़ जमा थी। छात्रों में खेल-भावना व खेलकूद के प्रति प्रतिबद्धता के उद्देश्य से कुल 118 विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। विद्यार्थी शिक्षक एवं अभिभावकों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया, जैसे कि 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, सैक रेस, टॉफी रेस , बैग रेस , थ्री लेग रेस , स्पून एंड मार्वल रेस, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट व टग ऑफ वॉर। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, सीजीएम - नगर प्रशासन, सेल,



बोकारो आवासीय आचार्या स्वामिनी सम्युक्तानंद, अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर.एन मल्लिक, पुर्व कोषाध्यक्ष अनुप शर्मा , प्राचार्य सूरज शर्मा, बिपुल कुमार सिंह, प्राचार्य रेनबो पब्लिक स्कूल, रंजीत कुमार, प्राचार्य, आदर्श पब्लिक स्कूल उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार थे । सभी अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का आरंभ गीता पाठ से हुआ, मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, सीजीएम - नगर प्रशासन, सेल, बोकारो ने मशाल जला कर किया। मुख्य अतिथी कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साह बढाते हुए कहा कि खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत आवश्यक भूमिका निभाते हैं, और हमें भारत के विश्व गुरु बनने के लिए खेलकूद को निरंतर बढ़ावा देना चाहिए। खेल जीवन ही जीवन का दर्शन है, यह हमें लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए एकाग्रचित हो हमेशा अभिप्रेरित करता रहता है। हमेशा जीतने की जिज्ञासा बनाए रखता है। बाल-खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए एवं सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियो का स्वागत करते हुए विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने खेलकूद का महत्व बताया एवं अभिभावकों को समझाया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेलकूद द्वारा हम अनुशासन, टीमवर्क एवं समर्पण जैसे गुणों को आत्मसात करते हैं। जिससे हमारी एकाग्रचित्तता बढ़ती है और पढाई में भी मन लगा रहता है। चिन्मय विजन प्रोग्राम के अंतर्गत शारीरिक विकास, कक्षागत एवं कक्षेतर गतिविधियों का एक प्रमुख स्तंभ है। प्राचार्य ने विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय धावक उसेन बोल्ट कि प्रशंसा करते हुए उनके जीवन से संबद्धित कई रोचक बाते बता कर बच्चों का हौसला बढाया ।
उक्त वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में मार्च पास्ट, योग प्रदर्शनी, ऐरोबिक डान्स , ड्रिल और बालक एवं बालिका वर्ग के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रि-नर्सरी से ले कर 11वी तक के छात्र-छात्राओं ने पुरे उमंग एव जोश से भाग लिया।
11वी के कुणाल प्रताप, अंजली गुप्ता, 9वी के सौरव सिंह, 8वी के अनुष्का, 7वी के शिवांश सिहं एवं 6ठी के अहाना राज ने शानदार प्रर्दशन कर कई पदक अपनी झोली मे हासिल किया।

## विकास फोरम ने बीएसएल प्रबंधन पर लगाया दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विकास फोरम की ओर से एक प्रेस वार्ता रखी गई इस प्रेस वार्ता में फोरम के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहां की दैनिक समाचार पत्रों में मजदूर नेता के अवैध निर्माण पर बीएसएल प्रबंधन द्वारा चिपकाए नोटिस पर मजदूर नेता ने कहा कि उन्हें मैनेजिंग डायरेक्टर के तरफ से निर्माण कार्य के लिए परमिशन दिया गया है बोकारो इस्पात संयंत्र के सारे मजदूर, मजदुर नेता, नगर वासी, एवं मीडिया के साथी नेताजी से विनती करते हैं कि बीएसएल के मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा दिए गए निर्माण कार्य परमिशन को सार्वजनिक करें अगर मैनेजिंग डायरेक्टर परमिशन दिए हैं तो बीएसएल के अधिकारी किस अधिकार से उनके निर्माण अधीन कार्य पर नोटिस चिपकाए हैं अगर उनके पास परमिशन है तो नोटिस चिपकाने वाले अधिकारियों को टर्मिनेट और सस्पेंड किया जाए इस देश में एक कानून सबके लिए चलता है दोहरी कानून का पालन क्यों बीएसएनल मैनेजमेंट के द्वारा एक तरफ बिना नोटिस के फुटपाथ दुकानदारों को उनके स्वयं रोजगार को छीन लिया जाता है और बुलडोजर से उनकी जमा पूंजी को ध्वस्त कर दी जाती है वहीं दूसरी तरफ रसूखदार और पैसे वाले के सामने उन अधिकारियों की बुलडोजर रसूखदार नेता के फोन पर बीएसएल प्रबंधन के अधिकारी बुलडोजर वापस लेकर आ जाते हैं यहां के सांसद महोदय ने कहा था कि बोकारो के अस्थाई फुटपाथ दुकानदारों की एक भी किल उखड़ेगा तो बीएसएल को इट से इट बजा देंगे कहां गए सांसद महोदय बोकारो के फुटपाथ दुकानदार साथी उन्हें खोज रहे हैं ।

## स्ट्रीट वेंडर एक्ट को फुटपाथ दुकानदारों के लिए लागू करे प्रबंधन : अमित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट के ठेका मजदूरों, बेरोजगार युवाओं, फुटपाथ दुकानदारों, विस्थापितों सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बीएसएल के अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद से प्रशासनिक भवन मे मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कुमार अमित ने राजन प्रसाद से बोकारो में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए गैर विवादित भूमि उपलब्ध कराने, ठेका मजदूरों को मेडिकल के नाम पर छँटनी न करने, राउरकेला स्टील प्लांट के तर्ज. पर स्थानीय सभी इच्छुक छात्रों को अप्रेंटिस की ट्रेनिंग कराने, चतुर्थ श्रेणी के पदों के विस्थापित एवं स्थानीय युवाओं के लिए पूर्व की भाँति आरक्षित करने, शेष उत्तरी विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा दिलाने हेतु पहल करने, झुग्गी झोपड़ी एवं खटाल वासियों को उचित



दर पर बिजली और पानी का कनेक्शन देने, फुटपाथ दुकानदारों को लाइसेंस पर गुमटी आवंटित कर भारत सरकार के स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत स्थायीकरण करने एवं उसमें विस्थापितों को प्राथमिकता देने, अप्रेंटिस की ट्रेनिंग कर चुके विस्थापित युवाओं को नियोजन देने, स्पोर्ट्स कोटा के तहत पूर्व की भाँति खिलाड़ियों को नौकरी देने, विभिन्न सेक्टरों में बंद पड़े स्वास्थ केन्द्रों को आउटसोर्सिंग के तहत प्राइवेट अस्पतालों को देने, स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए प्लांट के आउटसोर्सिंग कम्पनियों के द्वारा रोजगार मेला लागने, प्लांट का उत्पादन बढ़ाने के लिए विस्तारीकरण करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की एवं उनसे समाधान की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। कुमार अमित ने प्रबंधन से अतिक्रमण मुक्त अभियान के आड़ में गरीब दुकानदारों और लोगों को परेशान न करते हुए बोकारो को अशांत न करने का विशेष आग्रह भी किया है।

## जब तक रैयतों के मसले हल नही होंगे तब तक धरना चलता रहेगा : जगत महतो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले बाघमारा अंचल के विभिन्न क्षेत्रों के रैयतों का धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। रैयत अरबिन्द सिन्हा ने बताया कि धरना के दूसरे दिन शुक्रवार को धरना शुरू होने के बाद दोपहर 1 बजे के लगभग सीओ बाल किशोर महतो ने धरना दे रहे लोगों में से 2 लोगों को अपने कक्ष में बुलाया। तब रैयत अरबिन्द सिन्हा एवं कमल महतो सीओ के कक्ष में गए। रैयत अरबिन्द सिन्हा ने बताया कि बाघमारा सीओ ने जमीन संबंधित मामले को लेकर कहा कि कुछ दिन से झारनेट बन्द है जिस कारण काम नही हो रहा है। इस पर रैयतों ने कहा कि मामला कुछ दिन का नही बल्कि 8-10 महीना और साल भर का है। कर्मचारी के आईडी में 5 महीना से आवेदन पड़ा है लेकिन उसको बढ़ाया नही जा रहा है। कोर्ट का आदेश है लेकिन अंचल द्वारा इसका पालन नही कराया जा रहा है। जिसके कारण जमीन को दूसरे पक्ष कब्जा कर रहे हैं। दूसरे पक्ष का कागजात देखे बिना अमीन बिना मापी किये वापस लौट जा रहा है। इस पर सीओ ने कहा कि अंचल के और भी काम है। सब देखना होता है। आप लोग इस प्रकार धरना देकर काम को बाधित कर रहे हैं। रैयत पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता अरबिन्द सिन्हा ने बताया कि सीओ ने सरकारी काम मे बाधा पहुंचाने के आरोप में अरबिन्द सिन्हा पर केस करने और जेल भेजने की धमकी दी। मामले को लेकर ग्राम स्वराज के जगत महतो ने बताया कि अंचल अधिकारी से बात हुई है उन्होंने कहा कि सभी मांगो पर कार्रवाई की जाएगी लेकिन महीनों और वर्षों से लंबित मामलों पर कार्रवाई कब की जाएगी इसको लिकर कुछ नही कहा। जगत ने बताया कि जब तक सभी रैयतों के मसले हल नही हो जाएंगे तब तक हर मंगलवार एवं शुक्रवार को अंचल कार्यालय के समक्ष शांति पूर्वक तरीके से धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। आज के धरना प्रदर्शन में ग्राम स्वराज के जगत महतो, रैयत पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता अरबिन्द सिन्हा, रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, विशाल कुमार महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप कु महतो, सलिक मिस्त्री, रूपेश रवानी, राजा राम महतो आदि बैठे थे।

## बीपीसीएल प्रबंधन मजदूरों और स्थानियों का शोषण बंद करे : सचिन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** आजसू जिलाध्यक्ष सचिन महतो के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को बोकारो औधोगिक क्षेत्र स्थित बीपीसीएल बॉटलिंग प्लांट के मुख्य गेट के समीप एकदिवसीय हल्ला बोल धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना को सम्बोधित करते हुए सचिन महतो ने कहा कि बीपीसीएल प्लांट यहां के विस्थापित रैयतों की जमीन पर स्थापित है। लेकिन प्रबंधन ने न तो किसी विस्थापित को नियोजन दिया है, और न ही किसी तरह की सुविधा प्रदान करने का काम किया है। कहा कि प्लांट में झारखंड के बाहर के लोगों को नौकरी पर रखा जा रहा है, जिससे यहां के स्थानीय लोगों के रोजगार पर असर पड़ रहा है। हमारे यहां के युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे है, रोजी-रोटी के लिए प्रदेश पलायन को विवश है। कहा कि प्लांट द्वारा फैल रहे गैस प्रदूषण से आसपास रह रहे लोग पीड़ित है। जो की हानिकारक है। यहां रह रहे बच्चे बुजुर्ग एवं महिला की सेहत



पर इसका काफी प्रभाव पड़ रहा। कहा कि प्रबंधन ने समय रहते हमारी मांगों पर साकारात्मक पहल नहीं किया तो आगे उग्र आंदोलन होगा। आवश्यकता पड़ी तो हम गेट जाम भी करने से पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम में अंत में बालीडीह थाना इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह की उपस्थिति में आजसू जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने बीपीसीएल प्लांट के संवेदक कोषांग इंटरप्राइजेज के अधिकारी अमित पांडेय को 6 सूत्री मांगपत्र सौंपा।

**इन मुद्दों को लेकर हुआ हल्ला बोल धरना-प्रदर्शन**

स्थानीय युवाओं को कुशलता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने, सभी मजदूरों को ईपीएफ भुगतान करने, सभी मजदूरों को ईएसआईसी की सुविधा प्रदान करने।

## क्रिएटिव छात्रों के लिए एनआईएफटी है उचित प्लेटफार्म : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** फैशन और डिजाइन शिक्षा के लिए भारत की अग्रणी संस्था, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने आज न्यू टाउन हॉल में 4 जिलों के छात्रों और शिक्षकों को एनआईएफटी से जोड़ने के उद्देश्य से पहला आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर एनआईएफटी की महानिदेशक श्रीमती तनु कश्यप ने कहा कि एनआईएफटी छात्रों के हुनर को पंख देता है। इसमें छात्रों के लिए आजीविका का अच्छे विकल्प है। संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त करना है। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र की परीक्षा के लिए फॉर्म जमा करने की तिथि 6 जनवरी 2025 है। जबकि 9 फरवरी 2025 को परीक्षा ली जाएगी। अंग्रेजी के



साथ-साथ इस बार हिंदी में भी परीक्षा ली जाएगी। लगभग 5000 नए छात्रों को विभिन्न स्ट्रीम में नामांकन के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा। सभी वर्ग के मेघावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही बताया कि वाराणसी, श्रीनगर, पटना, नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, गांधीनगर, जोधपुर, हैदराबाद सहित देश के 19 शहरों में एनआईएफटी के कैंपस है। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि क्रिएटिव छात्रों को एनआईएफटी उचित प्लेटफार्म प्रदान करता है। हुनरमंद छात्रों को संस्था द्वारा फैशन टेक्नोलॉजी में मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि फैशन और टेक्सटाइल के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। इसलिए वे आउटरीच कार्यक्रम में बताई गई हर बात को बारीकी से सुने और समझे। उन्होंने कहा कि आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से एनआईएफटी ने विश्वस्तरीय शिक्षा शुरू करने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जो छात्रों को रचनात्मक करियर की दिशा में पहला कदम उठाने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के पूर्व छात्र तथा फैशन उद्योग के प्रसिद्ध पेशेवर मुकेश कुमार एवं श्री डोमन टुडू ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में एनआईएफटी पटना के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा, डॉ विजय दुआ, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी के अलावा बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी के ब्लड डोनेशन कैंप में 43 यूनिट ब्लड संग्रह



**धनबाद :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो को मुख्य सचेतक बनाये जाने पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त सचिव सह युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने उन्हें शॉल ओढाकर एवं बुके देकर बधाई दी। दरअसल, मथुरा प्रसाद महतो एक ब्लड डोनेशन कैंप में बतौर मुख्य अतिथि एवं दिलीप सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। दिलीप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मथुरा प्रसाद महतो जनता के दु:ख सुख में सदैव साथ खड़े रहे हैं। जनता के बेहतरी के लिए आगे भी मथुरा प्रसाद महतो इसी ऊर्जा के साथ जनता की मदद करते रहे मेरी यही शुभकामनाएं हैं। तोपचांची स्थित बिनोद बिहारी महतो मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में कुल 43 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर प्रिया थीं। शिविर को सम्पन्न कराने में हेल्थ पॉइंट ब्लड सेंटर, रांची, डॉ. रश्मि, विनीत मिश्रा, विवेक गौरव, प्रवीण कुमार, राम प्रसाद, सपना का सराहनीय योगदान रहा।

### महिला समिति द्वारा कंबल, साबुन तथा सैनिटरी पैड्स का किया गया वितरण



**बोकारो :** महिला समिति बोकारो की कार्यकारिणी दल बीएसएल के सी. एस.आर. विभाग के सहयोग से बोकारो के समीप स्थित ग्राम गोड़ाबाली में कंबल का वितरण किया। समिति की अध्यक्षा अनिता तिवारी ने ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बताया तथा दैनिक जीवन में इसका पालन कैसे हो समझाते हुए समिति द्वारा उत्पादित साबुन के अलावा युवतियों में सैनिटरी नैपकिंस का भी वितरण किया। यह कार्यक्रम गांव के मुखिया तथा बीएसएल सीएसआर के वरीय प्रबंधक नीरज त्रिपाठी की मदद से सुचारू रूप से संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने समिति की सभी सदस्याओं का गीत संगीत तथा फूलों से स्वागत किया। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष प्रीति शरण, सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, उप कोषाध्यक्ष अंजली, सुरभि प्रभारी अनीशा झा, सदस्यीय समिता मोहंती तथा आशा राज मिश्रा उपस्थित रहीं। समिति भविष्य में भी ऐसे नेक कार्य करने को तत्पर है।

### बीएसएल टाउनशिप के लिए उन्नत प्रणाली की रासायनिक अर्थिंग परियोजना का हुआ उद्घाटन



**बोकारो :** पूरे बीएसएल टाउनशिप के लिए रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन अधिशासी निदेशक-प्रभारी राजन प्रसाद के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, नगर सेवा विभाग के महा प्रबंधक-प्रभारी राजुल हरकरनी, महा प्रबंधक ए एन सिंह, उप महाप्रबंधक डी के सिंह, वरीय प्रबंधक आशुतोष कुमार, परियोजना डिवीजन के उप महाप्रबंधक आर एल मीणा, वरीय प्रबंधक अभिषेक आदित्य तथा अन्य अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। बोकारो स्टील सिटी में लगभग 250 से अधिक विद्युत सबस्टेशन हैं जहाँ पर 2000 रासायनिक अर्थिंग स्थापित की जाएंगी। बीएसएल में पहली बार उन्नत प्रकार की रासायनिक अर्थिंग प्रतिस्थापित किया जा रहा है। रासायनिक अर्थिंग प्रणाली, विद्युत लाइन और उपकरण के अर्थिंग का बहुत ही प्रभावी तरीका है क्योंकि यह चालकता को बढ़ाता है और विद्युत प्रणालियों के लिए लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा प्रदान करता है। रासायनिक अर्थिंग प्रणाली कम रखरखाव में स्थिर और लंबे समय तक काम करने वाला, अत्यधिक टिकाऊ, जंग रोधी प्रकृति, के साथ पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होता है।

### ऑपरेशन अमानत के तहत बोकारो आरपीएफ ने खोया हुआ मोबाइल यात्री को वापस सौंपा



**बोकारो :** आरपीएफ पोस्ट बोकारो द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। गुरुवार को आरपीएफ पोस्ट बोकारो की टीम ने बोकारो रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउंटर पर एक वीवो वाई 20 मोबाइल बरामद किया, जिसकी कीमत लगभग 15000/- रुपये है। इस कार्रवाई में एएसआई मुकेश कुमार सिंह, एचसी विकाश कुमार, एचसी जे अंसारी और एलसीटी पुष्पा कुमारी शामिल थे। बरामद मोबाइल को आरपीएफ टीम के पास रखा गया और बाद में उसके मालिक अजय कुमार झा को सौंप दिया गया। यह कार्रवाई आरपीएफ पोस्ट बोकारो द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### अदाणी फाउंडेशन की ओर से 25 गांवों के दस हजार मवेशियों का हुआ इलाज

**गोड्डा :** अदाणी फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को गांवों में रहने वाले लोगों के मवेशियों और अन्य पशुओं के स्वास्थ्य व देखभाल को ध्यान में रखते हुए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गोड्डा और साहेबगंज जिले के मोतिया, डुमरिया, बक्सरा, नायबाद, सोनडीहा, मालडीह, पटवा, परासी, बहादुरचक, नियामकचक, करनू, ढाकुरगंगटी, छोटा तेतरिया, सतीचौकी खुटहरी समेत 25 गांवों के तकरीबन दस हजार मवेशियों की जांच और दवा का वितरण किया गया। पशु चिकित्सा शिविर के आयोजन में गोड्डा जिला पशुपालन अधिकारी डॉ मनोज कुमार , डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. धनंजय यादव, डॉ. संजीव कुमार और डॉ. विकास सहित अन्य डॉक्टरों की भूमिका बेहद अहम रही। शिविर से 1,563 से अधिक परिवारों को लाभ मिला। अदाणी फाउंडेशन के डॉक्टर की टीम ने किसानों के घर-घर जाकर मवेशियों की जांच की और दवा उपलब्ध कराया। डॉक्टरों के मुताबिक मवेशियों में मुख्यत: मौसमी बीमारी जैसे खुर पका रोग, मुख पका रोग, बुखार, जिसके ईलाज के लिए किसानों को नियमित रूप से कृमि मुक्ति, टीकाकरण और पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए बेहतर आहार पद्धतियों की सलाह दी गई।

# रेलवे की संपत्ति चोरी करने के मामले में चार अरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** मालदा रेल मंडल अंतर्गत बरहरवा साहिबगंज के बीच बोनीडांगा रेलवे स्टेशन के पास ओएचई मास्ट नम्बर 00/51-00/56 के बीच करीब 5 मीटर की एक ट्रैक डिवाइस सेंसर केबल चोरी कर लिये जाने के मामले में आरपीएफ ने दो लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं, दो नाबालिगों को भी गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, न्यू फरक्का के एसएसई तांडव समदर्शी ने बीते 2 दिसंबर को उक्त घटना की शिकायत बरहरवा आरपीएफ में की थी। जिसके बाद बरहरवा आरपीएफ ने कांड संख्या 01/24 दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई थी। इसके अलावे बीते 11 दिसंबर को ओएचई मॉस्ट नम्बर 172/48-50 के समीप करीब 2.5 मीटर ट्रैक डिवाइस तार की चोरी की सूचना मिली। जिसके बाद आरपीएफ के इंस्पेक्टर संजीव कुमार व एमके सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में एसआई लाल बहादुर मांझी, एएसआई सुरेश पासवान, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र प्रसाद यादव, चंदन कुमार, चंद्रकांत सिंह के अलावे मालदा सीआईबी के एसआई पी मिश्रा, एएसआई आरएस यादव, हेड कांस्टेबल जे राम शामिल थे। टीम के द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने एक व्यक्ति के साथ दो नाबालिग को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उनके पास से चाकू व तार बरामद हुआ। साथ ही उन्होंने पूछताछ में निजी स्वार्थ के लिये रेलवे की संपत्ति चोरी कर बेचने की बात स्वीकार कर लिया है।उन्होंने बताया कि वह चोरी का समान पश्चिम बंगाल की फरक्का थाना क्षेत्र के तिलडांगा के मारु खान के दुकान में समान बेचते थे, जिसके बाद आरपीएफ ने उक्त दुकान में भी छापेमारी करने का प्रयास किया लेकिन, दुकान बंद पाया। तत्पश्चात तिलडांगा के हाटपाड़ा में घर से सटे आलम शेख के दुकान में छापेमारी कर वहां से करीब 3 मीटर सेंसर केबल बरामद किया। साथ ही आलम शेख को हिरासत में ले लिया।



## सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक घायल

**साहिबगंज/तालझारी:** थाना क्षेत्र के मदन शाही गांव के समीप घुमावदार मोंड़ सड़क पुल के पास सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क सुरक्षा प्रजापति प्रकाश बाबा ने बताया कि दुर्घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचा तो रांगा थाना अटगांवा निवासी प्रकाश तुरी 20 वर्षीय पिता बब्लू तुरी एवं रोहित तुरी 20 वर्षीय सड़क के नीचे 10 फीट गहरे खेत में स्कूटी लेकर गिरे पड़े थे। इलाज हेतु उसे तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसका इलाज डॉक्टर मिलिंद राज, ड्रेसर रामचंद्र एवं हंसो कुमार के द्वारा उपचार किया गया। प्रकाश तुरी का सड़क दुर्घटना में बाया पैर और दाहिना हाथ दोनों टूट गया। घायल रोहित तुरी ने बताया कि अपने घर से किसी काम से तालझारी आया था। वापस लौटने के क्रम में तालझारी मदनशाही घुमावदार मोंड़ सड़क के पुल के पास अचानक एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर आ गया जिससे बचने के लिए स्कूटी को 10 फीट गहरे खेत में उतरना पड़ा। गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## इंकलाबी नौजवान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने बगोदर के अनुमंडल पदाधिकारी से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया (गिरीडीह) :** इंकलाबी नौजवान सभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय के नेतृत्व में बगोदर-सरिया अनुमंडल पाधिकारी से मुलाकात किया और बगोदर विधानसभा के अंतर्गत पुर्व विधायक विनोद कुमार सिंह जी द्वारा शिलान्यास किये गए कार्यों के शिलापट्ट को भाजपा विधायक नागेंद्र महतो के संरक्षण में उनके पुत्रों और भाजपा नेताओं द्वारा लगातार तोड़े जाने की शिकायत को लेकर ज्ञापन सौंपा है। पत्र के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी से दोषियों पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय ने बताया कि जबसे भाजपा विधायक ने चुनाव जीता है तबसे उनके पुत्र व उनके समर्थक सिर्फ पुर्व के शिलान्यास किये गए शिलापट्ट को तोड़ने में व्यस्त हैं ये उनकी ओछी राजनीति का परिचय देता है। सोनु पांडेय ने कहा कि इन्होंने विकास की नई गाथा रचने का वादा चुनाव पुर्व बगोदर की जनता से की थी उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए और ऐसी ओछी हरकतों से बाज आना चाहिए, यदि फिर भी ये इसी रास्ते पे चलना चाहते हैं तो चले हमे ये रास्ता भी मंजूर है और इस तरीके की हरकतों से हमे भली भांति निपटना आता है और जरूरी पड़ी तो बगोदर के युवा निपटने के लिए भी तैयार हैं। प्रतिनिधि मंडल में आरवाईए जिला कमिटी सदस्य जिम्मी चौरसिया, प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद यादव,प्रखंड सचिव अविनाश प्रसाद सिंह, अमन पांडेय, प्रमोद मंडल, राहुल राज मंडल, अक्षय यादव, बिनोद मंडल, शम्भू मंडल, शुभम मिश्रा, बलदेव महतो, राजकुमार मोदी शामिल थे।

## विधायक को आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने दी जीत की बधाई



**चैनपुर :** आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ गुमला जिला का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता की अध्यक्षता में गुमला विधायक भूषण तिर्की से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी। इस अवसर पर मंजुलता कुजूर, पेरपेतुवा एक्का, अलका मिन्ज, सुनिता लकड़ा, और पुनम रानी भी उपस्थित थीं। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक भूषण तिर्की को उनकी जीत के लिए बधाई दी और उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात के दौरान, संघ के सदस्यों ने विधायक के साथ आंगनबाड़ी कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा की। इस अवसर पर विधायक भूषण तिर्की ने आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने आंगनबाड़ी कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और कहा कि वे समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मुलाकात से आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ और विधायक भूषण तिर्की के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित होने की उम्मीद है।

## हिंडालको सीएसआर विभाग ने 60 टीबी मरीजों को दिया पोषण किट



**मुरी/सिल्ली:** हिंडालको सीएसआर विभाग द्वारा आज सिल्ली प्रखंड में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 60 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाना और उन्हें पोषण प्रदान करना था, ताकि वे जल्द स्वस्थ हो सकें। कार्यक्रम के दौरान रांची जिला के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने हिंडालको सीएसआर विभाग को 'टीबी मुक्त अभियान' में सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा पदाधिकारी सीएसआर विभाग टीबी मरीजों के लिए बेहद सराहनीय कार्य कर रहा है और इस नेक पहल के लिए आभार व्यक्त किया। हिंडालको सीएसआर के इस पहल के लिए सभी टीबी मरीजों ने आभार जताया और उनके जीवन में इस योगदान का महत्वपूर्ण प्रभाव बताया। उन्होंने हिंडालको सीएसआर विभाग का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह मदद उनके लिए संजीवनी के समान है। हिंडालको के एचआर प्रमुख अरुण राय ने इस अवसर पर कहा, हिंडालको अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। हमलोग हमेशा समाज के कल्याण के लिए काम करते हैं, और यह कार्यक्रम हमारी कंपनी के सामाजिक दायित्वों को पूरा करने का एक और उदाहरण है। कार्यक्रम में सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के प्रमुख डॉ. प्रियंका सिन्हा ने हिंडालको के एचआर प्रमुख अरुण राय, आईआर प्रमुखअविषेक, सीएसआर प्रमुख अनिल सिंह, ओएचसी प्रमुख डॉ. सौरभ, सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के डॉ. विवेक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इन सभी ने टीबी मरीजों को संबंधित विषय में विस्तृत जानकारी दी और इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। हिंडालको सीएसआर विभाग का यह प्रयास जिले में टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसने स्थानीय समुदाय में जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का साहिबगंज दौरा, तैयारी पूरी

**साहिबगंज/बरहेट :** भोगनाडीह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम आयोजित में मध्याह्न भोगनाडीह पहुंचेंगे। जहां उनका हेलीकॉप्टर वीर शहीद सिदो-कान्हू पार्क के समीप बने हेलीपैड पर लैंड करेंगे। वहीं उन्हें जिला पुलिस द्वारा गार्ड आफ आनर दिया जायगा। मुख्यमंत्री के अलावे गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन सहित कई अन्य मंत्री व विधायक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री शहीदों को माल्यार्पण करेंगे। वहीं बगल के मैदान में मुख्यमंत्री का मंच और भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है जिसका कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसको लेकर देर शाम साहिबगंज उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, भोगनाडीह पहुंचकर बने स्टेडियम सिदो-कान्हू पार्क के साथ-साथ बन रहे।

# ईचागढ़ के लोगों के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे : हरेलाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** हमलोग चुनाव हारे हैं लेकिन मैदान नहीं हारे हैं। हमारा मैदान सुरक्षित है। हार स्वीकार है लेकिन ईचागढ़ वासियों के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। हमारा जनसेवा का कार्य जारी रहेगा, बल्कि दोगुनी ऊर्जा के साथ जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो ने कहा। शुक्रवार को चांडिल प्रखंड के भादुडीह में आजसू पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। उक्त बैठक में विधानसभा चुनाव के लेकर समीक्षा की गई तथा चुनाव में मिली हार के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए हरे लाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ में आजसू पार्टी चुनाव में हारने के बावजूद आगे बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव की तुलना में 2024 में वोट प्रतिशत बढ़ा है। हरे लाल महतो ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपके परिश्रम और समर्पण के बदौलत ही हमें 51000 से अधिक वोट प्राप्त हुए हैं, इसलिए मनोबल और उत्साह को कम होने न दें। उन्होंने कहा कि जनसेवा का कार्य निरंतर जारी रहेगा, बल्कि अब तो दोगुनी ऊर्जा के साथ जनता की सेवा करेंगे। इस मौके पर सत्यनारायण महतो रविशंकर मौर्या, जिला परिषद असित सिंह पात्र, अशोक साव उर्फ मांझी साव, बैद्यनाथ महतो, नयन सिंह मुंडा, अमूल्य महतो, दुर्गा महतो, अमला मुर्मू, बासुदेव प्रामाणिक, गौरी लायक, मनोरंजन ठाकुर, प्रदीप गिरी, कामदेव दास, रेणुका पुराण, सुलोचना प्रामाणिक आदि मौजूद थे।

## आरपीएफ ने विभिन्न मामलों 27 को लिया हिरासत में फाइन के बाद छोड़ा

**सरिया (गिरिडीह) :** हजारीबाग रोड आर पी एफ ने गुरुवार को विभिन्न मामले में 27 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए सभी लोगों को ऑनलाइन दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद फाइन लेकर छोड़ दिया गया। अभियान की अगुवाई कर रहे आर पी एफ इंस्पेक्टर अरुण कुमार राम ने कहा कि इस जांच अभियान में 15 लोगों को ट्रेन में यात्रा के दौरान धूम्रपान करते , 2 लोगों को अवैध ढंग से खाद्य सामग्री बेचते एवं 10 लोगों को महिला डिब्बे में यात्रा करते हुए हिरासत में लिया गया ।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई-अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- RE-01/RDSD/RAMGARH/05/MMGSY/2024-25 योजना का नामः- रामगढ़ जिला के प्रखण्ड पतरातु अन्तर्गत ग्राम/पंचायत बीचा में बेहरा टोला और होन्हेटांड के बीच बेहरा टोला नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। जिसका PR No. 340902 (Rural Work Development) 24-25 (D) में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से निम्न रूपेण संशोधित किया गया है :-

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक 05.12.2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- दिनांक 20.12.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय- 23.12.2024 अपराह्न 02:00 बजे।

शेष सभी यथावत् है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़

PR 341916 District(24-25)#D



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी
चाईबासा रोड, खूँटी, पिन- 835210 फोन नं० - 06528-299928
(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)

पत्रांकः- 1832 प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः- 12/12/2024

एतद् द्वारा मेसर्स शक्ति अरबन इंफ्रा०प्रा०लि०, 2ए यूनि हाईट कम्पलेक्स एच०बी० रोड, कोंटा टोली, रोंची झारखण्ड को इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम बार यह सूचित किया जाता है कि आपको पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी अन्तर्गत कपरिया ग्रुप ऑफ SVS Scheme आवंटित है, जिसका एकरारनामा संख्या- 190F2/2021-22, दिनांक- 25.01.2022 एवं कार्य पूर्णता की तिथि 24.07.2022 थी। उक्त योजना का कार्य आपके द्वारा आज तक पूर्ण नहीं किया जा सका है इस संदर्भ में इस कार्यालय के पत्रांक- 1488, दिनांक- 20.09.2024 द्वारा अंतिम मापी हेतु सूचित किया गया है लेकिन विभाग द्वारा अंतिम मापी हेतु निर्धारित किसी भी तिथि को स्थल पर आप उपस्थित नहीं हुए।

अतः अंतिम सूचना देते हेतु अनुरोध है कि दिनांक- 17.12.2024 को अंतिम मापी के समय स्वयं या आपके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। अन्यथा आप के अनुपस्थिति में विभागीय अभियंता द्वारा अंतिम मापी कर ली जायेगी एवं बाद में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 341951 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D


# हैकथॉन में विनर रही एसबीयू की टीम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय की टीम ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2024 के ग्रैंड फिनाले में जीत दर्ज किया है। प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार द्वारा 11 से 12 दिसंबर को देश के विभिन्न नोडल केंद्रों पर किया गया था। एसबीयू ने आईआईटी जम्मू में जीत हासिल की। विवि की हैकथॉन-2024 के डॉ. मनोज पांडे और आदित्य विक्रम वर्मा ने बताया कि सहायक शिक्षक रवींद्र नाथ के मार्गदर्शन में विजेता टीम में शशांक पांडेय, पलक पाठक, गौरव पात्रा, काजल लकड़ा, रानी एवं सिद्धार्थ महतो शामिल थे। टीम को पुरस्कारस्वरूप एक लाख रुपए की राशि तथा खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति माननीय विजय कुमार दलान, माननीय सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति श्रीधर बी. डांडीन, कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह एवं डीन इंजीनियरिंग डॉ. पंकज गोस्वामी ने एसबीयू की टीम की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी है।


कृषि पशुपालन एवं सहकारित विभाग
(गव्य विकास), झारखण्ड, राँची

कार्यालय :- जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गुमला।
पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना
" शुद्धि पत्र "

गुमला जिला के इच्छुक व्यक्तिगत लघु उधमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों के लिए अनुदानित दर पर 50 गाय/भैंस परियोजना की स्थापना का दूध उत्पादन कार्यक्रम को जीविकांपार्जन एवं स्वरोजगार के सशक्त साधन के रूप में स्थापित करने तथा राज्य को दूध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में अनुदान सह बैंक ऋण/लाभुक अंशदान (सामान्य जाति के लिए 25% अनुदान तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के 33.33% अनुदान) पर दुधारू मवेशी वित्त पोशण की दो चरणों में कार्यान्वित किये जाने वाली कामधेनु डेयरी फॉमिंग योजना हेतु दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित प्रकाशन संख्या-PR341488 Agriculture Animal Husbandry and Co - Opretive Department (24-25) D में बैंक ऋण सामन्य जाति के लिए 75% अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 66.67% के स्थान पर सामन्य जाति के लिए 65% अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 56.67% पढ़ा जाय एवं अन्य यथावत रहेगी ।

PR 341989 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
गुमला


## वृद्ध महिला को टक्कर मार स्कूटी सवार हुआ फरार



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वृद्ध महिला को झामवती अस्पताल के पास स्कूटी ने जोरदार टक्कर मार गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया। इलाज के दौरान घायल वृद्ध महिला के बेटा सुनील मुंडा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरी मां बरसी देवी उम्र 65 वर्षीय, पति चमरू मुंडा, बड़ा पंचगढ़ डाटा टोली के रहने वाली है जहां शाम में 5 बज कर 20 मिनट में किसी काम को लेकर कोर्ट के रास्ते जा रही थी वहीं तेज रफ्तार स्कूटी झामवती हॉस्पिटल के सामने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बरसी देवी सड़क किनारे गिर कर सर फट गया और बेहोश हो गई। वहीं राहगीरों ने घायल वृद्ध महिला को उठाया और किसी ने वृद्ध महिला की पहचान किया और उनके बेटे को सूचना दिया सूचना मिलते ही घायल वृद्ध महिला का बेटा सुनील मुंडा घटनास्थल पर पहुंचकर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लेकर आया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर फारूक हसन इलाज में लग गए वृद्ध महिला खतरे से बाहर है। वहीं परिजनों के द्वारा जिरवाबाड़ी थाना को मोटरसाइकिल से टक्कर मार कर फरार होने का सूचना दे दिया है।


कार्यालय, जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण संख्या 06/2024-25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र निर्गत हेतु आवेदन प्राप्त करने की तिथि एवं समयः दिनांक 19.12.2024 एवं 20.12.2024 (अपराह्न 03.00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 19.12.2024 एवं 20.12.2024 (अपराह्न 03.00 बजे से कार्यालय अवधि तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 21.12.2024 को (अपराह्न 3.00 बजे तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 21.12.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
8. कार्य के विस्तृत विवरणी मदवार :- 15वें वित्त आयोग मद।
कार्य की विवरणी :-

| क्र० | Activity Code | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 7 | 89973857 | ग्राम पंचायत अरंगी में जयहिन्द भगत के घर के अखड़ा के पास जलमीनार निर्माण। | घाघरा | 5,04,240.00 | 1,250.00 | 10,100 | तीन माह |
| 8 | 89974534 | घाघरा प्रखण्ड के घाघरा पंचायत के छत घाट से जाम बगीचा में 800' फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण। | घाघरा | 12,96,800.00 | 2,500.00 | 26,000 | तीन माह |
| 9 | 89128504 | ग्राम सातरांझ में सोलर चालित जलमीनार निर्माण | कामडारा | 5,04,240.00 | 1,250.00 | 10,100 | तीन माह |
| 11 | 89960761 | पंचायत कोटाम के बाजार टांड में सार्वजनिक शौचालय एवं हेण्डवाश निर्माण | गुमला | 18,31,900.00 | 5,000.00 | 36,700 | तीन माह |
| 17 | 92622940 | सरकारी हॉस्पीटल और बाजार जाने वाला मोड़ के सामने दुकान शेड, बथरूम एवं शौचालय निर्माण | घाघरा | 25,54,000.00 | 5,000.00 | 51,100 | तीन माह |
| 19 | 88627952 | सिसई प्रखण्ड के लरदा पंचायत के ग्राम लरदा अम्बाटोली के आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मरम्मति | सिसई | 3,75,400.00 | 750.00 | 7,600 | तीन माह |
| 20 | 88626687 | सिसई प्रखण्ड अंतर्गत सिसई डाक बंगला का मरम्मती तथा सौन्दर्यीकरण | सिसई | 24,99,700.00 | 5,000.00 | 50,000 | तीन माह |
| 26 | 88627035 | नाथपुर पंचायत के खास नाथपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र मरम्मति | पालकोट | 3,78,900.00 | 750.00 | 7,600 | तीन माह |
| 28 | 88654151 | जरमी पंचायत के चन्दी पाठ में सोलर उर्जा आधारित जलमिनार निर्माण। | डुमरी | 5,04,240.00 | 1,250.00 | 10,100 | तीन माह |
| 29 | 89981167 | डुटीपाठ में लिफ्ट इरीगेशन के द्वारा चुआ से सोलर उर्जा आधारित जलमिनार निर्माण। | डुमरी | 5,04,240.00 | 1,250.00 | 10,100 | तीन माह |
| 30 | 89981636 | नवाडीह पंचायत के परिसर आंगन में पेभर ब्लॉक पथ निर्माण। | डुमरी | 4,96,000.00 | 750.00 | 10,000 | तीन माह |
| 34 | 88624635 | ग्राम कुनडेल में आंगन बाड़ी केंद्र का मरम्मति कार्य | अल्बर्ट एक्का जारी | 3,78,900.00 | 750.00 | 7,600 | तीन माह |

निविदा की शर्तें:-
1. जिला परिषद, गुमला एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन गुमला जिले के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के नाम से होगा एवं अवापसी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निर्धारित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट दी गया हुआ ही मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है
4. निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला

PR 341926 Rural Development(24-25)#D



# चांडिल में इंटर के छात्रों से रजिस्ट्रेशन का ऑनलाइन चार्ज के नाम पर अवैध वसूली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** सिंहभूम कॉलेज चांडिल में रजिस्ट्रेशन का ऑनलाइन चार्ज के नाम पर 100 रुपया का अतिरिक्त वसूली के खिलाफ में प्रभारी प्राचार्य को अवगत कराया गया। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाईजेशन सिंह भूम कॉलेज चांडिल कमिटी के कोषाध्यक्ष समीर कुमार महतो ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड राज्य के सभी स्कूल, कॉलेजों में इंटर का रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा है। सभी जगहों में निर्धारित पंजीयन शुल्क एवं परीक्षा फॉर्म भरने हेतु शुल्क लिया जा रहा है, परंतु हमारे यहां सिंह भूम कॉलेज में निर्धारित शुल्क के अलावा बिना सूचना जारी किए सभी इंटर के छात्रों से ऑनलाइन चार्ज के नाम पर 100 रुपया अतिरिक्त लिया जा रहा है, सभी स्कूल - कॉलेज में चालान के माध्यम से लिया जा रहा है लेकिन सिंहभूम कॉलेज चांडिल में बिना चालान का लिया जा रहा है यह एक प्रकार से अवैध तरीके से छात्रों से शुल्क लिया जा रहा है। इस विषय को लेकर बुधवार को प्राचार्य महोदय से बात किया गया प्राचार्य ने बताए कि कॉलेज में संसाधन की कमी कॉलेज स्टाफ की कमी है, जिसके चलते ये अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है। विषय को संज्ञान में देने के बावजूद अगर समस्या का समाधान नहीं निकला गया तो छात्र संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उपस्थित जिला कार्यालय सचिव युधिष्ठिर प्रामाणिक, सिंह भूम कॉलेज कोषाध्यक्ष समीर कुमार महतो, मनोज कुमार, मनोज सिंह सरदार,सचिन सिंह मुंडा, आदि थे।

# गुकेश- शह और मात का नया शहंशाह


डॉ. आर.के. सिन्हा

आज सारे भारत का बच्चा - बच्चा डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक गौरवशाली इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। गुकेश कैसे बन गए विश्व शतरंज चैंपियन? इसी विषय पर यह आलेख।

सारा भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी इतनी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और उनकी ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है।

गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया।

रणनीतिक गहराई:

गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं।

गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा



करने का अनुभव मिला है।

उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है और उन्हें विभिन्न स्थितियों के लिए तैयार किया गया है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है।

उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है।

इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों ही भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं।

दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं।

दोनों ही खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं, बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी की है और जीत हासिल की है।

दोनों ही खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं। वे हारने पर भी सम्मान बनाए रखते हैं। विश्वनाथन आनंद एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जो 90 के दशक से खेल रहे हैं, जबकि गुकेश एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी हैं। आनंद ने कंप्यूटर युग से पहले शतरंज खेला, जबकि गुकेश का विकास कंप्यूटर के युग में हुआ है।

आनंद अपनी तेज और आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुकेश एक अधिक रणनीतिक और रक्षात्मक खिलाड़ी हैं। आनंद त्वरित चालों और जटिलताओं में माहिर हैं, जबकि गुकेश स्थिति को नियंत्रित करने और धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरूआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं।

आनंद एक अधिक सहज और रचनात्मक खिलाड़ी हैं, जबकि गुकेश अधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक खिलाड़ी हैं। आनंद स्वाभाविक रूप से प्रेरित होकर खेलते हैं, जबकि गुकेश अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारत में शतरंज पहले से ही काफी लोकप्रिय है, लेकिन गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों के उदय से यह और भी लोकप्रिय हो सकता है।गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से युवा पीढ़ी को शतरंज में रुचि लेने की प्रेरणा मिलेगी। युवाओं के लिए एक आदर्श मॉडल होने से अधिक युवा शतरंज खेलने के लिए आकर्षित होंगे।

ऑनलाइन शतरंज प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर विश्लेषण उपकरणों की उपलब्धता से खेल अधिक सुलभ हो गया है। इंटरनेट के माध्यम से सीखने और खेलने के विकल्पों ने शतरंज को अधिक सुविधाजनक बना दिया है। शतरंज को अब पहले से अधिक मीडिया कवरेज मिल रहा है, जिससे खेल के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। प्रमुख समाचार चैनलों और खेल वेबसाइटों पर शतरंज की घटनाओं को कवर किया जा रहा है।

शतरंज को अब स्कूलों में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में मान्यता दी जा रही है, जिससे बच्चों को खेल के लाभों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे और लोकप्रिय बनाया जा सकता है।

शतरंज में प्रायोजन में वृद्धि से खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी। प्रायोजकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी। गुकेश का विश्व चैंपियन बनना भारत में शतरंज को और लोकप्रिय बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया जाएगा और शतरंज में करियर बनाने के लिए एक नया रास्ता खुलेगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### संसद में दलदल

संसद बुरी तरह निराश कर रही है। लोगों की अपेक्षाएं ध्वस्त हो रही हैं। लोक सभा में इस समय जो हो रहा है, वैसे तो वह लंबे समय से सिलसिला बना हुआ है, लेकिन अब लगता है कि संसद को, संसद की गरिमा को और संसद के प्रति जन आस्था को जिस दल-दल में फंसा दिया गया है, वहां से इसका उबरना या अपने धवल रूप में बाहर आना संभव नहीं रह गया है। संसद के इस तरह निरर्थक बना देने के लिएन कोई एक व्यक्ति जिम्मेदार है, न कोई एक दल और न कोई एक मुद्दा। हर मुद्दा विवादित, हर व्यक्ति उत्तेजित और हर दल आक्रामक है। सरकार संसद न चलने देने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाती रहती है, और विपक्ष इसके लिए सरकार को कठघरे में खड़ा करता रहता है। सभापति या अध्यक्ष जैसे जिन पदों पर तटस्थ, निष्पक्ष और निर्णायक भूमिका में बने रहने की अपेक्षा होती है, वे डगमगाहट के शिकार होने लगे हैं। ऐसा पहली बार है कि राज्य सभा के सभापति के विरुद्ध विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। यह घटना अब तक के संसदीय इतिहास की अपनी तरह की पहली घटना है, और इसे काले धब्बे की तरह याद किया जाएगा। विपक्ष का आरोप है कि उपराष्ट्रपति एवं राज्य साभा के सभापति जगदीप धनखड़.विपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं देते। नेता विपक्ष के प्रति अवांछित भाषा एवं व्यवहार को बढ़ावा देते हैं। भाजपा के प्रवक्ता के बतौर काम करते हैं। सरकार के झूठ का खंड़न नहीं करने देते। ऐसे सभापति को पद पर नहीं रहना चाहिए। सरकार इसे विपक्ष की अतिवादिता बताती है, और विपक्ष का निम्न आचरण करार देती है। सरकार और विपक्ष के बीच यह ऐसा गतिरोध है जिसका कोई समाधान नहीं है। विपक्ष को पता है कि राज्य सभा में उसके पास संख्याबल नहीं है, और अविश्वास प्रस्ताव को गिर जाना है, लेकिन शायद विपक्ष इस प्रस्ताव की भावी दुष्परिणति की कल्पना नहीं कर पा रहा है। इसने सरकार को और अधिक थेथर बना दिया है। हो सकता है कि वह अपने सभापति के किसी आचरण या विशेष कृत्य को उचित न मानती हो, लेकिन कमर कस के सभापति के पक्ष में खड़ी रहेगी और संसद चले या नहीं चले, विपक्ष की मंशा पूरी नहीं होने देगी। विपक्ष को यह प्रस्ताव लाने से बचना चाहिए था। इससे उसने न अपना भला किया है, और न संसद का, न लोकतंत्र का और न देश की जनता का।



## चिंतन-मनन

### दुखः भी सहें

आज स्थिति यह है कि महात्मा बनना तो सब चाहते हैं, पर उनके अनुरूप कार्यों से जी चुराते हैं। बलिदान करने के समय हिचकिचाते हैं, वे महान कैसे बन सकते हैं। बादशाह ने सुना, मेरे राज्य में स्थान-स्थान पर रामायण का पारायण हो रहा है। उसे झुंझलाहट हुई। वह कहने लगा- मेरे शासन में राम के गीत गाए जाएं ऐसा क्यों? उत्तर मिला-यहां हिन्दुओं की संख्या अधिक है। कुछ सोचकर बादशाह बोला, समुद्र में रहते हैं मगरमच्छ से वैर। मेरे राज्य में मेरी रामायण चलेगी। बादशाह ने वाकई में अनेक पण्डितों को बुलाकर अपनी रामायण बनाने का आदेश दे दिया, पंडित असमंजस में पड़ गए। करते भी क्या? आखिर उन्हें एक उपाय सूझा। कई दिन बीतने के बाद वे बादशाह के पास गए।

बादशाह- क्या मेरी रामायण तैयार हो गई?

पंडित- जहांपनाह! रामायण करीब-करीब पूरी होने वाली है पर एक बात अधूरी है उसके बिना रामायण पूरी नहीं होगी।

बादशाह- वह क्या है?

पंडित- रामायण में राम की पत्नी सीता को रावण चुरा कर ले गया था। आपकी कौन-सी बेगम को कौन चुरा कर ले गया!

बादशाह- (क्रोध में आकर) मेरी बेगम को क्यों ले जाए? टुकड़े-टुकड़े कर दो, ऐसी रामायण मुझे नहीं चाहिए। उसने नई रामायण बनवाने का विचार त्याग दिया।

कहने का आशय यह है कि आज भी प्रायः व्यक्ति अपनी रामायण (प्रशस्ति) चाहते हैं, पर कष्ट देखना, सहना कोई नहीं चाहता। महात्मा गांधी बनने को सब तैयार हैं, लेकिन गोली खाने के लिए कौन तैयार है?

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस : ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी


योगेश कुमार गोयल




ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन एक विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है 'स्थायित्व को बढ़ावा देनाः हर वाट मायने रखता है'। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाईट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बबार्दी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा। देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि ऊर्जा चाहे किसी भी रूप में हो, वह उसे व्यर्थ में नष्ट न करे। अपने और आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य के लिए हमें अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण की आदतों को शामिल करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा पर्यावरण पर चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

# संसद : कैसे खत्म हो गतिरोध


रजनीश कपूर

संसद का शीतकालीन सत्र पहले दिन से हंगामेदार बना हुआ है। विपक्ष ने सरकार को अदानी मुद्दे पर घेर रखा है। उसकी मांग है कि सरकार अदानी मुद्दे पर बयान दे कर अपना रुख साफ करे। परंतु जैसे ही विपक्ष इस मुद्दे को उठाता है तो हल्ला मच जाने के कारण संसद के सत्र को स्थगित करना पड़ता है। राज्य सभा में भी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।

पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहा है कि जब भी विपक्ष सरकार को भ्रष्टाचार या अन्य किसी मुद्दे पर घेरने की कोशिश करता है तो संसद का वह सत्र शोर-शराबे के बीच बर्बाद हो जाता है। विपक्षी दलों का आरोप है कि जब भी सरकार के पास उनके सवालों का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं होता तो संसद को ठप कर देती है पर इसके लिए विपक्ष को ही जिम्मेदार ठहराती है। भ्रष्टाचार की बात करें तो दुनिया के देशों में भ्रष्टाचार के सूचकांक को जारी करने वाली संस्था 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का 28 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का धन अवैध रूप से विदेशों में जमा है। रिपोर्ट के बाद किसी भी सरकार को हरकत में आना चाहिए था और इस एजेंसी व ऐसी अन्य एजेंसियों की मदद से इस रिपोर्ट के आधार बिन्दुओं की जांच करनी चाहिए थी जिससे भ्रष्टाचार की जड़ पर कुठाराघात किया जा सकता। पर सरकार किसी भी दल की क्यों न रही हो जब-जब उससे इस बाबत पूछा गया कि उसने इस रिपोर्ट को लेकर तथ्य जानने की क्या कोशिश की तो सरकार का उत्तर था, चूंकि 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' भारत सरकार का अंग नहीं है, इसलिए उसकी रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया जा सकता। यहां 2011 की एक घटना को याद करना उचित होगा। जब सत्ता पक्ष को भ्रष्टाचार के मामले में जोड़-शोर से घेरने वाली भाजपा को ही मीडिया ने घेर लिया था। मीडिया का सवाल था कि सत्ता पक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार की मांग करने वाली भाजपा अपनी कर्नाटक सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री येदुरूप्पा के घोटालों के विषय में चुप क्यों है?

भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष नितिन गडकरी ने बड़ा ही हास्यास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा, 'येदुरूप्पा ने जो कुछ किया, वह अनैतिक है पर अवैध नहीं।' अब इस बयान को पढ़कर कौन ऐसा होगा जो अपना सिर न धुने यानी क्या भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व सार्वजनिक जीवन में अनैतिक आचरण को स्वीकार्य मान रहा था? यही वजह है कि उस समय की भाजपा की कथनी-करनी में भ्रष्टाचार से लड़ने और उसे समाप्त करने की कोई मंशा दिखाई नहीं दी। सारा शोर राजनैतिक लाभ उठाने को मचाया गया। जनता को संदेश दिया गया कि विपक्ष भ्रष्टाचार के विरूद्ध है, जबकि हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा भाजपा नेतृत्व भ्रष्टाचार से लड़ना ही नहीं चाहता था। इसलिए उस समय का विपक्ष जेपीसी की मांग पर अड़ा हुआ था जिसका कोई हल निकलने वाला नहीं था और उस समय का गतिरोध यूं ही चलता रहा। न सिर्फ भ्रष्टाचार व अन्य मामलों को लेकर सरकार पर, बल्कि चुनाव आयोग पर भी चुनावों की प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं। चुनाव बाद सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न बने। चुनाव कराने वाली सर्वोच्च संविधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग हर चुनाव को पारदर्शिता से कराना चाहिए। यह बात बीते महीनों से विपक्षी दल और अन्य जागरूक नागरिक कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए।

बीते कुछ समय से चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर और चुनावी आंकड़ों को लेकर काफी विवाद चल रहा है। हर विपक्षी दल ने एक सुर में आवाज लगाई कि ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा। 'इंडिया' गठबंधन अगर सोचता है कि वो देश में अदानी मुद्दे और ईवीएम के



मुद्दे पर 'बोफोर्स' जैसा माहौल बना लेगा तो संभव नहीं लगता। कारण, बोफोर्स के समय नेतृत्व देने के लिए विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसी साफ छवि वाला नेता मौजूद था और आज के राजनेताओं में ऐसा एक भी चेहरा नहीं जिसे जनता बेदाग मानती हो। जब नेतृत्व में ही जनता का विश्वास नहीं तो ऐसे मुद्दों पर जन आंदोलन कैसे बनेगा?

हां अगर विपक्ष एकजुट होकर किसी साफ छवि वाले नेता को अपना नेतृत्व सौंपता है, तब संभावना अवश्य है कि जनता का कुछ विश्वास हासिल किया जा सके पर इसमें भी पेच है। ऐसे नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकारने में सभी विपक्षी दल मानसिक रूप से तैयार हों। परंतु देश की संसद में गतिरोध पैदा करके सिवाय करदाता के पैसे की बबार्दी के अलावा कुछ नहीं हो रहा। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को इस गतिरोध को जल्द से जल्द खत्म कर देना चाहिए।

# महाकुंभ में बनने जा रहा नया कीर्तिमान: सीएम योगी

## प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से साकार हो रहा दिव्य, भव्य व डिजिटल महाकुम्भ का सपना

**प्रयागराज।** ठीक एक महीने बाद विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक, धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन, मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत तथा सनातन के महापर्व महाकुंभ-2025 का शुभारंभ होने जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन तथा उनके द्वारा 5500 करोड़ की 167 परियोजनाओं के लोकार्पण के प्रति आभार जताते हुए प्रयागराज, प्रदेश व महाकुंभ में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की ओर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आगमन मां गंगा-यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी में पूजा-अनुष्ठान के साथ ही प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों, देश व दुनिया के अंदर भारत के प्रति अनुराग रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्व रखता है। सीएम योगी ने कहा कि हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों से होने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से कुंभ 2019 का सफल आयोजन हुआ था और अब महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए मिल रहे मार्गदर्शन के लिए हम सभी उनके प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विजन की प्रशंसा करते हुए उनके नेतृत्व में किए गए प्रयास और सनातन धर्मावलंबियों के हितों की रक्षा के साथ ही कुम्भ को लेकर स्थापित किए गए उच्च प्रतिमानों की पूर्ति को लेकर आभार जताया। सीएम योगी ने कहा कि पहली बार 2019 के प्रयागराज कुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व आदेश पर सैकड़ों वर्षों के बाद श्रद्धालुओं को अक्षय वट के दर्शन हुए थे। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में अक्षयवट कॉरिडोर का भी उद्घाटन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े हनुमान जी जिनका अभिषेक करने के लिए मां गंगा प्रतिवर्ष आती हैं, उस बड़े हनुमान मंदिर के कॉरीडोर



का लोकार्पण भी आज प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों द्वारा होने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सरस्वती कूप, जिसमें अदृश्य रूप में मां सरस्वती वास करती हैं और संगम पर गंगा-यमुना के साथ ही उनका संगम होता है, पहली बार 2019 के कुम्भ में ही श्रद्धालुओं को इस पवित्र सरस्वती कूप के दर्शन सुलभ हुए थे। सरस्वती कूप का यही भव्य रूप अब सरस्वती कॉरीडोर के रूप में लोकार्पण के जरिए सबके समक्ष होगा, सर्व सुलभ होगा। भगवान राम जब वनवास के लिए निकले थे तो सबसे पहले उन्होंने मैत्री का हाथ श्रृंगवेरपुर में निषादराज के समक्ष बढ़ाया था। सीएम योगी ने कहा, प्रधानमंत्री की प्रेरणा से यहां भगवान राम और निषादराज की 56 फुट ऊंची प्रतिमा व कॉरिडोर का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा होने जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के सबसे पहले गुरुकुलों में सम्मिलित तथा जिस आश्रम में रहकर भगवान राम ने आशीर्वाद प्राप्त करके हानिसिचर हीन करउँ महि भुज उठाइ प्रन कीन्हह यानी भूमि को राक्षसहीन करने का संकल्प लिया था, ऐसे महर्षि भारद्वाज के आश्रम के कॉरीडोर का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जा रहा है। कुंभ कैसे होना चाहिए, कुंभ भव्य भी हो, दिव्य भी हो, स्वच्छ भी हो, सुरक्षित भी हो, सुव्यवस्थित भी हो यह परिकल्पना प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 कुंभ में दी। इस बार महाकुंभ भव्य-दिव्य व डिजिटल महाकुंभ के रूप में कैसे होना है यह भी प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से साकार हो रहा है। सीएम योगी के अनुसार, प्रयागराज शहर, आसपास के जनपदों और दुनिया के सबसे बड़े अस्थायी शहर के तौर पर साकार हो रहा महाकुंभनगर भी उनकी ही प्रेरणा का द्योतक है। प्रयागराज महाकुंभ 2025 के शुभारंभ की दृष्टि से हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश वासियों की ओर से, उस हर श्रद्धालु की ओर से जो प्रयागराज आकर अभिभूत होता है, ऐसे प्रत्येक श्रद्धालुजन की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। सीएम योगी ने इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्रयागराज महाकुंभ में स्वयंसेवक के तौर पर कार्य करने वाली टीम समेत समूचे प्रयागराज व उत्तर प्रदेश की जनता का आह्वान करते हुए एक महीने उपरांत शुरू हो रहे महाकुंभ की सफलता को लेकर दृढ़ विश्वास जताया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, खादी व ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, मत्स्यपालन मंत्री संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# धर्मोदय विद्या विहार द्वारा वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता

**कुशीनगर ।** बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर के क्रीड़ांगन में शुक्रवार को धर्मोदय विद्या विहार इंटर कालेज मदनपुर कसया द्वारा वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता के दौरान कक्षा चार व पांच की 100 मीटर रिले दौड़ बालिका वर्ग में सोनम, कक्षा तीन से पाँच की 200 मीटर रिले दौड़ बालक वर्ग में गौरव यादव तो बालिका वर्ग में अदिति पाण्डेय, कक्षा सात व आठ की 200 मीटर रिले दौड़ बालिका वर्ग में रोशनी कुशवाहा, कक्षा नौ से बारह की 400 मीटर रिले दौड़ बालिका वर्ग में याशमीन अंसारी, कक्षा नौ से बारह की 800 मीटर रिले दौड़ बालिका वर्ग में शालिनी निगम तो बालक वर्ग में अभय यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो- खो प्रतियोगिता में टीम रेड ने प्रथम तो टीम ब्लू ने द्वितीय स्थान प्राप्त



किया। कक्षा छः से बारह की स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में शिखर शर्मा तो बालिका वर्ग में विद्यावती मद्देशिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ के मुख्य अतिथि गोरखपुर सेन्ट मैरी इंटर कालेज पादरी बाजार से आये फादर टोनी व विशिष्ट अतिथि लिटिल फ्लॉवर स्कूल धर्मपुर से आये फादर एबीन ने फीता काट कर किया। इस दौरान अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। छात्रों को खेलों से टीम भावना, अनुशासन, आपसी सौहार्द की भावना सीखने को मिलती है। आजकल सरकार खेलों इंडिया के द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। खिलाड़ियों को अपने काबिलियत को सिद्ध करने के लिए तमाम सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही है।

अतिथियों का स्वागत व अंत में आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर मैथ्यूज एम जॉन ने ज्ञापित किया। शिक्षक चन्द्रकांत श्रीवास्तव व लेखाकार नित्यानंद ने संचालन किया। निर्णायक की भूमिका सिस्टर नम्रता, सिस्टर टेन्सी व सिस्टर ब्लेसी ने निभाया। इस दौरान संदीप, अनित, सर्वेश, सुधीर, विशाल, धर्मेन्द्र, आनन्द सागर, विपिन, अनिता, नीता, किरन, संगीता, निधि, शालिनी, शशिप्रभा, पूजा, प्रज्ञा, ज्योति, विजयलक्ष्मी, सीमा आदि ने खेल प्रतियोगिता के सफल संपादन में अपनी योगदान दिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के अतिरिक्त विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# नॉन वेंडिंग जोन में धनउगाही के लिए रखवाई टंकियां

**बस्ती ।** नगर पालिका परिषद के कामकाज पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। इस बार मामला बीडीए के अधिकारों के उल्लंघन और नॉन-वेंडिंग जोन में अवैध रूप से लोहे की टंकियां रखवाने का है। यही नहीं, इन टंकियों के लिए दुकानदारों से डराने-धमकाने के आरोपों के बीच बड़ी रकम वसूली जाने की बात सामने आई है। आरटीआई कार्यकर्ता भानु प्रकाश चतुर्वेदी सहित कई लोगों ने जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों से शिकायत की है। उन्होंने सड़क किनारे रखवाई गई अवैध टंकियों को तुरंत हटाने की मांग की है। जब टंकियों में दुकान चला रहे दुकानदारों से बात की गई, तो उन्होंने नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए। दुकानदारों का कहना है कि उनसे टंकी के लिए 3.50 लाख रुपये मांगे गए थे, जिसमें से अब तक 2.20 लाख रुपये दिए जा चुके हैं।



साथ ही, 8 हजार रुपये एग्रीमेंट के नाम पर वसूले गए हैं, लेकिन अब तक कोई कागज नहीं सौंपा गया। दुकानदारों ने कहा कि टंकियां हट जाने पर उनका रोजगार खत्म हो जाएगा। एक महिला दुकानदार ने आरोप लगाया कि पैसे देने से इनकार करने पर उन्हें डराया-धमकाया गया और वसूली की गई। इस मुद्दे पर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने सफाई दी। उन्होंने कहा, ₹जहां भी लोहे की टंकियां बनी हैं, वहां एग्रीमेंट के साथ आवंटन किया गया है। डरा-धमकाकर वसूली का आरोप निराधार है। अगर किसी को शिकायत है, तो वह पालिका में आकर शिकायत दर्ज कराए। कार्रवाई की जाएगी।

### दलाई लामा को नोबेल पुरस्कार मिलने की

# तिब्बतियों ने 35वीं वर्षगांठ मनाई



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित तिब्बत मन्दिर में बौद्ध धर्म गुरु और 14 वें दलाईलामा को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने की 35 वीं वर्षगांठ क उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर निर्धन पुरुषों, महिलाओं, बच्चों को भोजन कराया गया।

गुरुवार को तिब्बती मन्दिर के प्रमुख भिक्षु कुन्चुक लामा व भिक्षु संघ से जुड़े भिक्षुओं ने मुख्य मंदिर में घी के दीप जलाए और विशेष पूजन अर्चन कर चिवर चढ़ाया। इसके पश्चात तिब्बत मोनेस्ट्री में स्थित मुख्य मंदिर में बुद्ध की प्रतिमा का धम्म पाठ के साथ पूजन किया गया और दलाई लामा के चित्र के समक्ष कैंडिल जलाकर उनके निरोग व दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की गई। स्थानीय महिलाओं व बच्चों ने बुद्ध गीत प्रस्तुत किये। भिक्षु कुन्चुक लामा ने कहा कि तिब्बती धर्मगुरु परम पूज्य दलाई लामा को 10 दिसम्बर 1989 को उन्हें नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। पूरे विश्व में तिब्बती समाज इस दिन को उत्सव के रूप में बड़े हर्ष के साथ मनाता है। इस अवसर पर भिक्षु तेनजिंग धोचक लामा, भन्ते ग्यात्सो लामा, मुखलाल सिंह, ओमप्रकाश कुशवाहा, बिट्टू आर्या, अजय कुमार सिंह, अनिल राजभर मौजूद रहे।

# मजदूरी न मिलने पर मजदूरों का हंगामा

## ढाई घंटे बंद रखा प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का गेट, कुलपति भड़के

**गोरखपुर ।** भटहट क्षेत्र के पिपरी में बन रहे प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मजदूरों ने हंगामा किया। वे 4 महीने से मजदूरी न मिलने का आरोप लगा रहे थे। उन्होंने बांस-बल्ली रखकर प्रवेश द्वार बंद कर दिया। ओपीडी में आने वाले डाक्टर भी काफी देर तक बाहर रुके रहे। सूचना पाकर पहुंचे कुलपति ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन मजदूर नहीं माने। इस बात पर भड़के कुलपति ने एसएसपी को फोन लगा दिया और फोर्स भेजने को कहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूरों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

ठीकेदार को जल्द से जल्द भुगतान करने को कहा गया। निर्माण कर रही संस्था की ओर से दोपहर तक ठीकेदार के खाते में सितंबर की मजदूरी भेज दी गई। भटहट क्षेत्र के पिपरी में महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण चल रहा है। यहां की ओपीडी का पिछले साल ही उद्घाटन हो चुका है। इस यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य में बड़ी संख्या में मजदूर लगे हैं। शुक्रवार की सुबह



8 बजे मजदूरों ने मुख्य द्वार पर जाम लगा दिया।

उनका कहना है कि 4 महीने से उन्हें मजदूरी नहीं मिल पा रही है। जिससे घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। गेट अवरुद्ध होने के कारण ओपीडी में जा रहे डाक्टरों एवं मरीजों को बाहर इंतजार करना पड़ा। हंगामा लगभग ढाई घंटे तक चला। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कुलपति प्रोफेसर एके सिंह ने मजदूरों से बात की। कुलपति परिसर में स्थित अपने आवास में थे। मजदूरों ने उनसे कहा कि मजदूरी दिला दीजिए तो गेट से हट जाएंगे। इस बात पर उन्होंने नाराजगी जताई और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को फोन लगा दिया। उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए फोर्स भेजने को कहा। थोड़ी ही देर बाद सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह, गुलरिहा के थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मजदूरों से बात कर उन्हें शांत कराया और रास्ता खुलवाया। गुलरिहा के इंसपेक्टर ने निर्माण कार्य कर रही विजय निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर से फोन पर बात कर भुगतान कराने को कहा। पुलिस ने चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर मजदूरों का भुगतान नहीं हुआ तो मजदूरों की तहरीर पर ठेकेदार या कार्यदायी संस्था के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके बाद श्रमिकों को देने के लिए सितंबर महीने का भुगतान श्रमिकों को लाने वाले ठेकेदार के खाते में भेज दी गई। प्रदर्शन में शामिल मजदूर घनश्याम, अरविंद कुमार, जय सिंह, राम सिंह, रामचंद्र आदि ने बताया कि 4 महीने से मजदूरी नहीं मिली है। हर हफ्ते खर्च के लिए मिलने वाले रुपये भी नहीं दिए जा रहे हैं।

परेशान होकर हमें आंदोलन करने को विवश होना पड़ा। सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे कंपनी के गार्डों का कहना है कि उन्हें भी चार महीने से वेतन नहीं मिला है। इस मामले में सीओ ने कहा कि कि मजदूर को मजदूरी मिलने में परेशानी हो रही है तो वह हंगामा करने की जगह थाने को इसकी सूचना दें। विजय निर्माण कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि मजदूरों को जिस ठीकेदार के जरिए काम दिया गया है, उनकी ओर से बिल आदि जमा करने में देर की जाती है। जिससे समय से भुगतान में परेशानी हो रही है।

# ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ क्लब खुलना प्रसंशनीय: पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रियेश

संवाददाता

**कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चकदेइया में देवेश हेल्थ क्लब का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख डा. प्रियेश कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर किया और अपना फार्म भरकर प्रवेश लिया। शुक्रवार को उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यअतिथि श्री त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ क्लब के खुलना प्रसंशनीय है। युवा सेहतमंद रहेंगे। शहरों में यह संसाधन मौजूद है



लेकिन ग्रामीण अंचल में इसका अभाव है। गांवों में छिपी प्रतिभाओं को शरीर सौष्ठव के मामले में खुद को तराशने का अवसर है और सीखकर रोजगार की ओर उन्मुख हो सकते हैं। डा. त्रिपाठी एवं अतिथियों का माल्यार्पण कर संचालक व प्रशिक्षक पवन कुमार चतुर्वेदी, रमेश सिंह, देवेश चतुर्वेदी, हर्षवर्धन चतुर्वेदी, इशांत ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभी का आभार व्यक्त करते हुए संचालक श्री चतुर्वेदी ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से क्लब लैस है। यहां ओलंपिक वजन प्रशिक्षण, ओलंपिक प्लेट व रॉड वेट ट्रेनिंग, तेजी से वजन घटाना, एरोबिक क्लासेज, जुम्बा क्लासेज आदि की व्यवस्था की गई है। इस दौरान डा राजीव दिवेदी, शिक्षक राजेश कुमार शुक्ला, अविनाश शुक्ला, प्रवीण राव, ग्रामप्रधान संजीव सिंह, ग्रामप्रधान राजेश शर्मा, ग्रामप्रधान सुनील राजभर, ग्रामप्रधान प्रतिनिधि पिपरझाम संजीव सिंह, पूर्व प्रधान अशोक राय, संजय सिंह, अमित कुमार सिंह, प्रेम शंकर सिंह, अश्वनी चतुर्वेदी, सर्वेश गोंड़, हरिंदर गोंड़ सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

# कत्ल के मामले में दो गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ चौबिस हजार रुपये का जुर्माना

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के सुमेरपुर में 10 अप्रैल 2023 को अभियुक्तों ने रामगुलाम प्रजापति को जमीन बेचने के चलते लाठी से पीटकर जबकि कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी, साथ ही वन्दना को गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने के मामले में अ०सं०-174/2023 धारा 302/34,504,506,452,323/34 आईपीसी के तहत अभियुक्त कामता प्रजापति पुत्र रामगुलाम जबकि सुशील प्रजापति उर्फ लल्लू भाई पुत्र कामता प्रजापति निवासी सिमनौड़ी थाना सुमेरपुर के खिलाफ दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 12 दिसम्बर 2024 को एफटीसी प्रथम, गैंगस्टर अदालत हमीरपुर के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने दोनों अभियुक्तों को गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही किया बारह-बारह हजार रुपये का जुर्माना, जबकि मामले की जांच तत्कालीन इंस्पैक्टर राम आसरे सरोज ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट पेश की थी,जबकि अभियोजन की तरफ से अदालत में जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी महेश द्विवेदी ने दोनों अभियुक्तों को सख्त सजा देने की मांग की थी।



एडीजीसी- महेश द्विवेदी


# नवल स्मृति समारोह 17 दिसम्बर को



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** कसया तहसील के साखोपार में नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान द्वारा समाजसेवी, कवि एवं लेखक रहे स्वर्गीय नवल किशोर सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि 17 दिसंबर को दिन मंगलवार को समारोह पूर्वक आयोजित है।उक्त जानकारी एक देते हुए स्व. श्री सिंह के सुपुत्र व प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति अजय प्रताप नारायण सिंह व स्व. श्री सिंह के पौत्र सदस्य बीओसीडब्ल्यू बोर्ड श्रम मंत्रालय उत्तर प्रदेश अभय प्रताप नारायण सिंह ने देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी पुण्यतिथि के अवसर पर विविध प्रकार के कार्यक्रम होंगे। समारोह में श्री राम चरित मानस पाठ, काव्य गोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत और राष्ट्रीय एकता बिराट कुश्ती दंगल का आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि समारोह में भारी संख्या में लोगों की भीड़ होती है और विभिन्न विभागों द्वारा जहां प्रदर्शनी लगाएं जाएंगे वहीं स्वास्थ्य विभाग और कई निजी अस्पतालों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए जाएंगे। अपने पिता और पूर्वज को याद करने का यह अनूठा तरीका जिले में काफी प्रसिद्ध है।

# श्रम विभाग ने फाजिलनगर ब्लॉक सभागार में श्रमिकों को किया जागरूक



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** ब्लॉक सभागार फाजिलनगर में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कर्मचारी शशि शेखर मिश्र और श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार मजदूरों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित मजदूरों को अपने समीप के जनसेवा केन्द्र पर पहुंच कर जनसेवा केन्द्र के माध्यम से यू पी बी ओ सी डब्ल्यू के साइड पर श्रमिक पंजीयन कराने तथा पूर्व में पंजीकृत श्रमिकों को ससमय नवीनीकरण कराकर विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के जागरुक किया। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सँनिर्माण कर कल्याण बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्माण श्रमिकों की कल्याण मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना कन्या विवाह सहायता योजना अटल आवासीय विद्यालय योजना मृत्यु एवं दिव्यांगत सहायता एवं आक्षमता पेंशन योजना आदि संचालित की जा रही है जिसका लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दे है। इस दौरान एपीओ फाजिलनगर उमेश, कमरूदीन, विजय गुप्ता, जमशेद, मीना, श्रीराम, रामचंद्र सिंह, रामेश्वर सिंह, पुष्पा, सीमा सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद रहे।

# पेट्रोल की बोतल-लेकर ट्रेन के डिब्बे में बंद हुआ युवक: आत्मदाह करने की दी धमकी

**बिजनौर।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार एक यात्री ने तेल की बोतल हाथ में लेकर अपने आप को दिव्यांग डिब्बे में बंद कर लिया। जमकर हंगामा करने लगा। सूचना पर भारी संख्या पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। युवक को समझा बूझकर ट्रेन से उतारने के प्रयास में जुटी रही। करीब 3 घंटे बाद पुलिस ने उसे बाहर निकाल लिया है। दरअसल, मामला बिजनौर शहर कोतवाली के रेलवे स्टेशन का है। जहां शुक्रवार को करीब सवा दस बजे गजरौला से नजीबाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन के दिव्यांग डिब्बे में एक व्यक्ति ने खुद को बंद कर लिया। तेल की बोतल हाथ में लेकर जमकर हंगामा कर अपने आप को आत्मदाह करने की चेतावनी देने लगा। युवक का शोर सुनकर स्टेशन पर मौजूद आसपास के काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ी, एसडीएम सदर अवनीश कुमार, सीओ सिटी संग्राम सिंह, शहर कोतवाल उदय प्रताप, भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। करीब 3 घंटे बाद प्रशासन ने व्यक्ति को नीचे उतार लिया है। करीब तीन घंटे रेलवे स्टेशन पर ही ट्रेन खड़ी रही है, सभी यात्री परेशान रहे । फिलहाल 3 घंटे बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया है। ट्रेन पर अपने आप को बंद करने वाला व्यक्ति का नाम भारत भूषण है, जो चांदपुर क्षेत्र के पीपलसाना का रहने वाला है। उसका कहना है कि उसकी ससुराल वालों की जमीन लगभग तीन जगह बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के आदमपुर इलाके में है। जहां कुछ कॉलोनाइजर और माफियाओं ने उसके सास और ससुर की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह पिछले तीन से चार साल से परेशान है। कई बार अधिकारियों के चक्कर काट चुका है, लेकिन उसकी कोई बात सुनने को तैयार नहीं था। जिसके चलते उसने आज कदम उठाया है। अब अधिकारियों ने उसे की जमीन छुड़ाया जाने का आश्वासन दिया है। वहीं एसडीएम सदर अवनीश कुमार का कहना- ट्रेन में चढ़े व्यक्ति को करीब 3 घण्टे बाद आश्वासन देकर उतार लिया गया है। उसका कहना है कि उसकी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा किया गया। इस पूरे मामले की जांच की जाएगी । अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अब 2 दिन में बंद हो जाएगी एसआईपी, नहीं लगेगा जुर्माना

**- सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों को दिए सख्त निर्देश**

नई दिल्ली । सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है, भारतीय प्रतिभूति और विनियमक बोर्ड (सेबी) ने नया नियम लागू कर दिया है जिसके अनुसार अब आपको एसआईपी बंद करने के लिए सिर्फ दो दिन का इंतजार करना होगा। यह नियम 1 दिसंबर, 2024 से लागू हो चुका है। पहले सिपाहियों को 10 वर्किंग डेज़ का इंतजार करना पड़ता था, जिससे कई लोग अपनी सिप बंद करने में समय परेशान होते थे। इस नए नियम से निवेशकों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अब वे अपने एसआईपी को दो दिन पहले ही बंद कर सकेंगे। यह न केवल जुर्माने से बचाएगा, बल्कि उन्हें अपने निवेश पर अधिक नियंत्रण भी मिलेगा। सेबी ने इस नए नियम को पारदर्शिता और निवेशकों के हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। वरिष्ठ आर्थिक सलाहकारों का कहना है कि इस नए नियम से निवेशकों को वित्तीय योजनाओं में अधिक सावधानी बरतने में मदद मिलेगी। यह भी निवेशकों को आत्मविश्वास देगा की उनके निवेशों पर पूरी निगरानी हो रही है। इस नए नियम के लागू होने से बाजार में भी एक नया जोश आया है, क्योंकि लोग अब अपने निवेशों पर अधिक नियंत्रण बनाए रख सकेंगे। यह नियम आम लोगों के वित्तीय सुरक्षा को भी मजबूत करेगा और उन्हें बेहतर वित्तीय योजनाओं में निवेश करने का साहस देगा। इस तरह सेबी द्वारा नए नियमों की घोषणा से म्यूचुअल फंड निवेशकों को एक बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और वित्तीय योजनाओं में निवेश करने के लिए उन्हें अधिक आत्मविश्वास मिलेगा।

# रूस की तेल कंपनी रिलायंस को 500,000 बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल देगी!

**10 वर्षीय समझौता वैश्विक आपूर्ति का 0.5 प्रतिशत है**




मुंबई । रूस की सरकारी तेल कंपनी रोसनेफ्ट ने भारतीय निजी रिफाइनर रिलायंस को लगभग 500,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चे तेल की आपूर्ति करने पर सहमत हुई है, जो दोनों देशों के बीच अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा सौदा है।

10 वर्षीय समझौता वैश्विक आपूर्ति का 0.5 प्रतिशत है और आज की कीमतों पर लगभग 13 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है याने 11 हजार 322 करोड़ रुपये से ज्यादा का होगा।

इस सौदे से जुड़े तीनों सूत्रों ने बताया कि इस सौदे के तहत, रोसनेफ्ट हर महीने विभिन्न रूसी कच्चे तेल के 20-21 अफ्रामैक्स आकार के कार्गो (80,000 से 100,000 मीट्रिक टन) और ईंधन तेल के लगभग 100,000 टन के तीन कार्गो की आपूर्ति करेगा। ये शिपमेंट पश्चिमी राज्य गुजरात के जामनगर में रिलायंस के रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स, जो दुनिया का सबसे बड़ा है, के लिए आपूर्ति की जाएगी। 2024 में रिलायंस ने रोसनेफ्ट के साथ हर महीने 3 मिलियन बैरल कच्चे तेल की खरीद का सौदा किया था। रोसनेफ्ट नियमित आधार पर बिचौलियों के माध्यम से रिलायंस को कच्चा तेल भी बेच रहा है। एक सूत्र ने बताया कि नए सौदे में रूसी बंदरगाहों से रोसनेफ्ट के समुद्री तेल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा शामिल है, जिससे अन्य व्यापारियों और बिचौलियों के लिए बहुत अधिक आपूर्ति उपलब्ध नहीं होती है। सूत्रों के अनुसार जनवरी से अक्टूबर तक रिलायंस ने औसतन 405,000 बैरल प्रतिदिन रूसी तेल का आयात किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 388,500 बैरल प्रतिदिन से अधिक है।

# टोयोटा वेलफायर का घटा वेटिंग पीरियड




नई दिल्ली। टोयोटा वेलफायर कार के लिए वेटिंग पीरियड घटकर अब 6 महीने रह गया है।पहले ग्राहकों को इसके लिए 12 महीने तक इंतजार करना पड़ता था। नवंबर 2024 में इस कार की केवल 86 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो पिछले 6 महीनों में इसका सबसे खराब प्रदर्शन है। अक्टूबर में 115 यूनिट्स बिकी थीं, और नवंबर में इसकी बिक्री में 29 यूनिट्स की कमी देखी गई। पिछले छह महीनों के बिक्री आंकड़ों के मुताबिक, जून 2024 में 142 यूनिट्स, जुलाई 2024 में 113 यूनिट्स, अगस्त 2024 में 114 यूनिट्स, सितंबर 2024 में 87 यूनिट्स, अक्टूबर 2024 में 115 यूनिट्स, और नवंबर 2024 में 86 यूनिट्स बिकीं। इस दौरान कुल 657 यूनिट्स की बिक्री हुई। टोयोटा वेलफायर का डिजाइन बेहद मॉडर्न है और इसमें शानदार डैशबोर्ड, एंबिएंट लाइटिंग और 14 इंच का बड़ा टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इसके अलावा, इसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वेंटिलेटेड और हीटेड सीट्स, इलेक्ट्रिकली एडजस्ट होने वाला स्टीयरिंग व्हील, रूफ-माउंटेड एंटरटेनमेंट सिस्टम और स्प्लिट ग्लास रूफ जैसी सुविधाएं भी हैं।

सुरक्षा के लिहाज से भी वेलफायर बेहतरीन है, इसमें 360-डिग्री कैमरा और एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इस कार में 2.5 लीटर का 4-सिलेंडर पेट्रोल इंजन है, जो स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड सिस्टम से लैस है और 193 पीएस की पावर और 240 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसके ई-सीवीटी गियरबॉक्स की वजह से ड्राइविंग अनुभव और भी स्मूथ और आरामदायक बन जाता है। बता दें कि इस कार की एक्स-शोरूम कीमत 1.20 करोड़ रुपये है और इसके बावजूद खरीददारों में कमी नहीं आई है।

# सेबी ने एसएमई कंपनियों के आईपीओ के नियमों में किया बड़ा सुधार

**- यूपीएसआई की परिभाषा को और व्यापक और सख्त बनाया जाएगा**




मुंबई । भारतीय शेयर बाजार के नियामक प्राधिकरण, सेबी छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ के नियमों में सुधार करने की योजना बना रहा है। इसके तहत अप्रकाशित प्राइस सेंसिटिव इंफॉर्मेशन (यूपीएसआई) की परिभाषा को और व्यापक और सख्त बनाया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक ये सुधार 18 दिसंबर को होने वाली सेबी की बोर्ड बैठक में चर्चा के लिए रखा गया है। सेबी ने यह फैसला लिया है कि एसएमई लिस्टिंग नियमों को सख्त करके शेयर बाजार में धांधली और गलत प्रैक्टिस को रोका जा सके। इसके साथ ही, एसएमई आईपीओ में निवेश की न्यूनतम सीमा बढ़ाकर 2 लाख रुपये से 4 लाख रुपये करने का भी मौका दिया जा सकता है। समाचार के अनुसार इन सुधारों का मकसद है एसएमई लिस्टिंग में पारदर्शिता को बढ़ाना और निवेशकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करना। सेबी इन कदमों के जरिए इंसाइडर ट्रेडिंग ( पिट) नियमों को भी मजबूत करने का इरादा रखता है। इसे लेकर बहस चरम पर हो रही है, जब सेबी चेयरपर्सन को संबंधित विवादों में फंसे रहने का आरोप भी उठाया जा रहा है। इस सुधार से उम्मीद है कि शेयर बाजार में नए एसएमई कंपनियों के एक पारदर्शी और सकारात्मक मिलान की ऊर्जा बढ़ेगी।

# बजाज ऑटो 20 दिसंबर को लॉन्च करेगा अपडेटेड चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर

नई दिल्ली । स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो लोकप्रिय इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक का अपडेटेड मॉडल लॉन्च करने जा रहा है। कंपनी 20 दिसंबर को इसे लांच करेगी। कंपनी नए वर्जन में नए बॉडी फ्रेम का इस्तेमाल करेगी, जिसमें बैटरी पैक अब स्कूटर के फ्लोरबोर्ड के नीचे फिक्स होगा। इसके अलावा, अंडर सीट स्टोरेज को बढ़ाकर 22 लीटर तक किया जाएगा, जिससे ग्राहकों को ज्यादा स्पेस मिलेगा। नए चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर के डिजाइन में कुछ मामूली बदलाव हो सकते हैं, हालांकि इसकी स्टाइल और लुक्स में बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। स्कूटर में नए बैटरी पैक के साथ ज्यादा रेंज मिलने की उम्मीद है, जिससे ग्राहक लंबी दूरी तय करने में सक्षम होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नया मॉडल मौजूदा वर्जन के आसपास की कीमत पर लॉन्च किया जा सकता है, जो कि 96,000 रुपये से लेकर 1.29 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) के बीच है। अनुमान है कि नए मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत लगभग 1 लाख रुपये हो सकती है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर में स्टील बॉडी के साथ कुछ नई डिजाइन फीचर्स मिलेंगे, जैसे बॉडी कलर्ड रियर व्यू मिरर, सैटिन ब्लैक ग्रैब रेल, मैचिंग पिलियन फुटरेस्ट और चारकोल ब्लैक फिनिश टू हेडलाइट केसिंग। स्कूटर में डिस्क ब्रेक, अलॉय व्हील, एलईडी लाइटिंग, टेलीस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन और आईपी67 रेटेड वॉटरप्रूफ बैटरी जैसे महत्वपूर्ण फीचर्स भी दिए जाएंगे। इसके अलावा, एक एक्स्ट्रा 'स्पोर्ट' राइड मोड भी मिलेगा। भारत में चेतक का मुकाबला एथर रिज्टा जेड, ओला एस1 प्रो और टीवीएस आई-क्यूब जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स से है। ब्रेकिंग सिस्टम में सुधार करते हुए नए मॉडल में डिस्क ब्रेक सेटअप भी दिया जा सकता है। नए चेतक में हिल-होल्ड कंट्रोल, फॉलो मी होम लाइट, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, म्यूजिक कंट्रोल, कॉल अलर्ट, कस्टमाइजेबल थीम के साथ कलर्ड टीएफटी डिस्प्ले और ब्लूटूथ ऐप कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

## रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से 12 सुखोई जेट खरीदने किया करार

**सरकार ने जेट्स की खरीद के सौदे पर हस्ताक्षर किए**

नई दिल्ली । रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए उन्हें और अधिक शक्तिशाली और तैयार बनाने के लिए 12 सुखोई जेट्स की खरीद के सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं। इस 13,500 करोड़ रुपये के समझौते के ज़रिए, भारतीय रक्षा उद्योग का संयम और अनुभव ताकत में वृद्धि करेगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हुई इस डील के माध्यम से, एसयू-30 एमकेआई जेट्स का निर्माण अब भारत में ही होगा। यह एक महत्वपूर्ण क़दम है जो भारत के आत्मनिर्भरता की धारा को मज़बूत करेगा। विमानों में घरेलू सामग्री का 62.6 प्रतिशत शामिल होने से, भारतीय वायुसेना की योग्यता और तैयारी में सुधार होगा। इस सौदे ने भारत के सशस्त्र बलों की ताकत को बढ़ावा देने के लिए एक नया मार्ग प्रदर्शित किया है। रक्षा मंत्रालय ने इस महत्वपूर्ण खरीद के संदर्भ में सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान जारी किया है, जिसमें इस सौदे की महत्वपूर्णता और फायदे पर जोर दिया गया है। इसके माध्यम से, भारत ने अपने रक्षा सेक्टर को आगे बढ़ाया है और अपनी रक्षा तंत्र को मज़बूत करने के लिए ठोस क़दम उठाए हैं।





## एसबीआई की अमृत वृष्टि योजना- बेहतर निवेश का अवसर

**आम ग्राहकों को 7.25 और वरिष्ठ को 7.75 फीसदी ब्याज दर मिलेगी**

मुंबई । वर्तमान समय में निवेश करने के लिए मिल रहे अनगिनत ऑप्शन्स में से एक है भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नई अमृत वृष्टि योजना। यह सावधि जमा योजना है जिसका आकर्षण है उसकी अवधि के साथ सुनहरा ब्याज दर है। इस योजना में निवेश करने पर आम ग्राहकों को 7.25 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी। इस योजना के तहत जो आप्शन किए जा रहे हैं, वे महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी हैं। सीमित अवधि की यह जमा योजना 444 दिनों के लिए है और उन्हें 16 जुलाई 2024 से मिलेगी। निवेश करने का अंतिम तारीख 31 मार्च 2025 है। इस योजना को किसी भी भारतीय नागरिक के लिए खोला गया है, चाहे वो निवासी हो या अनिवासी और इसमें व्यक्तिगत, संयुक्त खाते और कंपनियां भी निवेश कर सकती हैं।

## दूसरों को मनपसंद डिश खिलाने वाली जोमैटो सरकार के डकार गई 803 करोड़! अब होगी वसूली




नई दिल्ली। जोमैटो को लेकर सरकार ने एक खुलासा किया है। सरकार ने कहा है कि जोमैटो ने 803 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की है और अब उसे वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। दूसरी ओर, जोमैटो ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा है कि वह इससे बचने के लिए कानूनी सहारा लेगी। ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया है कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने उसे 803.4 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड मांग नोटिस भेजा है। इसमें ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। कंपीन का कहना है कि डिलिवरी शुल्क पर ब्याज और जुर्माना के साथ जीएसटी का भुगतान न करने के संबंध में उसे नोटिस मिला है। जोमैटो ने कहा, 'कंपनी को 12 दिसंबर, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है। यह आदेश 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ठाणे आयुक्तालय, महाराष्ट्र के संयुक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है। इसमें लागू ब्याज के साथ 401,70,14,706 रुपये के जीएसटी की मांग और 401,70,14,706 रुपये के जुर्माने की पुष्टि की गई है।'

# अचानक शेयर बाजार ने मारी पलटी...

**सेंसेक्स 2000 अंक चढ़कर बंद**




नई दिल्ली । भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह के आखिरी दिन भारी उथलपुथल देखी जा रही है। शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी। लेकिन अब ना सिर्फ रिकवरी की है, बल्कि शानदार तेजी आई है। सेंसेक्स अभी 843 अंक चढ़कर 82,133 लेवल पर क्लोज हुआ, जबकि निफ्टी करीब 219 अंक उछलकर 24,768 पर बंद हुआ। इसके अलावा, बैंक निफ्टी में भी अच्छी तेजी देखने को मिली है। वहीं दोपहर तक शेयर बाजार में भारी गिरावट थी। सेंसेक्स 1200 अंक तक टूट चुका था और निफ्टी में 300 अंकों की गिरावट आई थी।

ऐसे में देखा जाए तो सेंसेक्स शुक्रवार के लो लेवल यानी 80,082 की तुलना में हाई लेवल 82,213.92 पर पहुंचा है, जो 2000 अंकों की उछाल है। वहीं निफ्टी दिन के लो लेवल से 600 अंकों की तेजी दिखाई है। शेयर बाजार में इतनी तेज रिकवरी की वजह हैवीवेट स्टॉक में शानदार तेजी और निवेशकों द्वारा लार्ज कैप स्टॉक में खरीदारी को माना जा रहा है।

बीएसई सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में से 27 शेयर उछाल पर थे, जबकि तीन शेयर टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और जेएसडब्लू स्टील दबाव में थे। सबसे तेज उछाल भारती एयरटेल के शेयर में 4.43 फीसदी की आई। इसके बाद कोटक बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 1 फीसदी से ज्यादा की तेजी रही, जबकि सुबह के दौरान इन शेयरों में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई थी।

**79 शेयरों ने लगाया अपर सर्किट**

वहीं एनएसई की बात करें तो टॉप 50 शेयरों में से 40 शेयरों में तेजी रही, जबकि 10 शेयर ही गिरावट पर थे। 79 शेयरों ने अपर सर्किट लगाया था और 73 शेयरों ने लोअर सर्किट लगाया। इसके अलावा, 83 शेयर 52 सप्ताह के हाई पर थे और 18 शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर थे।

## मुंबई में 455 करोड़ का बिका प्लॉट, रजिस्ट्री पर खर्च हुए 27.30 करोड़

मुंबई। मुंबई में एक साढ़े 19 हजार वर्ग फिट का प्लॉट 455 करोड़ में बिका है। इतने महंगे प्लॉट की खासियत यह है कि ये जुहू इलाके में है जहां बॉलीवुड की तमाम हस्तियां रहती हैं। स्क्वायर याड्र्स के अनुसार, अग्रवाल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई के अत्यधिक मांग वाले जुहू इलाके में एक लैंड पार्सल का अधिग्रहण किया है, जिसकी कीमत 455 करोड़ रुपये है। यह प्लॉट शापूरजी पालोनजी ग्वालियर प्राइवेट लिमिटेड से हासिल किया था। स्क्वायर याड्र्स ने इस प्लॉट के रजिस्ट्रेशन डॉक्युमेंट को देखने के बाद बताया कि यह लैंड पार्सल लगभग 1,819.90 वर्ग मीटर (19,589.22 वर्ग फुट) के क्षेत्र में फैला है। इस लैंड डील को नवंबर 2024 में रजिस्ट्रेशन के बाद फाइनल किया गया। इस प्लॉट की रजिस्ट्री में 27.30 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी और 30,000 रुपये का रजिस्ट्रेश चार्ज लगा है। इससे पहले, अग्रवाल होल्डिंग्स ने सितंबर 2022 में जुहू में लगभग एक एकड़ और तीन-चौथाई एकड़ में फैले दो लैंड पार्सल का अधिग्रहण किया था, जिसका कुल मूल्य 332.8 करोड़ रुपये था। कैपिटल मार्केट एंड सर्विसेज, स्क्वायर याड्र्स के फाउंडर आनंद मूर्ति ने कहा, मुंबई देश की कमर्शियल कैपिटल है और एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है इसलिए यहां प्रॉपर्टी की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। बता दें कि मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और साउथ व वेस्ट मुंबई की कई लोकेशन की मांग सबसे ज्यादा है। वहीं, जुहू और बांद्रा भी समंदर से अपनी नजदीकी और लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लिए निवेश के लिए हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है।

## फिक्की एफएलओ की वार्षिक बैठक में 350 महिला प्रतिनिधि शामिल

गुवाहाटी । फिक्की महिला संगठन की अंतरराज्यीय बैठक में देश भर से लगभग 350 व्यवसायी महिलाएं और उद्यमी शो मिल हुई हैं। एफएलओ के पूर्वोत्तर चैप्टर द्वारा आयोजित मिस्टिकल नॉर्थईस्ट नामक इस बैठक में भाग लेने वाली महिलाएं प्रतिनिधि हैं। यह चार दिवसीय बैठक गुवाहाटी और शिलांग में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में भारत के 20 चैप्टर से महिला उद्यमियों और पेशेवरों को एक साथ लाने का उद्देश्य है। इसके दौरान सलाह, नेटवर्किंग, और प्रदर्शन का मौका दिया जा रहा है। बैठक के पहले दो दिन गुवाहाटी में आयोजित होंगे और बाकी दो दिन शिलांग में। एफएलओ के माध्यम से इस सम्मेलन ने महिलाओं के उद्यमिता और एकजुटता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम साबित होने की उम्मीद है।

# यूपी से बिहार तक सस्ता हुआ तेल, हर जिले में बदला भाव

**-ब्रेंट क्रूड का भाव नीचे आकर 73.41 डॉलर प्रति बैरल हुआ**




नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में पिछले 24 घंटे के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में खास बदलाव नहीं आया। इस वजह से शुक्रवार सुबह देश के ज्यादातर शहरों में तेल की कीमतों में नरमी देखी जा सकती है। शुक्रवार को यूपी से से बिहार तक सभी जिले में तेल के दाम में बदलाव हुआ है। ज्यादातर बड़े शहरों में तेल की कीमतों में गिरावट दिख रही है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 27 पैसे सस्ता होकर 94.71 रुपये लीटर, डीजल भी 32 पैसे गिरा और 87.81 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 13 पैसे सस्ता हुआ और 105.60 रुपये लीटर हो गया, जबकि डीजल 13 पैसे गिरकर 92.43 रुपये लीटर पहुंच गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 16 पैसे चढ़कर 94.73 रुपये लीटर तो डीजल 19 पैसे चढ़कर 87.86 रुपये लीटर बिक रहा है।

कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में मामूली गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव नीचे आकर 73.41 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी गिरकर 69.90 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.71 रुपये और डीजल 87.81 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.60 रुपये और डीजल 92.43 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.73 रुपये और डीजल 87.86 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

## बुकफील्ड इंडिया ने क्यूआईपी के जरिये 3,500 करोड़ जुटाए

**- कंपनी को कर्ज घटाने की योजना को पूरा करने में मदद मिलेगी**

नई दिल्ली। बुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने कर्ज घटाने के लिए क्यूआईपी निर्गम के जरिये संस्थागत निवेशकों से 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह घोषणा उनके शेयर बाजार में पहली बार की गई है। बुकफील्ड ने शुक्रवार को शेयर बाजार को सूचित किया कि उन्होंने क्यूआईपी के माध्यम से 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह निवेश नौ दिसंबर को किया गया था और संस्थागत नियोजन के द्वारा किया गया था। इस निर्गम में लंबी अवधि के निवेशकों की मजबूत मांग देखी गई, जिसमें संस्थागत नियोजन, म्यूचुअल फंड और जीवन बीमा कंपनियों ने शामिल होकर निवेश किया। बुकफील्ड ने दावा किया कि इस निर्गम के तहत भारत में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम और भारतीय जीवन बीमा निगम ने निवेश किया है। इसके साथ ही, एसबीआई म्यूचुअल फंड और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड भी मुख्य निवेशकों में शामिल हैं। इस पूंजी के माध्यम से बुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट का कर्ज घटाने की योजना को पूरा करने में मदद मिलेगी और कंपनी के अगले कदमों के लिए मजबूती बढ़ेगी।

### आरजेडी विधायक को

# जदयू में शामिल होने का ऑफर

## अशोक चौधरी बोले: पहले भी बुलाया था, तेजप्रताप के बयान पर फूट-फूटकर रोए थे मुकेश रौशन

**पटना।** बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने आरजेडी विधायक मुकेश रोशन को जदयू में शामिल होने का ऑफर दिया है। अशोक चौधरी ने कहा, 'पहले भी मुकेश रोशन को जदयू में आने के लिए कहा गया था, लेकिन नहीं आए, पता नहीं कहां गड़बड़ा गए। तेजप्रताप के महुआ से चुनाव लड़ने पर अशोक चौधरी ने कहा कि ये लोग कभी काम नहीं करते हैं। मुकेश रोशन महुआ से आरजेडी के विधायक हैं। पांच दिन पहले एक कार्यक्रम में तेजप्रताप यादव ने कहा था, महुआ में मैंने स्कूल, अस्पताल और सड़क जैसे कई विकास कार्य करवाए हैं। अगर महुआ की जनता चाहेगी तो मैं 2025 में यहीं से चुनाव लड़ूंगा। ये मेरा पुराना विधानसभा क्षेत्र है।' तेज प्रताप के इस बयान के बाद महुआ से वर्तमान आरजेडी विधायक मुकेश रोशन ने कहा, 'पार्टी का जो फैसला होगा, उसे मानूंगा।' उसके बाद वो बीच सड़क पर फूट-फूट कर रोने लगे थे।लालू परिवार पर निशाना



साधते हुए अशोक चौधरी ने कहा, 'ये लोग हर बार क्षेत्र बदल लेते हैं। 5 साल में भाग जाते हैं। काम तो कुछ करते नहीं हैं। जनता फिर पकड़कर सवाल पूछेगी। अब महुआ के विधायक समझेंगे। उनको पहले से कह रहे थे, आ जाइए, आ जाइए। अब उनको समझ में आएगा। हमारा बढ़िया उम्मीदवार है, उनको अब क्यों लेंगे।' पहले भी महुआ से चुनाव जीत चुके हैं तेजप्रताप तेजप्रताप यादव वर्तमान में समस्तीपुर के हसनपुर के विधायक हैं। महुआ सीट से 2015 में चुनाव जीते थे। उन्हें 66,927 वोट मिले थे। नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार में 2015 में तेजप्रताप यादव को स्वास्थ्य मंत्री का पद भी मिला था। 2020 का विधानसभा चुनाव हसनपुर से लड़ा था। वहीं, 2020 के चुनाव में महुआ से मुकेश रोशन आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीते थे। मुकेश रोशन को 62,580 वोट मिले थे, जो तेज प्रताप यादव से 4,347 हजार कम थे।

## पंचायत सरकार भवन में शिफ्ट हुआ 34 डाक घर

**मोतिहारी।** में बिहार सरकार के निर्देश पर अब तक 34 डाक घर को पंचायत सरकार भवन में शिफ्ट किया जा चूका है। सरकार 35वां डाकघर को शिफ्ट करने कि तैयारी में जुटी है। दरअसल बिहार सरकार कि सोच है कि एक छत के नीचे लोगों को सभी सुविधा मिले। इसी को लेकर डाक विभाग लोगों तक सरल और सुलभ तरीके से अपने योजनाओं का लाभ देने के प्रयास में लगातार नए नए तरीके अपना रही है। इसी बीच बिहार सरकार ने निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवन में ही डाक शाखा का संचालन किया जाए। ताकि लोगों को एक छत के निचे सभी तरह का सुविधा मिल सके और उन्हें अलग अलग जगह नहीं जाना परे। पंचायत सरकार भवन में होगा डाक घर डाक



अधीक्षक आशुतोष आदित्य ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देश पर 34 पंचायत सरकार भवन में डाक कार्यालय को शिफ्ट किया जा चूका है। 35वां डाक कार्यालय सुगौली प्रखंड के उत्तरी सुगांव में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन में शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के निर्देश पर ही जहां भी पंचायत सरकार भवन है, उसी में डाक घर को शिफ्ट किया जा रहा है।

## महिला जागरूकता अभियान की शुरूआत

**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला संवाद यात्रा को लेकर मोतिहारी में महिला जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत, मोतिहारी जिले की महिला थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी और प्रशिक्षु डीएसपी पूजा विश्वास की अगुआई में महिला जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से स्कूलों में जाकर छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। आज महिला जागरूकता टीम ने आर्य विद्यापीठ और एमएस मेमोरियल स्कूल का दौरा किया। यहां पुलिस की टीम ने छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में बताया। इसके



साथ ही, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, मद्य निषेध और पॉक्सो एक्ट कानून की जानकारी भी छात्राओं को दी गई। इसके अलावा, नशे के नुकसान और उससे बचने के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिला थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी और केसरिया शक्ति बल की अपर प्रभारी संगीता कुमारी ने खासकर छात्राओं से अपील की कि वे खुद की सुरक्षा का ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि 10 से 15 साल की उम्र में छात्राएं अक्सर भटक सकती हैं, ऐसे में उन्हें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और किसी भी असुरक्षित स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करना चाहिए। महिला हेल्पलाइन नंबर और केसरिया शक्ति बल से संपर्क करने की जानकारी भी दी गई। अभियान के दौरान प्रशिक्षु डीएसपी पूजा विश्वास, महिला हेल्पलाइन प्रभारी रिया जायसवाल और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस जागरूकता अभियान से छात्राओं को आत्मरक्षा और समाज में महिलाओं के अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जो उनके भविष्य में सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने में मददगार साबित होगा।

## माइक्रोफाइनेंस कंपनी के प्रबंधक से 1.25 लाख की लूट

**सुपौल।** के जदिया थाना क्षेत्र के मानगंज से एक सनसनीखेज घटना सामने आई। भारत माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड कंपनी के प्रबंधक इंद्रजीत कुमार(39) को दो अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी और उनसे करीब सवा लाख रुपए, टैब और अन्य सामान लूट लिया। घटना गुरुवार की देर शाम की बताई जा रही है। घायल इंद्रजीत मुंगेर जिले के आदर्श गांव के निवासी हैं और पिछले डेढ़ वर्षों से सुपौल जिले के पिपरा स्थित भारत माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड कंपनी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। घटना के तुरंत बाद डायल 112 की पुलिस टीम उन्हें त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर बीएन पासवान ने बताया कि पीड़ित के पैर में गोली लगी है। हालांकि, उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है और उन्हें खतरे से बाहर बताया गया है।



घटना में घायल शख्स को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ईएमआई की वसूली कर अपने कार्यालय लौट रहे थे घटना को लेकर बताया जा रहा है कि इंद्रजी चार महिला समूहों से लोन की ईएमआई वसूल कर अपने कार्यालय लौट रहे थे। नहर के किनारे बनी सड़क से गुजरते समय एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उन्हें रोका। बातचीत से पहले ही अपराधियों ने उनके बाएं पैर में गोली मार दी और वसूली किए गए पैसे, कंपनी का टैब और अन्य सामान लूट लिया। अपराधियों ने उनकी बाइक भी छीन ली, लेकिन कुछ देर बाद उसे घटनास्थल पर ही छोड़ दिया। गोली मारकर पैसे और टैब लूटे पीड़ित ने बताया कि वह महिलाओं से वसूली कर लौट रहे थे, तभी यह हमला हुआ। अपराधियों ने उनका करीब सवा लाख रुपए, टैब, और अन्य सामान लूट लिया। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद अपराधी आसानी से फरार हो गए। जांच में जुटी पुलिस जदिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि फाइनेंस कर्मी के साथ अपराधियों के द्वारा लूट जैसी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित के द्वारा अबतक फर्द बयान या थाने में आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया की जाएगी।

## वन नेशन वन इलेक्शन के समर्थन में प्रशांत किशोर




**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने केंद्र सरकार द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन को मंजूरी दिए जाने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक देश एक चुनाव देश के लिए फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि अगर इसे सही नीयत से लागू किया जाए तो देश के लिए काफी फायदेमंद होगा। हर साल देश की करीब एक चौथाई जनता मतदान करती है। सरकार और जनता का समय बचेगा प्रशांत किशोर ने कहा कि मतदान की वजह से सरकार चलाने वाले लोग ज्यादातर समय चुनाव के चक्कर में फंसे रहते हैं। इसलिए अगर इसे एक या दो बार किया जाए तो सरकार भी हमेशा चुनाव मोड में नहीं रहेगी। साथ ही सरकार और जनता दोनों का समय और खर्च बचेगा। इसके साथ ही उन्होंने सरकार को सलाह दी कि देश में पिछले 50 सालों से चली आ रही चुनाव प्रक्रिया को 1 दिन में नहीं बदला जा सकता। सरकार को इस बदलाव को लागू करने के लिए 4-5 साल का समय देना चाहिए। इतने बड़े बदलाव 1 दिन में नहीं हो सकते। सही नीयत से लागू हो तो स्वागत योग्य कदम प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सरकार इसे किस उद्देश्य और नीयत से लागू करती है। यदि यह कानून सही नीयत से लाया जाता है तो यह स्वागत योग्य कदम है, लेकिन अगर इसका इस्तेमाल किसी विशेष वर्ग या समाज को हानि पहुंचाने के लिए किया जाता है, तो यह उचित नहीं होगा।

### संक्षिप्त डायरी

## महिला का मिला शव, गला रेत कर हत्या की आशंका

**सुपौल।** में गुरुवार की सुबह रेलवे लाइन के पास पुलिया के नीचे 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला है। सुबह टहलने निकले लोगों ने पुलिया के नीचे उपलाता हुआ शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामला किसनपुर थाना क्षेत्र के बौराहा पंचायत अंतर्गत अरराहा गांव का है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार राय ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट होता है कि महिला की हत्या धारदार हथियार से गला रेत कर की गई है। शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया। महिला के बाएं हाथ पर एस.के. लिखा हुआ है, जो उसकी पहचान में मददगार हो सकता है। एफएसएल की टीम को बुलाया थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि शव की पहचान कराने के लिए 72 घंटे तक शव को थाने में रखा जाएगा। यदि इस दौरान पहचान नहीं होती है तो नियमानुसार अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी) और डीआईयू (डिस्ट्रिक्ट इंटेलिजेंस यूनिट) की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। पुलिस हत्या के कारणों और संभावित संदिग्धों का पता लगाने में जुटी है। लोग हत्या की गुत्थी जल्द सुलझाने और आरोपियों को सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को महिला के बारे में कोई जानकारी हो, तो तुरंत थाने को सूचित करें। इस जघन्य अपराध की गुत्थी सुलझाने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

## पूर्णिया में स्टैंड में खड़ी 2 बसों में लगी आग



**पूर्णिया।** में बस स्टैंड में खड़ी पैसेंजर्स बस में आग लग गई। जिसके लपेटें इतनी तेज थी कि आग की चपेट में एक और पैसेंजर बस में आग लग गई। आगलगी के बाद बस स्टैंड में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। इस आगलगी में एक स्मैकर का हाथ बताया जा रहा था। घटना के बाद भाग रहे स्मैकर को लोगों को पकड़ लिया और संदेह पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि रोजाना की तरह बस यात्रा पूरी करने के बाद बस स्टैंड परिसर में आकर खड़ी थी। अगली यात्रा के लिए उसकी साफ सफाई की जानी थी। बस के ड्राइवर और खलासी कैंपस में ही टहल रहे थे। इसी बीच अचानक बस से धुआं निकलना शुरू हो गया। आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने आग का विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आंखों के सामने पूरी बस जलने लगी। आग की लपटों ने वहां खड़ी एक और बस को अपनी जद में ले लिया। बस से आग की लपेट उठती देख लोगों को तो पहले लगा कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी है। उसी समय बस से उतरकर एक युवक भागता हुआ देखा गया। कुछ ही दूरी पर स्मैक की छोटी पुड़िया दिखाई दी। जिसके बाद लोगों को समझ में आ गया कि यह घटना स्मैकर की वजह से हुई है। बस में बैठकर स्मैकर स्मैक पी रहा था, जिसकी वजह से आग लग गई।

## सलवार सूट में लगी आग, 50 परसेंट जली महिला



**औरंगाबाद।** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिसैनी गांव में शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के आसपास घर में रह रही अकेली वृद्ध महिला आग सेकने के दौरान झुलस गई। महिला के सलवार सूट और दुपट्टे में आग लग गई। महिला की पहचान मोहम्मद सलीम के 55 साल की पत्नी तोयेबा खातून उर्फ सुबिदा खातून के रूप में की गई है। झुलसी हालत में महिला को ग्रामीणों ने सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। ग्रामीणों ने फोन के माध्यम से घटना की जानकारी महिला के बहन के घर वालों को दी। सदर अस्पताल में डॉक्टर रवि भूषण शर्मा की देखरेख में इलाज चल रहा है झुलसी महिला के परिजन सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि तोयेबा खातून दोपहर में नहाने करने के बाद (बोरसी) में आग जलाकर ठंड से बचने के लिए आग सेक रही थी तभी सलवार सूट और दुपट्टे में आग लग गई। चीखने चिल्लाने के बाद आसपास के ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाई।

## एसएसबी ने मानव तस्करी को रोका, नाबालिग को बरामद किया



**सुपौल।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी की सीमा चौकी न्योर ने एक कार्रवाई की है। मानव तस्करी की कोशिश को विफल करते हुए एक 15 साल की नाबालिग लड़की को बरामद किया गया है। घटना न्योर चेकपोस्ट पर दोपहर 12:30 बजे हुई है। सीमा पर तैनात जवानों ने एक संदिग्ध जोड़े को रोक कर पूछताछ की। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने गुरुवार की देर शाम बताया कि भारत से नेपाल की ओर जाते इस जोड़े पर जवानों को संदेह हुआ। पूछताछ में पता चला कि 22 साल के कृष्ण कुमार यादव, नेपाल के सप्तरी जिले के लल्लापट्टी गांव का निवासी है। नाबालिग लड़की को शादी के बहाने नेपाल ले जा रहा था। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए मानव तस्कर रोधी इकाई और जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) को मामले की जानकारी दी। आवश्यक कार्रवाई के बाद नाबालिग लड़की को डीसीपीयू मधुबनी को सौंप दिया गया।अभियान में एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक साहिल कुमार और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई एसएसबी की सतर्कता और प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने में मदद करती है। एसएसबी की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों और जिला प्रशासन की ओर से सराहना की गई है। भारत-नेपाल सीमा पर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एसएसबी लगातार चौकसी और सतर्कता बनाए हुए है।

## पटना से ईरानी गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

### पुलिस अधिकारी बनकर ठगते थे गहने-रुपए; 9 शहरों में नेटवर्क, 3 घटना के बाद बदलते हैं शहर

**पटना।** पुलिस ने क्राइम ब्रांच के अधिकारी के नाम पर डरा-धमकाकर गहने, रुपए ठगने वाले ईरानी गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक का नाम रहमुतुल्ला सैफउल्ला जाफरी उर्फ रहमत अली (40) है, तो वहीं दूसरे का नाम मासूम अली (31) है। दोनों भोपाल (मध्य प्रदेश) के निशादपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमन कॉलोनी के रहने वाले हैं। इस गैंग में इनके अलावा 3 और भी लोग हैं, जो फरार हैं। पटना पुलिस इनकी तलाश कर रही है। गैंग के सभी मेंबर सुनियोजित तरीके से क्राइम ब्रांच के अधिकारी बनकर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने की है। सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने बताया, 'पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ अन्य सदस्यों की भी तलाशी की जा रही है। फिलहाल दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस को देखते ही भागने लगे 4 लोग, दो गिरफ्तार पटना के गांधी मैदान थाने



से चंद कदम की दूरी पर स्थित क्टअ हॉल के पास मंगलवार दोपहर 1 बजे दो बाइक पर चार लोग मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, वे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। इसी दौरान पुलिस की प्रेट्रोलिंग टीम वहां से गुजर रही थी। पुलिस की गाड़ी देखते ही चारों भागने लगे। दोनों बाइक अलग-अलग दिशा में भागी। पुलिस ने एक बाइक का पीछा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को थाने लाया गया, जहां उनसे पूछताछ हुई। पूछताछ के दौरान मुख्य सरगना रहमत अली के पास से मध्य प्रदेश पुलिस का कक्ठ कार्ड मिला।दोनों ने पुलिस को बताया कि वो लोगों को क्राइम ब्रांच के अधिकारी के नाम पर डरा-धमकाकर गहने और रुपए ठगते थे। पुलिस की पूछताछ में दो अपराधियों ने बताया कि उसके गैंग के सदस्य चौक चौराहों पर खड़े हो जाते थे। इनमें दो पुलिसकर्मी बनता था और दो पुलिस अधिकारी। अधिकारी बनकर दो लोग गाड़ी में ही रहते थे, जबकि दो बाइक चेकिंग करते थे। चेकिंग के दौरान दोनों ऐसे महिला और पुरुष को टारगेट करते, जो ज्यादा गहने पहने होते थे। चेकिंग के दौरान दोनों पहले बाइक रुकवाते थे, फिर



पुलिस की फर्जी आई कार्ड दिखाकर पूछताछ करते थे। गैंग के मेंबर अलग-अलग तरीके से लोगों को डराते थे। कभी कहते थे कि आगे छिनतई की घटना हुई है। पुलिस चेक कर रही है। गहना, पैसे वगैरह सब उतारकर रख लेना है। खुद से उतारने भी लगते थे। जिनका गहना चेकिंग के नाम पर उतरवाते थे, उनके गहने को झोले या पोटली में रखवा देते थे। फिर कहते थे- घर पर जाकर खोलना, अभी मत खोलना। घर पर जाकर खोलने पर उसमें कुछ नहीं रहता था। या डुप्लीकेट रहता था। ठगी के बाद सभी मेंबर्स बराबर-बराबर हिस्से में पैसा-गहना बांट लेते थे। मई 2024 में कोतवाली थाना क्षेत्र के वेद विद्यालय के आचार्य अक्षय तिवारी से भी चेकिंग के नाम पर इसी तरह से गहने उतरवा लिए थे। उनसे कहा था कि आगे देर रात मर्डर हुआ है। पुलिस चेकिंग चल रही है। गहने-वगैरह इतना पहनकर नहीं चलना है। इसके बाद खुद से उतारकर एक झोले में रखकर उन्हें गहने दे दिया। जब स्कूल पहुंचकर उन्होंने झोले से गहना निकाला तो सभी गहने डुप्लीकेट थे। फिर अक्षय तिवारी ने थाने ने शिकायत दर्ज कराई।दो-तीन घटना के बाद बदल देते थे ठिकाना गैंग के सदस्य एक शहर में 2 से 3 घटना को अंजाम देने के बाद शहर बदल देते थे। फिर दूसरे शहर में जाकर इसी तरह से घटना को अंजाम देते थे। अब तक यह गैंग बेंगलुरु, कोलकाता, मुंबई, लखनऊ, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुरुग्राम, हरियाणा, बहराइच, उत्तर प्रदेश, पटना, कदमकुआं, उऊअ बिल्डिंग, पटना के इलाके में घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इनामी बदमाश है रहमत अली रहमुतुल्ला सैफउल्ला जाफरी उर्फ रहमत अली इनामी बदमाश है। सहारनपुर, उत्तर प्रदेश की पुलिस इस पर 15 हजार रुपए का इनाम रखी है। 2023 के जुलाई महीने में दरगाह शरीफ थाने के बहराइच जनपद, उत्तर प्रदेश के अग्रसेन तिराहा के पास साढ़े सात लाख की लूट में भी शामिल था। 2013-14 में बेंगलुरु शहर में इसी तरह की घटना को अंजाम देने में जेल गया था। इसके अलावा कोलकाता, मुंबई, लखनऊ, दिल्ली में भी जेल जा चुका है। फिलहाल जमानत पर है। जेल से निकलने के बाद फिर से रहमत अली अपने धंधे में सक्रिय था।



# 'अनुपमा' में बाल श्रम की समस्या को दर्शकों तक पहुँचाया

धारावाहिक अनुपमा के हाल ही के एपिसोड में, निर्माता दीपा शाही और राजन शाही ने बाल श्रम जैसे संवेदनशील और ज्वलंत मुद्दे को प्रभावी रूप से उजागर किया। धारावाहिक की कहानी ने सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिकता पर सवाल उठाने की प्रेरणा भी दी। इस एपिसोड ने यह दिखाने का प्रयास किया कि कैसे बाल श्रम बच्चों की मासूमियत, शिक्षा और उनके बेफिक्र बचपन का अधिकार छीन लेता है। भावनात्मक दृश्यों के माध्यम से उन बच्चों की स्थिति को दर्शाया गया, जिन्हें गरीबी और सामाजिक अन्याय के कारण अपने अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है। अनुपमा के एक प्रभावशाली संवाद में, उन्होंने उन सामाजिक पाखंडों पर प्रकाश डाला जो विदेशों में कड़े नियमों का पालन करते हैं, लेकिन अपने देश में इन्हें नज़रअंदाज़ करते हैं। यह संवाद दर्शकों को सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं या सिर्फ शब्दों में सामाजिक चेतना का प्रदर्शन कर रहे हैं। कहानी ने यह भी गहराई से दिखाया कि कैसे अमीर और प्रभावशाली लोग अपनी सत्ता का उपयोग केवल अपने फायदे के लिए करते हैं, जबकि बाल श्रम जैसे मुद्दे पर उनकी नैतिक जिम्मेदारी और समाज के प्रति जवाबदेही को नजरअंदाज किया जाता है। यह एपिसोड एक आईना था, जो हर दर्शक से आत्मनिरीक्षण करने की उम्मीद करता है। इस एपिसोड को खास बनाने वाला इसका दमदार लेखन और उत्कृष्ट अभिनय है। रूपाली गांगुली ने अनुपमा के रूप में अपनी भूमिका को गहराई और ईमानदारी के साथ निभाया, जिससे हर संवाद और हर भाव चेहरे पर जिया हुआ महसूस होता है। संवाद सरल और प्रभावशाली थे, जिनमें उपदेशात्मकता का कोई स्थान नहीं था। दीपा शाही और राजन शाही ने इस मुद्दे को कहानी में इतनी सहजता से बुना कि यह दर्शकों के दिल और दिमाग में गहरे उतर गया। अनुपमा ने साबित कर दिया कि मनोरंजन के माध्यम से भी बड़े पैमाने पर जागरूकता और सामाजिक बदलाव की शुरुआत की जा सकती है। बता दें कि यह धारावाहिक एक बार फिर अपने गहरे और सामाजिक मुद्दों पर आधारित दृष्टिकोण के कारण चर्चा में है।

# नई वेब सीरीज़ 'मटका किंग' की शूटिंग में व्यस्त है कृतिका कामरा

अभिनेत्री कृतिका कामरा अपनी नई वेब सीरीज़ 'मटका किंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश में स्थित अपने फैशन ब्रांड का संचालन भी करती हैं। कृतिका अपने ब्रांड की मालिक होने के साथ-साथ उत्पादन प्रक्रिया पर भी व्यक्तिगत रूप से ध्यान देती हैं। वह नियमित रूप से स्थानीय कारीगरों और सप्लायर्स से मिलकर सुनिश्चित करती हैं कि उनके उत्पादों की गुणवत्ता बेहतरीन बनी रहे। यह दर्शाता है कि कृतिका केवल एक व्यवसायी ही नहीं, बल्कि एक सशक्त उद्यमिता का प्रतीक बन रही हैं, जो अपने ब्रांड के जरिए स्थानीय कारीगरों और कलाकारों को भी सशक्त बना रही हैं। अपने अभिनय करियर और व्यापार को संतुलित करते हुए कृतिका कहती हैं, अभिनय और व्यापार दोनों को एक साथ संभालना निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह बहुत संतोषजनक भी है। दोनों क्षेत्रों में मेरी जिम्मेदारी गहरी है। एक ओर, मैं 'मटका किंग' के जरिए ऐसी कहानियां पेश कर रही हूं जो दर्शकों के दिलों में जगह बना सकें, और दूसरी ओर, मैं एक ऐसा ब्रांड बना रही हूं जो मध्य प्रदेश के कारीगरों की कला और हुनर को दुनिया के सामने लाता है। हालांकि यह थोड़ा व्यस्त हो जाता है, लेकिन जब आप अपने काम से प्यार करते हैं, तो सारी मेहनत फलीभूत होती है।





# हमें प्रकृति को कुछ वापस करना चाहिए: प्रीति जिंटा

बालीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने इंस्टाग्राम पर अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रकृति के प्रति अपनी श्रद्धा जाहिर की और कहा, हमें प्रकृति को कुछ वापस करना चाहिए। अपने अभिनय से अलग पहचान बनाने वाली प्रीति ने लिखा, मैंने यह हिमालयन देवदार का पौधा लगभग 3 साल पहले लगाया था। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के बीच इसे बढ़ते हुए देखकर बहुत खुशी हुई, क्योंकि यहां की सर्दी बढ़ गई और सफेद हो गई। ऐसे पल जीवन को सही मायने देते हैं और यह हमें प्रकृति को कुछ वापस देने का महत्व भी बताते हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर पौधे की पहले और बाद की तस्वीरें भी साझा कीं। पहली दो तस्वीरों में प्रीति पौधे की देखभाल करती नजर आ रही हैं, जबकि आखिरी तस्वीर में वही देवदार बर्फ से ढका हुआ और 30-40 मीटर तक बढ़ चुका है। प्रीति जिंटा का जन्म शिमला, हिमाचल प्रदेश में हुआ था, और वह अपनी जड़ों से जुड़ी रहने के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय रहती हैं और अपने फैंस के साथ हमेशा नई तस्वीरें और पोस्ट शेयर करती रहती हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने अपने बेटे जय और अपनी मां के साथ की तस्वीरें साझा की थीं, जिसमें जय अपनी नानी के साथ रोटी बनाते हुए नजर आए थे। जहां तक प्रीति के आगामी प्रोजेक्ट की बात है, तो वह जल्द ही राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ सनी देओल भी मुख्य भूमिका में हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म से प्रीति का फिल्मी सफर एक और महत्वपूर्ण मोड़ लेने जा रहा है। 1998 में शाहरुख खान की फिल्म दिल से... से डेब्यू करने वाली प्रीति जिंटा का करियर शानदार रहा है, और वह दर्शकों के बीच हमेशा एक दमदार अभिनेत्री के रूप में स्थापित रही हैं।

# 15 साल की उम्र से ही शेफाली को पड़ने लगे थे मिर्गी के दौरे

कांटा लगा गाने से स्टार बनी एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला ने खुलासा किया कि मिर्गी (एपिलेप्सी) की वजह से उन्हें करियर में कई बड़े प्रोजेक्ट्स छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि सिर्फ 15 साल की उम्र से ही उन्हें मिर्गी के दौरे पड़ने लगे थे, जो किसी भी वक्त और कहीं भी आ सकते थे।

शेफाली ने कहा कि पढ़ाई के दौरान उन पर अच्छे नंबर लाने का भारी दबाव था, जिसकी वजह से वह तनाव और एंग्जायटी क । शिकार हो गईं। यह तनाव मिर्गी के रूप में उनकी जिंदगी में बड़ा रोड़ा बन गया। उन्होंने बताया कि कांटा लगा की सफलता के बाद उन्हें कई बड़े काम मिले, लेकिन मिर्गी के कारण वह उन्हें पूरा नहीं कर पाईं। लोगों ने उनसे सवाल किया कि वह अन्य प्रोजेक्ट्स में क्यों नजर नहीं आईं, लेकिन इस बीमारी ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसमें मस्तिष्क की क्षतिग्रस्त कोशिकाओं से अनियंत्रित विद्युत संकेत बनने लगते हैं। इससे व्यक्ति को बार-बार दौरे पड़ते हैं। यह रोग किसी भी उम्र में हो सकता है और यह विश्व की चौथी सबसे आम न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। शेफाली ने अपनी बीमारी से लड़ाई के दौरान समाज में मिर्गी को लेकर मौजूद शंकाओं और रूढ़ियों का भी सामना किया। हालांकि, उन्होंने बताया कि सही इलाज और नियमित चिकित्सा से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके अलावा, मिर्गी के इलाज के लिए प्राचीन योग मुद्राएं और मंत्र भी सहायक हो सकते हैं।

धार्मिक आस्थाओं के अनुसार, मिर्गी मुद्रा के दौरान भगवान गणेश, शिवजी, हनुमानजी या देवी मां के मंत्रों का जाप करने से मानसिक शांति मिलती है और रोग से राहत मिलने में मदद हो सकती है। शेफाली जरीवाला ने अपनी बीमारी को लेकर जागरूकता फैलाने की अपील की और कहा कि सही समय पर डॉक्टर से परामर्श लेना बेहद जरूरी है। आज के समय में मिर्गी का इलाज संभव है, बशर्ते इसे गंभीरता से लिया जाए। बता दें कि 2002 में कांटा लगा गाने से रातों-रात स्टार बनीं शेफाली जरीवाला का करियर उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के चलते बड़े पर्दे पर आगे नहीं बढ़ पाया।



# बेवकूफ और सीमित दिमाग वाले लोगों की कमी नहीं : अमिताभ बच्चन



बालीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन के बीच तलाक की अफवाहों के बीच बच्चन परिवार के प्रमुख सदस्य अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर एक गुप्त संदेश साझा किया है। इस संदेश को इन अटकलों पर उनकी प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा रहा है।

अमिताभ ने लिखा, बेवकूफ और सीमित दिमाग वाले लोग इस दुनिया में कभी कम नही होते। वे अपनी निजी और बिना दिमाग वाली सोच को छिपाने के लिए हर दिन नए नकली प्रोडक्ट बनाते और फैलाते हैं। उन्होंने इसे मेरा प्यार के साथ समाप्त किया। अमिताभ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी ऐसा ही एक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा, टी 5216 - कुछ भी बनाने वाले हर शब्द का अपना ही अर्थ निकालते हैं, वे अपने निजी जीवन के अनर्थ को छिपाते हैं। इस गुप्त ट्वीट के बाद उन्होंने लिखा, चुप! इस संदेश ने फैंस और मीडिया को हैरान कर दिया। ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच तलाक की अफवाहें सबसे पहले तब चर्चा में आई जब जुलाई 2024 में एक पारिवारिक समारोह में उनके अलग-अलग पहुंचने की खबरें आई। इसके बाद से मीडिया में उनके रिश्ते को लेकर कई तरह की बातें की जाने लगीं। हालांकि, पिछले दिनों एक पार्टी में दोनों को साथ देखकर उनके चाहने वालों को लगा कि शायद ये महज अफवाहें हैं। अमिताभ बच्चन के गुप्त संदेश ने इन अटकलों को लेकर और उत्सुकता बढ़ा दी है। हालांकि, बच्चन परिवार ने अब तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि यह विवाद सिर्फ अफवाह भर हो और बच्चन परिवार की यह जोड़ी हमेशा की तरह मजबूत बनी रहे। जब तक परिवार की तरफ से कोई स्पष्ट बयान नही आता, ये मामला अफवाहों और अटकलों तक ही सीमित रहेगा।

बता दें कि बॉलीवुड के प्रतिष्ठित परिवार बच्चन परिवार के चर्चित सदस्यों ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन के बीच तलाक की खबरें एक बार फिर सुर्खियों में हैं। ये अटकलें तब तेज हुई जब कुछ महीनों पहले अनंत अंबानी की शादी में ऐश्वर्या और उनकी बेटी आराध्या अलग पहुंचीं, जबकि अभिषेक और बाकी बच्चन परिवार ने समारोह में एक साथ एंट्री की। इस घटना के बाद से ही उनके रिश्ते में खटास की अफवाहें मीडिया में फैलने लगीं। हाल ही में हालांकि, इस कपल को एक पार्टी में साथ देखा गया, जिससे फैंस को राहत मिली।




# मुझे कई तरह के डांस सीखना पसंद: मौनी रॉय

अभिनेत्री मौनी रॉय का ऑन-स्क्रीन उपस्थिति से सुर्खियां बटोरना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में एक बातचीत में, उन्होंने विभिन्न डांस कला को सीखने के अपने जुनून का खुलासा किया और एक डांस-आधारित फिल्म करने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने साझा किया, मुझे विभिन्न प्रकार के डांस सीखना पसंद है, और कहा, मैं एक दिन ऐसी फिल्म पर काम करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं! पर्दे पर अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर अभिनेत्री ने खुलासा किया कि डांस उनकी लव लैंग्वेज है और यह उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है। वर्तमान में, मौनी कई रोमांचक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिससे प्रशंसकों में उत्सुकता बनी हुई है कि आगे क्या होगा। वह सक्रिय रूप से कई दिलचस्प स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं। डांस के प्रति अपने बढ़ते उत्साह और आशाजनक परियोजनाओं के साथ, मौनी रॉय अपने ऑन-स्क्रीन करिश्मा से अपने प्रशंसकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बता दें कि मौनी अक्सर अपने सोशल मीडिया के जरिए डांस के प्रति अपना दीवानगी जाहिर करती रहती हैं। वह अक्सर विभिन्न डांस शैलियों में अपने प्रदर्शन के वीडियो और इम्प्रोम्टू डांस सेशन साझा करती हैं।

# रामायण को लेकर सुर्खियों में रणबीर कपूर को...

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर अपकमिंग फिल्म रामायण को लेकर सुर्खियों में हैं। एक इंटरव्यू में रणबीर ने खुलासा किया कि उन्होंने फिल्म के पहले भाग की शूटिंग पूरी कर ली है और जल्द ही दूसरे भाग की शूटिंग शुरू करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय एक ऐसी फिल्म पर काम कर रहा हूं, जो भारत की सबसे महान कहानी है। रामायण दो भागों में बनाई जा रही है और इसका निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। फिल्म में भगवान राम का किरदार निभाना मेरे लिए गर्व और रोमांच का पल है। यह न केवल भारतीय संस्कृति और मूल्यों को दर्शाती है, बल्कि यह पारिवारिक रिश्तों और आदर्शों की गहराई को भी उजागर करती है। उन्होंने आगे कहा, यह प्रोजेक्ट मेरे लिए एक सपने जैसा है। इसमें बेहतरीन आर्टिस्ट्स और क्रिएटिव टीम शामिल है। फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने इस प्रोजेक्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खास बनाने के लिए दुनिया भर के क्रिएटर्स को जोड़ा है। जानकारी के मुताबिक, रामायण की कास्ट में कई बड़े नाम शामिल हैं। साई पल्लवी मां सीता का किरदार निभा रही हैं, जबकि केजीएफ स्टार यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। लारा दत्ता कैकेयी और सनी देओल हनुमान की भूमिका में दिखाई देंगे। इसके अलावा, शीबा चड्ढा को मंथरा के किरदार के लिए चुना गया है। फिल्म का पहला पार्ट 2026 में और दूसरा पार्ट 2027 में रिलीज होगा। पिछले महीने फिल्म की आधिकारिक घोषणा के बाद से ही दर्शकों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह है। रणबीर कपूर के अनुसार, यह फिल्म भारतीय संस्कृति और मूल्यों का एक अभूतपूर्व चित्रण है। उन्होंने भगवान राम के किरदार को निभाने को अपने करियर का सबसे बड़ा सम्मान बताया।





# फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' कर रही शानदार प्रदर्शन

देश भर में फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है। सुपर स्टार अल्लू अर्जुन के फैंस का उत्साह चरम पर है, और अब हर किसी को फिल्म के ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। पहले फिल्म के ओटीटी रिलीज को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि इसे नेटफिलक्स या हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा। चूंकि पहले भाग, 'पुष्पा- द राइज', ने अमेजन प्राइम वीडियो पर धमाकेदार सफलता हासिल की थी, इसलिए फैंस को उम्मीद थी कि इसका दूसरा पार्ट भी वहीं स्ट्रीम होगा। लेकिन मेकर्स ने इस बार इसे नेटफिलक्स पर रिलीज करने का निर्णय लिया है। नेटफिलक्स ने हाल ही में एक पोस्टर जारी कर यह पुष्टि की कि फिल्म जल्द ही तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में उपलब्ध होगी। फिल्म के ओटीटी प्रीमियर की तारीख अभी तक घोषित नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, सिनेमाघरों में रिलीज के छह से आठ हफ्ते बाद इसे नेटफिलक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। ओटीटी राइट्स को लेकर भी फिल्म चर्चा में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'पुष्पा 2' के ओटीटी राइट्स 275 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं, जो अब तक का एक बड़ा रिकॉर्ड है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत की है। ओपनिंग डे पर 164.25 करोड़ रुपये की शानदार कमाई के बाद, दूसरे दिन भी फिल्म ने 141.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। महज चार दिनों में फिल्म ने 529 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जो इसकी अपार लोकप्रियता को दर्शाता है। अल्लू अर्जुन की दमदार परफॉर्मेंस और सुकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने न केवल तेलुगु सिनेमा, बल्कि पूरे भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दर्शकों को प्रभावित किया है।

# रितेश पांडे का गाना पार्टी चलेगी फुल नाईट रिलीज

भोजपुरी सिनेमा सुपरस्टार रितेश पांडे का गाना 'पार्टी चलेगी फुल नाईट' रिलीज हो गया है। भोजपुरी फिल्म 'सनम मेरे हमराज' का गाना 'पार्टी चलेगी फुल नाईट' रिलीज किया गया है, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। सत्या सावरकर ने इस गीत को लिखा है। संगीतकार मधुकर आनंद हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर ज्योति देशपांडे और अभय सिन्हा हैं। निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। इस फिल्म का म्यूजिक राईट्स वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के पास है।



# गाबा में तीसरे टेस्ट को लेकर आस्ट्रेलिया टेंशन में, भारत दे चुका है करारी शिकस्त

## -रोहित ब्रिगेड के हौसला बुलंद, कंगारु भी उस हार को चाहेगा भुलाना





नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-आस्ट्रेलिया का तीसरा टेस्ट गाबा में होने वाला है जिसको लेकर आस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान भी कर दिया है। गाबा वह मैदान है जहां आस्ट्रेलिया को हराना मुश्किल होता है लेकिन 2021 में गाबा में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। यह बात रोहित ब्रिगेड का हौसला बुलंद कर रही है। ऑस्ट्रेलिया भी उस हार को भुलाना चाहेगा।

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि यह वक्त उस हार के बारे में सोचने का नहीं है। इसकी बजाय टीम को एडिलेड की तरह वापसी करने की अपनी क्षमता पर ध्यान देना होगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 2021 में गाबा टेस्ट मैच में ऋषभ पंत और शुभमन गिल की शानदार पारियों के दम पर हार का मजा चखाया था। यह ऑस्ट्रेलिया की इस मैदान पर 1988 के बाद पहली हार थी।

अब दोनों टीमें 14 दिसंबर से फिर आमने-सामने आने वाली हैं। यह पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट है। दोनों टीमें अभी 1-1 मैच जीत कर बराबर हैं। ऐसे में तीसरा टेस्ट बहुत अहम माना जा रहा है। मिचेल मार्श ने तीसरे टेस्ट मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन में कहा कि पहले क्या हुआ अभी हमारे पास उसके बारे में सोचने का समय नहीं है। अभी हम केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो वर्तमान में अहम हैं।

पर्थ में पहले टेस्ट मैच में हार के बाद हमने जिस तरह से वापसी की वह उसका एक उदाहरण है। इसलिए हम अपनी शैली की क्रिकेट खेलने पर ध्यान दे रहे हैं। मार्श ने अपनी फिटनेस के बारे में कहा कि मेरी पीठ में दर्द था लेकिन अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मार्श ने पहले दो टेस्ट मैच में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की लेकिन उन्होंने कहा कि यह टीम की रणनीति का हिस्सा है।

मिचेल मार्श ने तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड की फिटनेस की स्थिति का स्पष्ट ब्यौरा नहीं दिया जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे। उन्होंने गुरुवार को अभ्यास सत्र में गेंदबाजी भी नहीं की। उन्होंने कहा कि अब तक जोस का सवाल है तो वह ऐसा खिलाड़ी है जो परेशान नहीं होता और मैच में खेलने के लिए जो कुछ संभव है वह करेगा।

### टीम

**भारत:** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा/रविचंद्रन अश्विन/वाशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर) पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, जोश हेजलवुड

# पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने रोहित की फिटनेस पर सवाल उठाये



जोहांसबर्ग (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डेरिल कलिनन ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस पर सवाल उठाये हैं। कलिनन ने कहा है कि रोहत का वजन जरुरत से कहीं ज्यादा है जो उन्हें कम करना होगा। रोहित हाल में घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद से ही आलोचकों के निशाने पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में मिली हार के बाद से ही उनपर दबाव भी बढ़ गया है। रोहित पिछले काफी समय से रन भी नहीं बना पा रहे। वह एडिलेड की दोनों पारियों में असफल रहे। रोहित इस मैच में छठे नंबर पर उतरे लेकिन फिर भी रन नहीं बना पाये।

कलिनन ने रोहित फिटनेस स्तर की आलोचना की और उन्हें बड़ी टेस्ट सीरीज के लिए अयोग्य बताया है। कलिन ने कहा कि, रोहित को देखिए, फिर विराट को। दोनों में ही साफ अंतर दिखेगा। रोहित का वजन ज्यादा है और वह लंबे समय तक नहीं खेल पायेंगे। रोहित चार या पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने के लिए अच्छी शारीरिक स्थिति में नहीं हैं। रोहित ने साल 2024 की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद से केवल एक टेस्ट में अर्धशतक लगाया है। वह पिछली 12 पारियों में से 8 में दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये हैं।

# ट्रेविड हेड महान बल्लेबाज बनने की राह पर, रिकी पोंटिंग ने इस दिग्गज से की तुलना



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड आधुनिक समय के महान बल्लेबाजों में से एक बनने की राह पर हैं। एडिलेड ओवल में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर मेजबान टीम को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने में मदद की जिसके लिए हेड को 141 गेंदों पर 140 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

हेड पिछले 18 महीनों में भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं, उन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शानदार 163 रन बनाए और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप के फाइनल में मैच जीतने वाली 137 रन की पारी खेली। पोंटिंग ने कहा, 'वह उन (महान) खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें अभी महान कह सकते हैं। वह जो कर रहे हैं, उस पर कोई सवाल नहीं है क्योंकि वह जो कर रहे हैं, वह शानदार है। और कई बार ऐसा तब होता है जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। विश्व कप सेमीफाइनल, विश्व कप फाइनल, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, ऑस्ट्रेलिया में कुछ साल पहले हुई एशेज के बारे में सोचिए। बड़े पल तब होते हैं जब ट्रैविस ने खड़े होने का तरीका ढूंढ लिया है।'

# बुमराह की गेंदबाजी में कई दिग्गज तेज गेंदबाजों का मिश्रण: चैपल



सिडनी (एजेंसी)। भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि जसप्रीत बुमराह में डेनिस लिली, एंडी रॉबर्ट्स और रिचर्ड हैडली जैसे तेज गेंदबाज के गुण मौजूद हैं लेकिन वह अपनी खुद की ऐसी विरासत तैयार कर रहे हैं जो तेज गेंदबाजों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि बुमराह 'बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी' और ऑस्ट्रेलिया के बीच खड़े एकमात्र खिलाड़ी हैं।

चैपल ने लिखा, 'बुमराह का कौशल का संयोजन उन्हें अलग कतार में खड़ा करता है। उनके पास (मैल्कम) मार्शल की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने की क्षमता, लिली की आक्रामकता, रिचर्ड हैडली का नियंत्रण, रॉबर्ट्स की रणनीति, वसीम (अकरम) और वकार (यूनिस) की रिवर्स स्विंग, (ग्लेन) मैक्ग्रा की सटीकता, (डेल) स्टेन की विस्फोटकता , और (कैगिसो) रबाडा की आधुनिक बहुमुखी प्रतिभा का मिश्रण है।'

उन्होंने कहा, 'जैसा की नासिर हुसैन ने कहा, 'वह एक पूर्ण गेंदबाज है'। उसकी पीठ की सर्जरी हुई है और यह पता नहीं है कि उसका करियर कितना लंबा चलेगा लेकिन अगर उसने इसी तरह से गेंदबाजी जारी रखी तो उसका नाम भी इन चैम्पियन गेंदबाजों की तरह लिया जाएगा।'


बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की अपनी साख को मजबूत करते हुए भारत को 295 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस मैच में टीम की कप्तानी भी की थी। उन्होंने कहा, 'गुजरे जमाने के दिग्गजों ने नींव स्थापित की तो वहीं बुमराह अपनी खुद की विरासत बना रहा है। एक ऐसी विरासत जो तेज गेंदबाजों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने का माद्दा रखती है।'

ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि बुमराह की घातक यॉर्कर और अस्थिर उछाल ने मैदान पर लिली की आक्रामकता की यादें ताजा कर दीं। उन्होंने कहा, 'लिली किसी योद्धा की तरह थे। उनके पास आक्रमकता और मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने का शानदार संयोजन था। मैंने घरेलू क्रिकेट में कई बार उनका सामना किया और अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ उन्हें करीब से परखा है।'

चैपल ने कहा, 'लिली के पास लंबे समय तक बल्लेबाज को परेशान करने वाली एक लाइन-लेंथ में गेंदबाजी करने की क्षमता थी। बुमराह इस मामले में थोड़े पीछे है लेकिन अलग तरह की गेंदबाजी एक्शन से वह कारगर यॉर्कर और और बाउंसर से बल्लेबाज को परेशान कर लिली की बराबरी करते हैं।' उन्होंने कहा, 'बुमराह रॉबर्ट्स के दिमागी चपलता को साझा करते हैं। दोनों गेंदबाज बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए विविधताओं का उपयोग करते हैं। रॉबर्ट्स की तरह बुमराह भी ताकत के बजाय रणनीति पर भरोसा करते हैं।'

उन्होंने कहा, 'बुमराह ने सिर्फ 30 टेस्ट में 21.03 की औसत से 151 विकेट लिए है। विभिन्न परिस्थितियों में उत्कृष्टा हासिल करने की उनकी क्षमता मार्शल के प्रभुत्व की याद दिलाती है। बुमराह के पास पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग के साथ गेंद को सिम और स्विंग करने की कमाल की क्षमता है। मार्शल के विरुद्ध बल्लेबाजों को इसी तरह की अनिश्चितता का सामना करना पड़ता था।' चैपल ने कहा, 'जैसा कि इयान बॉथम ने मार्शल के बारे में प्रसिद्ध टिप्पणी की थी कि वह आपको कोई राहत नहीं देते है। आज बल्लेबाज भी बुमराह के बारे में ऐसी ही भावनाएं व्यक्त करते हैं।'


# पीसीबी से नाराज गिलेस्पी कोच पद छोड़ेंगे



लाहौर ।पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच जैसन गिलेस्पी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पीसीबी से नाराज चल रहे हैं और माना जा रहा है कि वह शीघ्र ही अपना पद छोड़ देंगे। पीसीबी ने जिस प्रकार पिछले कुछ महीनों में उनकी भूमिका और अधिकारों को सीमित किया है उससे वह उपेक्षित अनुभव कर रहे हैं। अक्टूबर में उन्हें टेस्ट टीम के चयन पैनल से हटा दिया गया। उन्हें कहा गया कि अब वे केवल मैच के लिए रणनीतकार हैं। कोच गैरी कर्स्टन के जाने के बाद गिलेस्पी ने अंतरिम आधार पर टीम को कोचिंग दी थी। वहीं गिलेस्पी के कहने पर टिम नीलसन की इस साल अगस्त में हाई-परफॉर्मेंस रेड-बॉल कोच बनाया गया था। उनके अनुबंध को पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रिन्यू करना था पर ऐसा नहीं किया गया है। नीलसन के अनुसार टीम अच्छी तहर से आगे बढ़ रही थी और वह दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज क तैयारी कर रहे थे पर पीसीबी ने उन्हें बताया कि उनकी सेवाओं की अब आवश्यकता नहीं है। गिलेस्पी को लगता है कि नीलसन ने खिलाड़ियों के साथ बहुत अच्छा तालमेल बनाया है। ये बात उन्होंने सार्वजनिक रूप से कई बार कही है। यही शायद उनके गुस्सा होने की वजह भी है।

# मोहम्मद नबी 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले अफगान क्रिकेटर बने

स्पोर्ट्स डेस्क ।अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले अफगान खिलाड़ी बन गए हैं। अफगानिस्तान के क्रिकेट सफर के आधार रहे 39 वर्षीय नबी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। नबी ने इस अवसर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाए। अपनी उपलब्धि पर विचार करते हुए नबी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा जारी एक वीडियो में कहा, 'मुझे खुशी है कि मैंने अपने देश के लिए 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। मुझे इस पर गर्व है।' ' इसी पारी के दौरान नबी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 चौके पूरे करके एक और उपलब्धि हासिल की जिससे अफगानिस्तान के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हो गई। नबी का अंतरराष्ट्रीय करियर अप्रैल 2009 में शुरू हुआ जब उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया। तब से उन्होंने 167 वनडे मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें उन्होंने 27.48 की औसत से 3,600 रन बनाए हैं और 32.47 की औसत से 172 विकेट लिए हैं। उनका टी20 करियर फरवरी 2010 में आयरलैंड के खिलाफ शुरू हुआ था। 130 से ज्यादा मैचों में नबी ने 22.54 की औसत से 2,209 रन बनाए हैं और 7.33 की इकॉनमी से 97 विकेट लिए हैं। टेस्ट क्रिकेट में नबी ने तीन मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 33 रन बनाए हैं और आठ विकेट लिए हैं।




# गाबा टेस्ट को लेकर शास्त्री की रोहित को सलाह.... ओपनिंग करे, ताकि टीम को शुरुवात से मजबूती मिले

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही टेस्ट सीरीज में निर्णायक मोड़ आ चुका है। इस पर पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कप्तान रोहित शर्मा को ओपनिंग की सलाह दी है। एडिलेड में दूसरे टेस्ट में भारत को 10 विकेट से मिली हार के बाद सीरीज 1-1 से बराबर है, और गाबा में शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में विजेता टीम के लिए सीरीज जीतने की संभावना प्रबल हो सकती है।

दरअसल शास्त्री ने कहा कि रोहित ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बतौर सलामी बल्लेबाज किया है। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ अपनी तकनीक और क्षमता का बार-बार प्रदर्शन किया है। शास्त्री ने कहा, अगर रोहित को ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाना है, तब उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित ने अपनी पिछली 10 पारियों में केवल एक अर्धशतक लगाया है, और मध्यक्रम में उनके प्रदर्शन ने टीम को नुकसान पहुंचाया है। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी शास्त्री की राय का समर्थन कर कहा कि ओपनिंग रोहित के लिए सबसे उपयुक्त पोजीशन है।

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की मौजूदा सलामी जोड़ी के प्रदर्शन ने प्रभावित किया है। इसके बावजूद शास्त्री का मानना है कि रोहित को ओपनिंग करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। टीम को मौजूदा जोड़ी के प्रदर्शन और रणनीतिक फैसलों के बीच संतुलन साधना होगा।

शास्त्री ने टेस्ट को सीरीज का निर्णायक मुकाबला बताया। उन्होंने कहा, जो भी टीम मैच को जीतेगी, वह सीरीज जीत सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में जीत के बाद आत्मविश्वास पा लिया है। इसके बाद अब भारत को सही संतुलन और रणनीति के साथ उतरना होगा। रोहित की ओपनिंग के फैसले से भारत को एक मजबूत शुरुआत मिलेगी, जिससे बाकी बल्लेबाज दबाव मुक्त होकर खेल सकें। वहीं, गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन विभाग में सही चयन भी टीम की सफलता के लिए अहम होगा।




# सबसे युवा विश्व चैम्पियन बनना बहुत बड़ी बात : शुभमन गिल ने गुकेश की तारीफ की



ब्रिसबेन ।सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से डी गुकेश को बधाई दी जो सबसे युवा शतरंज विश्व चैम्पियन बने हैं। गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को सिंगापुर में हुए मुकाबले में 7.5 . 6.5 से हराकर खिताब जीता। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पूर्व मीडिया से कहा, 'मैं डी गुकेश को पूरी भारतीय टीम की ओर से बधाई देना चाहता हूं। सबसे युवा विश्व शतरंज चैम्पियन बनना ही अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।' गुकेश से पहले रूस के गैरी कास्पारोव सबसे युवा विश्व चैम्पियन थे जिन्होंने 1985 में 22 वर्ष की उम्र में अनातोली कारपोव को हराकर खिताब जीता था। वह विश्वनाथन आनंद के बाद खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं।

# संन्यास के बाद भी करोड़ों की कमाई कर रहे युवराज



चंडीगढ़ ।भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को संन्यास लिए काफी समय हो गया है। इसके बाद भी युवराज विज्ञापनों से जमकर कमाई कर रहे है। वह विज्ञापनों से ही हर माह करीब एक करोड़ की कमाई कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार युवराज की नेट वर्थ करीब 291 करोड़ रुपये है। 2011 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने साल 2019 में क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद भी आज वह कई बड़े ब्रांड से जुड़े है। युवराज ने कई स्टार्टअप्स शुरू किए हैं जिससे भी उन्हें अच्छी खासी कमाई हो रही है। संपत्ति करीब 50 करोड़ से ज्यादा है. युवराज सिंह के पास मुंबई में करोड़ों रुपये की कीमत वाले दो आलीशान अपार्टमेंट हैं। उन्होंने साल 2013 में वर्ली में लग्जरी आवासीय टॉवर में दो अपार्टमेंट खरीदने के लिए 64 करोड़ खर्च किए थे। उनके पास गोवा में भी एक घर है जबकि चंडीगढ़ में के हवेली है। युवराज सिंह के पास कई लक्जरी कारें हैं। उनके पास बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटी, लॉम्बिरिगनी मरसिएलागोए बीएमडब्ल्यू एम5 ई60, बीएमडब्ल्यू एक्सएम 6रूऔर ऑडी क्यू 5 गाड़ियां है। युवराज के करियर की बात करें तो 40 टेस्ट में 1900 रन बनाए जबकि 304 वनडे में उन्होंने 8701 रन बनाए। वहीं 58 टी20 इंटरनेशनल मैचों में उनके नाम 1177 रन हैं। उन्होंने टेस्ट में 3 शतक और 11 अर्धशतक जबकि एकदिवसीय में 14 शतक और 52 अर्धशतक लगाये हैं। टी 20 में उन्होंने 1177 रन बनाए हैं। इसके साथ हीन्होंने गेंदबाजी करते हुए टेस्ट में 9 एकदिवसीय में 111 और टी20 में 28 विकेट लिए हैं। 2007 टी20 विश्वकप में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में लगातार छह छक्के लगाये थे। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण वह दर्शकों के पसंदीदा बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं।

# ऋषभ पंत के लिए पागल थे पार्थ, गोयनका ने बताया 27 करोड़ की बोली लगाने की वजह

नई दिल्ली। आईपीएल नीलामी 2025 में सिर्फ 20 मिनट में श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 2015 में कोई भी भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के 16 करोड़ से ज्यादा में नही बिका था, लेकिन जेद्दा-सऊदी अरब में मेगा नीलामी के कुछ ही मिनटों में श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत पहली बार 25 करोड़ का आंकड़ा पार कर गए। अय्यर पहले इंसान थे जिन्हें 26 करोड़ की भारी कीमत पर पंजाब किंग्स ने खरीदा था। उन्होंने पिछले साल केकेआर द्वारा 24.75 करोड़ में खरीदे गए मिशेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। श्रेयस के नाम यह रिकॉर्ड केवल 11 मिनट रहा क्योंकि लखनऊ सुपर जाइंट्स ने ऋषभ पंत को बोर्ड पर लाने के लिए 27 करोड़ खर्च कर दिए। रिकॉर्ड-तोड़ आईपीएल नीलामी के तीन सप्ताह बाद अब एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने पंत पर बोली लगाने के पीछे की बात उजागर की है। गोयनका ने कहा कि वह जानते थे कि डीसी के सह-मालिक पार्थ जिंदल पंत के लिए पागल थे और उन्हें वापस लाने के लिए कुछ भी करने को तैयार थे, इसलिए उन्हें इतनी राशि लगानी पड़ी कि डीसी उनके राइट टू मैच विकल्प का उपयोग करने के बावजूद मैच नही कर सके। गोयनका ने बताया कि पंत के लिए 27 करोड़ की बोली लगाने के पीछे विज्ञान था। दिल्ली ने श्रेयस अय्यर के लिए 26.5 करोड़ की बोली लगाई। मुझे लगा था कि पार्थ जिंदल ऋषभ पंत के लिए इतने पागल हैं कि वह आईपीएल नीलामी में एक पायदान ऊपर जाएंगे। मैंने विचार किया जहां पर वह रुकेगा हम वहां से ऊपर जाएंगे। गोयनका ने कहा कि पंत को अपनी टीम के साथ जोड़ने का मुख्य मकसद एक भारतीय एंकर को अपने साथ जोड़ना था। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए जो भी परिस्थितियां रही, उन्होंने उसे रिटेन नहीं किया वह ऋषभ को रिटेन करने के इच्छुक नहीं थे। मेरे लिए उस पर चर्चा करना या उस पर टिप्पणी करना सही नहीं है।



# वेस्टइंडीज ने बंगलादेश को चार विकेट से हराकर सीरीज में किया क्लीन स्वीप

बासटेयर (एजेंसी) । आमिर जंगू (नाबाद 104), केसी कार्टी (95) तथा गुडाकेश मोती (नाबाद 44 और एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एक दिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश को चार विकेट से हराया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया। 104 रनों की बेहतरीन पारी खेलने वाले आमिर जंगू 'प्लेयर ऑफ दि मैच' से और शरफेन रदरफोर्ड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। बांग्लादेश के 321 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 36 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये।

ब्रैंडन किंग (15), ऐलेक ऐथनेज (सात)और कप्तान शे होप (तीन) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में वेस्टइंडीज ने शरफेन रदरफोर्ड (15) के रूप में अपना चौथा विकेट 86 के स्कोर पर गवां दिए। ऐसे संकट के समय केसी कार्टी के साथ आमिर जंगू ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिये 132 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने वेस्टइंडीज के जीत की नींव रखी। 34वें ओवर में रिशाद हुसैन ने केसी कार्टी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। केसी कार्टी ने 88 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (95) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रॉस्टन चेज (12) को भी रिशाद हुसैन ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये गुडाकेश मोती ने आमिर जंगू का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए मैच विजयी साझेदारी की। आमिर जंगू ने 83 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुये (नाबाद 104) रनों की पारी खेली। वहीं गुडाकेश मोटी ने 31 गेंदों में तीन चौक और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 44) रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों ने 45.5 ओवर में छह विकेट पर 325 रन बनाकर कर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। तसकीन अहमद, नासुम अहमद और हसन महमूद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिऐ। तंजिद हसन और लिटन कुमार दास बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इन दोनों बल्लेबाजों को अल्जारी जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद सौम्य सरकार और कप्तान मेहदी हसन मिराज ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 136 रनों की साझेदारी हुई। 24वें ओवर में गुडाकेश मोटी ने सौम्य सरकार (73) को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। 30वें ओवर में शरफेन रदरफोर्ड ने मेहदी हसन मिराज (77) को रनआउट कर बंगलादेश को चौथा झटका दिया। अफिफ हुसैन ध्रुबो (15) को शरफेन रदरफोर्ड ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये महमुदउल्लाह और जाकेर अली की जोड़ी ने पारी को संभालते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। महमुदउल्लाह ने 63 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 84) रनों की पारी खेली। वहीं जाकेर अली ने 57 गेंदों में पांच चौके और दो छक्को की मदद से (नाबाद 62) रन बनाये। बंगलादेश की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 321रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट लिये। शरफेन रदरफोर्ड और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



## 400 यात्री भूखे-प्यासे 24 घंटे इस्तांबुल एयरपोर्ट पर फंसे रहे

नई दिल्ली । नई दिल्ली से मुंबई और तुर्किये के बीच यात्रा करने वाले 400 यात्री भूखे-प्यासे 24 घंटे इस्तांबुल एयरपोर्ट पर फंसे रहे। उड़ान में देरी की वजह से यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं एयरलाइन का कहना था कि परिचालन संबंधी दिक्कत की वजह से यात्रियों को दिक्कत हुई। परेशान यात्रियों ने सोशल मीडिया पर बताया कि बिना ठहरने की उचित व्यवस्था और खाना के वे ठंड में एयरपोर्ट पर ही इंतजार करते रहे। एक यात्री ने कहा, हमारी इस्तांबुल से दिल्ली के लिए फ्लाइट थी। करीब 500 यात्री एयरपोर्ट पर ही फंस गए। उड़ान का समय रात को 8 बजकर 10 मिनट था। लेकिन यह फ्लाइट अगले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट के लिए शेड्यूल कर दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक यात्री ने कहा कि दिल्ली के लिए फ्लाइट कैंसल कर दी गई। आने-जाने की सुविधा और ठहरने की सुविधा के बिना यात्रियों को सात डिग्री के तापमान में एयरपोर्ट पर ही ठिठुरना पड़ा। एक अन्य यात्री ने कहा कि इंडिगो की फ्लाइट डिजास्टर साबित हुई। यह फ्लाइट करीब 20 घंटे लेट हो गई। यात्रियों ने बताया कि पहले उड़ान को दो घंटे देरी से बताया गया। इसके बाद अचानक विमान को रद्द कर दिया गया। इसके बाद बताया गया कि अब उड़ान 12 घंटे बाद के लिए शेड्यूल कर दी गई है। इसके बाद सारे यात्री फंस गए। कुछ लोग बीमार भी थे। ना यात्रियों को भोजन दिया गया और ना ही रुकने की जगह। इंडिगो के किसी कर्मचारी ने यात्रियों से संपर्क भी नहीं किया।

## विजय दिवस समारोह में शामिल हो सकता है बांग्लादेश का प्रतिनिधिमंडल

कोलकाता । बांग्लादेश के एक प्रतिनिधिमंडल के 16 दिसंबर को कोलकाता में आयोजित होने वाले विजय दिवस समारोह में शामिल होने की संभावना है। रक्षा सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सोलह दिसंबर, 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत की याद में हर साल 'विजय दिवस' मनाया जाता है। पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी शासन का विरोध करने वाले गुरिल्ला प्रतिरोध बल का हिस्सा रहे 'मुक्ति योद्धा' और बांग्लादेशी सशस्त्र बलों के सेवारत अधिकारियों का एक बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल हर साल कोलकाता में भारतीय सेना की पूर्वी कमान द्वारा आयोजित 'विजय दिवस' समारोह में शामिल होता है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि 16 दिसंबर के समारोह में बांग्लादेश का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हो सकता है, हालांकि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की संख्या के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। सेना की पूर्वी कमान 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में विजय दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्वी कमान मुख्यालय के मेजर जनरल-जनरल स्टाफ (एमजीजीएस) मेजर जनरल मोहित सेठ ने हाल में कहा था कि 16 दिसंबर को फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा था कि 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिक भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## टॉफी के रैपर में छिपाकर रखा 17 लाख रुपये का सोना

नई दिल्ली । दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने चेकिंग के दौरान यात्री के कब्जे से टॉफी के रैपर में छिपाकर रखा 17 लाख रुपये से ज्यादा का सोना जब्त किया है। इसकी जानकारी कस्टम विभाग ने आधिकारिक बयान में दी। सीमा शुल्क विभाग की ओर से बताया गया कि राजस्थान के 22 वर्षीय भारतीय पुरुष यात्री दोहा से दिल्ली पहुंचा। जहां एयरपोर्ट पर शख्स ने यात्रा के बाद कस्टम अधिकारियों को चकमा देने की कोशिश की। लेकिन अधिकारियों के सामने उसकी चालाकी नहीं चली। अधिकारियों ने उसके सामान से बहुत सारी टॉफी बरामद की। लेकिन जांच में पता चला कि उस शख्स ने टॉफी के रैपर में 240 ग्राम (करीब) सोने की चेन छिपाकर रखी थी। अधिकारियों ने फौरन उस सोने को जब्त किया। जब्त किए गए सोने की कीमत 17.47 लाख रुपये है। सीमा शुल्क विभाग ने बताया तेज निगाह वाले अधिकारियों ने बैगेज एक्स-रे के दौरान संदिग्ध तस्वीरें देखीं, जिससे यह मीठी खोज हुई! जीवन भले ही चॉकलेट के डिब्बे जैसा हो, लेकिन सीमा शुल्क विभाग हमेशा आखिरी चीज चुनता है!

## श्वान पालने वालों के लिए बड़ी खबर, 1 जनवरी से अहमदाबाद में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

अहमदाबाद। शहर में श्वान पालने के शौकीनों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। शहर में आवारा पशुओं पर अंकुश के बाद अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) ने पालतू श्वान को लेकर बड़ा फैसला किया है। जिसके मुताबिक घर में श्वान रखने वालों को अब उसका पंजीकरण कराना होगा और यह नियम 1 जनवरी 2025 से लागू हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक एएमसी ने घर में पालतू श्वान रखने के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। 1 जनवरी से पालतू श्वान का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इतना ही नहीं पालतू श्वान और उसके रखने की जगह की तस्वीर भी एएमसी को उपलब्ध करानी होगी। पालतू श्वान रखने के लिए रु. 200 का भुगतान कर पंजीकरण कराना होगा और श्वान की तस्वीर एएमसी की वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। पालतू श्वान के पंजीकरण के लिए आवेदक को अपनी तस्वीर के अलावा अपना आधार या चुनाव कार्ड, बिजली बिल, पालतू श्वान की फोटो और उसे रखने की जगह की तस्वीर देनी होगी। इतना ही नहीं पालतू श्वान का अनिवार्य रूप से टीकाकरण भी करवाना होगा। अहमदाबाद शहर में जिन नागरिकों को अपने घर में श्वान पाल रखा है उन्हें 1 जनवरी 2025 से 90 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। ताकि एएमसी के पास आपके पालतू श्वान का संपूर्ण ब्यौरा उपलब्ध रहेगा।



# सड़क दुर्घटनाओं में भारत का रिकॉर्ड ऐसा कि, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में मुंह छिपाना पड़ता है: गडकरी


नई दिल्ली (एजेंसी)। सत्ता पक्ष से विपक्षी दलों में सर्वाधिक लोकप्रिय मंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी संसद में अपनी साफगोई और स्पष्टवादिता के लिए जाने जाते हैं। मुद्दा चाहे किसी भी दल के जनप्रतिनिधि का हो, गडकरी की कार्यशैली से प्रभावित हुए बिना कोई रह नहीं सकता।

गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के एक वक्तव्य से हर कोई दंग रह गया। जिसमें उन्होंने देश में लगातार बढ़ती जा रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अपनी गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि 'सड़क दुर्घटनाओं में कमी तो भूल जाइए, मुझे ये कहने में कोई झिझक नहीं है कि विश्व स्तर पर इस मामले में भारत का सबसे गंदा रिकॉर्ड है। मैं सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा के लिए होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुंह छिपाने की कोशिश करता हूं'। स्वीडन ने हालांकि दुनिया में जीरो दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है।

सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा बताते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि देश में सालाना होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 1.78 लाख है। उत्तर प्रदेश इस मामले में शीर्ष पर है। वहां सड़क दुर्घटनाओं के 23 हजार 652 मामले सामने आए हैं। यह कुल दुर्घटनाओं का करीब 13.7 फीसदी होता है। इसके बाद तमिलनाडु में 18 हजार 347 मामले सामने आए। जो कि 10.6 फीसदी होता है। तीसरे स्थान पर 15 हजार 366 मामलों के साथ महाराष्ट्र (9 फीसदी) है। चौथे स्थान पर 13 हजार 798 मामलों के साथ मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 8 फीसदी पर रहा। इन चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर मामले में सुधार की कोशिश का तर्क गडकरी ने सदन के समक्ष दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के शहरों में सामने आए मामलों के बारे में बताते हुए कहा कि दिल्ली में 1 हजार 457 मामले, बेंगलुरु में 915 और जयपुर में 850 सड़क दुर्घटना के मामले सामने आ चुके हैं।

### 50 फीसदी के लक्ष्य तक पहुंचने से कोसो दूर

गडकरी ने कहा कि मंत्रालय ने मौजूदा साल के अंत तक देश में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े में 50 फीसदी की कटौती का लक्ष्य रखा था। इसे हम हासिल नहीं कर सके। बल्कि यह बढ़ गए हैं। यह हमारे लिए बड़ी चिंता का विषय है कि दुर्घटनाओं में 60 फीसदी मौतें 18 से 34 साल के युवाओं की हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी सांसदों से सहयोग करने का आह्वान किया। गडकरी ने कहा कि इस मामले में समाज के सहयोग की बेहद आवश्यकता है। लोग कानून का सम्मान नहीं करते जिसकी वजह से सड़क हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी केंद्रीय मंत्री को मामले पर सदन के सभी सदस्यों को पुनः पत्र लिखकर सहयोग करने की अपील की। जिसे उन्होंने स्वीकार किया।



## निजी अस्पताल में लगी आग, 7 की मौत, कई झुलसे

**-मरने वालों में एक बच्चा और तीन महिलाएं शामिल, तीन गंभीर**



चेन्नई। तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार रात आग लगने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई झुलस गए। मरने वालों में एक बच्चा और तीन महिलाएं शामिल हैं। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक आग गुरुवार रात लगी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया। अस्पताल में फंसे लोगों को निकालने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद लोगों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस और निजी एम्बुलेंस के जरिए दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। आग डिंडीगुल जिले के तिरुचि रोड स्थित चार मंजिला अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। इसके बाद धीरे-धीरे आग ने पूरे अस्पताल को अपनी चपेट में ले लिया। शुरुआती जांच में आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे के बाद ग्रामीण विकास मंत्री पहुंची। इस हादसे को लेकर डिंडीगुल की जिला कलेक्टर ने कहा कि रात 10 बजे निजी अस्पताल में आग लगी थी। खबर मिलते ही रेस्क्यू किया गया। मरीजों को बचाकर पास के सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जिनका इलाज चल रहा है।

## अखिलेश का केंद्र पर हमला, देश की सीमाएं आज खतरे में और सुरक्षा में सेंध लगी हुई




नई दिल्ली (एजेंसी)।लोकसभा में संविधान पर चल रही चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार पर संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का हनन करने और अल्पसंख्यकों को हाशियों पर धकेलने का आरोप लगाया। यादव ने कहा कि देश की सीमाएं आज खतरे में हैं। उन्होंने कहा, सीमाओं की रक्षा करना किसी भी सरकार का प्राथमिक कर्तव्य है, लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सीमाएं सिकुड़ रही है और सीमा सुरक्षा में सेंध लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने देश में बढ़ती आर्थिक विषमता पर चिंता जताकर कहा, आज 82 करोड़ लोग सरकारी अन्न पर निर्भर हैं, जबकि मोदी सरकार अर्थव्यवस्था को ऊंचाई पर बताती है। उन्होंने सवाल उठाया कि देश की 60 प्रतिशत आबादी की प्रति व्यक्ति आय क्या है?

अल्पसंख्यकों के अधिकार और सुरक्षा

सपा प्रमुख अखिलेश ने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों, को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उनके खिलाफ हिंसा और संपत्ति नुकसान की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। अखिलेश यादव ने संविधान को लोकतंत्र की प्राणवायु और 90 प्रतिशत जनता का सुरक्षा कवच बताया। उन्होंने कहा, संविधान की प्रस्तावना इसकी आत्मा है और यही हमें समानता और न्याय की दिशा में ले जाती है।

# दिल्ली के बाद अब रांची में बढ़ा वायु प्रदूषण, जमशेदपुर-धनबाद भी पीछे नहीं

**-खुले में सांस लेना हुआ खतरनाक, मास्क लगाने की दी जा रही सलाह**




रांची (एजेंसी)। एक तरफ ठंड की मार लोग झेल रहे हैं वहीं दिल्ली की हवा भी प्रदूषित है। अब दिल्ली के साथ ही झारखंड के भी हालात बिगड़ने लगे हैं। दूषित हवा के मामले में जमशेदपुर कुछ दिनों पहले टॉप पर था लेकिन दो दिनों से वहां कुछ सुधार हुआ है अब टॉप पोजीशन पर रांची आ गया है। जी हां! पिछले दो दिनों से एयर क्वालिटी इंडेक्स रिपोर्ट में रांची 200 से पार पहुंच गया है।

वहीं, जमशेदपुर व धनबाद का आंकड़ा भी 150 के ऊपर चला गया। ताजा आंकड़ा भी काफी निराशाजनक है जिसे लेकर लोगों को सचेत रहना होगा। वहीं, घर से बाहर निकले तो मास्क जरूर लगाएं। एयर क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक पिछले 24 घंटे में रांची में प्रदूषण का स्तर सबसे ऊपर रहा। यहां एक्युआई का आंकड़ा 233, जमशेदपुर का 165 और धनबाद का 162 दर्ज किया गया है। जो सामान्य से ऊपर है। वहीं, आज रांची का सबसे ज्यादा 225, धनबाद का 166 और जमशेदपुर का 165 रहने की संभावना है। इन शहरों में खुले में सांस लेना खतरनाक हो सकता है। ऐसे में लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी जा रही है।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से प्रदूषण वाले शहर के लोगों को सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। लोगों से घर के बाहर निकलने पर मास्क जरुर लगाने को कहा जा रहा है। वहीं घर के दरवाजे-खिड़की को ज्यादातर बंद रखने को कहा है ताकि घर के अंदर धूलकण आने से रोका जा सके। संभव हो तो घर में एयर प्यूरीफायर लगा सकते हैं। बाहर धूल या गंदी जगहों पर बच्चों को खेलने न दें।

बता दें 0 से 50 के बीच में एयर क्वालिटी इंडेक्स अच्छा माना जाता है। वहीं, 51 से 100 के बीच सामान्य, 101 से 200 के बीच खराब, 201 से 300 के बीच अनहेल्दी, 301 से 400 के बीच सर्वर और 401 से 500 के बीच खतरा यानी यह डेंजर जोन में आता है इसलिए वायु प्रदूषण के बचने के लिए चेतावनी और अपील की जा रही है।

## केंद्रीय नेतृत्व ने फडणवीस को खुली छूट, मंत्रिमंडल का गठन अपने हिसाब से करें



मुंबई । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित तौर पर महाराष्ट्र मंत्रिमंडल के गठन के संबंध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को खुली छूट दे दी है। प्रोफाइल और विभाग आवंटित करने की जिम्मेदारी सीएम फडणवीस की ही होगी। राज्य के लिए महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार 14 दिसंबर को होगा। रिपोर्ट के अनुसार, बीजेपी को 20 मंत्री पद मिलने की उम्मीद है, जबकि शिवसेना और एनसीपी को 10-10 विभाग मिलने की उम्मीद है। महाराष्ट्र के नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना चुका है। महाराष्ट्र भी विकास की कहानी का हिस्सा बनने की इच्छा रखता है। सीएम फडणवीस ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल में भाजपा के संभावित मंत्रियों के नाम शॉर्टलिस्ट कर लिए गए हैं और अंतिम निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। पिछले माह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने भारी जीत दर्ज की थी। भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन ने 230 सीटें जीतीं, जबकि गठबंधन का हिस्सा छोटे दल पांच सीटों पर विजयी रहे। फडणवीस के अलावा, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजनीति, उद्योग और मनोरंजन क्षेत्र के कई नेताओं की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्रियों के रूप में शपथ ली। फडणवीस ने सत्ता-साझाकरण समझौते पर सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच मतभेदों की रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया।

## दिल्ली बीजेपी ने 5000 पन्नों के सबूतों के साथ अवैध रोहिंग्या, बांग्लादेशी, डुप्लीकेट और फर्जी पते वाले मतदाताओं के खिलाफ आपत्ति दर्ज की



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो चुनाव आयुक्तों से मुलाकात कर दिल्ली की मतदाता सूची में लाखों अवैध घुसपैठियों (रोहिंग्या और बांग्लादेशी मूल के), डुप्लीकेट, फर्जी पते वाले और मृत लोगों के नाम शामिल होने का विरोध दर्ज कराया। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग इन शिकायतों को प्राथमिकता से कानूनी आधार पर हल करे ताकि दिल्ली विधानसभा चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष हों।

वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी की चुनाव समन्वय समिति के राष्ट्रीय संयोजक ओम पाठक, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता सुबांसुरी स्वराज, दिल्ली बीजेपी मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और दिल्ली बीजेपी चुनाव समिति के संयोजक अधिवक्ता संकेत गुप्ता शामिल थे।

वीरेंद्र सचदेवा ने ECI को 5000 पन्नों के प्राथमिक सबूतों के साथ विस्तृत प्रस्तुति दी। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को बताया कि यह हैरानी की बात है कि हर बार लोकसभा चुनाव समाप्त होने और विधानसभा चुनाव शुरू होने के बीच लाखों नए मतदाता पंजीकृत होते हैं। यह संख्या वार्षिक मतदाता सारांश संशोधन की सामान्य प्रक्रिया से काफी अधिक होती है।

सचदेवा ने कहा कि अगस्त 2024 के चुनाव आयोग के एक सर्कुलर के आधार पर, बीजेपी कार्यकर्ता दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में जांच कर रहे हैं और पाया है कि बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी मतदाता पंजीकृत हैं। इसके अलावा, डुप्लीकेट, फर्जी पते और मृत मतदाता भी बड़ी संख्या में सूची में शामिल हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से अपील की कि अवैध मतदाताओं के पंजीकरण और नकली मतदान के खिलाफ अभियान चलाया जाए। उन्होंने मीडिया और रेडियो अभियानों के जरिए ऐसे मतदाताओं को सख्त चेतावनी देने की भी मांग की।

### बांसुरी स्वराज ने दिए कानूनी सबूत

सुबांसुरी स्वराज ने 18 मजबूत सबूतों की सूची प्रस्तुत की, जिनमें रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के पंजीकरण का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि कैसे कई निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में एक ही परिवार के व्यक्ति अलग-अलग EPIC नंबरों के साथ बार-बार पंजीकृत हैं। उन्होंने ऐसे मामलों का जिक्र किया जहां एक ही समुदाय के मतदाता गैर-मौजूद पते पर पंजीकृत हैं या एक ही परिवार के सदस्य एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में पंजीकृत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीएलओ अपने पवित्र कर्तव्य को निभाने में विफल हो रहे हैं। हर्ष मल्होत्रा ने आम आदमी पार्टी के गलत प्रचार पर चुनाव आयोग को विरोध से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बीजेपी केवल घुसपैठियों और फर्जी पते वाले मतदाताओं का विरोध कर रही है, न कि भारतीय मूल के मतदाताओं का। उन्होंने चुनाव आयोग से मीडिया के माध्यम से इस मामले पर स्पष्टता देने का अनुरोध किया।

# पुरुषो के खिलाफ दहेज कानून के दुरुपयोग को रोकने की मांग

**बेंगलुरु इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या के बाद सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका**



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु स्थित एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की आत्महत्या के बाद दहेज कानूनों के दुरुपयोग और दुरुपयोग के लिए दिशानिर्देश पेश करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। उत्तर प्रदेश के 34 वर्षीय तकनीकी विशेषज्ञ अतुल सुभाष की मंगलवार को बेंगलुरु में उनके आवास पर आत्महत्या से मृत्यु हो गई। सुभाष ने 24 पन्नों का एक नोट और 1.5 घंटे लंबा एक वीडियो छोड़ा, जिसमें अपनी अलग रह रही पत्नी और उसके परिवार पर उत्पीड़न और उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाया गया।

वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में अदालत से केंद्र को अपने पहले के फैसले में की गई टिप्पणियों को लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के दुरुपयोग को चिह्नित किया था, जहां पति और उसके रिश्तेदारों को पत्नी के खिलाफ घरेलू क्रूरता का आरोप लगाते हुए अनावश्यक रूप से आपराधिक मामलों में घसीटा जाता है। इसने अदालत से मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों की समीक्षा और सुधार करने और उनके दुरुपयोग को रोकने के उपाय सुझाने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, वकीलों और कानूनी न्यायविदों की एक विशेषज्ञ समिति बनाने के निर्देश जारी करने की भी मांग की। याचिका में यह भी मांग की गई है कि विवाह पंजीकरण में विवाह के दौरान दिए गए सामान और उपहारों को भी दर्ज किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा था कि अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि कानून का दुरुपयोग रोका जा सके और पति के रिश्तेदारों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए परिवार के निर्दोष सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

# अमेरिका ने क्यों नहीं सौंपा खालिस्तानी आतंकी पन्नू का बैंक डिटेल, इसके पीछे क्या है मंसूबा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। भारत ने एक मामले में अमेरिका से आतंकी पन्नू के बैंक खातों और मोबाइल नंबर्स की डिटेल मांगी थी। वॉशिंगटन ने जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया। भारत और अमेरिका के बीच आतंकवाद के खिलाफ सहयोग करने का करार है, इसके बावजूद भारतीय जांच एजेंसी की मांग को ठुकरा दिया। बता दें कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत ने यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित किया हुआ है। उस पर कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। बता दें कि पन्नू ने पंजाब और हरियाणा में स्वतंत्रता दिवस से पहले इमारतों पर तिरंगे की जगह खालिस्तान का झंडा फहराने वाले को 2,500 डॉलर देने की घोषणा की थी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने एक गंभीर मामले की छानबीन के दौरान अमेरिका से खालिस्तानी आतंकी पन्नू के बैंक खातों की डिटेल और मोबाइल फोन नंबर्स का ब्योरा मांगा। रिपोर्ट की मानें तो अमेरिका ने भारत के इस आग्रह को ठुकराते हुए इनसे जुड़ी जानकारियां साझा करने से इनकार कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों ने अपने घरेलू कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए बैंक अकाउंट डिटेल और मोबाइल फोन नंबर्स का ब्योरा साझा करने से इनकार कर दिया।

अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि जिस अपराध के लिए एनआईए की ओर से जानकारी मांगी गई थी, उसके लिए अमेरिका में सिर्फ 1 साल जेल का प्रावधान है। ऐसे में संबंधित अपराध के लिए इस तरह की जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई जा सकती हैं।एनआईए ने चार साल से भी ज्यादा पुराने मामले में पन्नू से जुड़ी डिटेल अमेरिका से मांगी थी. दरअसल, 14 अगस्त 2020 को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दो लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर मोगा के जिला प्रशासनिक परिसर में प्रवेश किया. उन्होंने छत पर खालिस्तान का झंडा फहराया और तिरंगे का अपमान किया। तत्कालीन मोगा एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल ने कहा था कि दोनों लोगों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थीं. इस मामले में फरार पन्नू के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। एनआईए इस मामले की जांच कर रही है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**